CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 19°C

देहरादून, शुक्रवार 1 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 263 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 | 12 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी का विपक्ष पर तीखा हमला पेज 2



ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग करने पर रियान पराग पर लगा भारी जुर्माना खेल टाइम्स




एग्जिट पोल की सच्चाई: लोकतंत्र का आईना सम्पादकीय



सऊदी क्राउन प्रिंस का सलाहकार बनना चाहता था एपस्टीन पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### हेलीकॉप्टर से पहली बार एक साथ दो मिसाइल लॉन्च

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ और नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में हेलीकॉप्टर से शॉर्ट रेंज नेवल एंटी-शिप मिसाइल को सफल लॉन्च किया। इस दौरान एक हेलीकॉप्टर से कुछ ही सेकंड के अंतर पर दो मिसाइलें दागी गईं। दोनों ने समुद्री जहाज के निचले हिस्से पर सटीक निशाना लगाया। इसके जरिये भारत ने साल्वो लॉन्च क्षमता को परखा। यानी एक लॉन्चर से कम समय में ज्यादा मिसाइलें दागना। यह तकनीक दुश्मन के रडार सिस्टम को चकमा दे सकती है। ओडिशा के चांदीपुर की टेस्ट रेंज में लगे रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम और टेलीमेट्री के जरिये मिसाइल की पूरी उड़ान और निशाने को ट्रैक किया गया।

### मेरठ: शादी में हर्ष फायरिंग, एक व्यक्ति की मौत

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के खड़ौली गांव में शादी समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिग ने एक व्यक्ति की जान ले ली। गुरुवार सुबह दुल्हन के स्वागत के समय हुई हर्ष फायरिंग में 45 वर्षीय राजमिस्त्री सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार खड़ौली निवासी आदेश की बारात बुधवार रात मोदीपुरम से लौटी थी। गुरुवार सुबह दूल्हा अपनी दुल्हन के साथ घर पहुंचा जहां स्वागत की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान समारोह में मौजूद दूल्हे के चाचा विक्की ने पिस्टल से कई राउंड फायर कर दिए। फायरिंग के बीच एक गोली पास खड़े सुभाष के जबड़े में जा लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के समय सुभाष अपनी पत्नी पुष्पा के साथ नवविवाहित जोड़े का स्वागत देख रहे थे।

### हज हवाई किराये में बढ़ोतरी न्यूनतम रखने का प्रयास: रिजिजू

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज यात्रा के हवाई किराये में करीब दस हज़ार रुपये की बढ़ोतरी को लेकर विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उठ रहे सवालों के बीच कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के चलते बढ़ी लागत के बावजूद सरकार ने बातचीत के जरिए किराया वृद्धि को न्यूनतम रखने का प्रयास किया है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर कहा कि असंख्य परिवारों के लिए, हज जीवन में एक बार पूरा होने वाला ऐसा सपना है जिसे उन्होंने वर्षों तक संजोकर रखा है। मैं इस भावना का तहे दिल से सम्मान करता हूं।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबद्धता का संदेश: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा।

# CISCE: कक्षा 10वीं व 12वीं के नतीजे हुए घोषित

## यूपी के कानपुर के ओजस्वित पासरीचा 100 फीसदी अंक हासिल कर 12वीं में बने टॉपर

**नई दिल्ली।** भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) गुरुवार सुबह 11 बजे आईसीएसई (कक्षा 10वीं) और आईएससी (कक्षा 12वीं) के परिणाम 2026 जारी कर दिए हैं।

इस परिणाम का इंतजार देशभर के लाखों छात्र कर रहे हैं, जिन्होंने फरवरी से अप्रैल के बीच आयोजित परीक्षाओं में भाग लिया था। छात्र अपना रिजल्ट और ऑनलाइन मार्कशीट आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। कानपुर के ओजस्वित ने आईएससी 12वीं में 100 फीसदी अंक हासिल कर नेशनल टॉपर बनते हुए इतिहास रच दिया। चिंटल्स स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मेधा का परिचय दिया है। कक्षा 12वीं की छात्रा यशी सचान ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया, वहीं कक्षा 10वीं के छात्र आदि अरोड़ा ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की आईएससी परीक्षा में भी लड़कियों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। कुल 1,702 लड़कियों में से 1,697 उत्तीर्ण हुईं। 1,845 लड़कों में से 1,838 ने परीक्षा पास की। आईएससी में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 99.66 फीसदी रहा, जो पिछले वर्ष से बेहतर है। अभिभावक और छात्र अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने नतीजे देख सकते हैं।



माता पिता के साथ खुशी जाहिर करते ओजस्वित

**कक्षा 12वीं की छात्रा यशी सचान ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम किया रोशन**

**कक्षा 10वीं के छात्र आदि अरोड़ा ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर बेहतरीन प्रदर्शन किया**

### 226 सीटें जीतेंगे हम: ममता

**कोलकाता।** बंगाल में रिकॉर्ड मतदान के बाद ममता बनर्जी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि मां, माटी और मानुष की सरकार एक बार फिर बनने जा रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी 226 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। साथ ही उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से स्ट्राग रूम की दिन-रात रखवाली करने के लिए भी कहा है। बता दें कि सीएम ममता ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में मुख्यमंत्री ममता ने जनता को संबोधन करते हुए आभार जताया और चुनाव प्रक्रिया के दौरान हुए घटनाक्रम पर गंभीर आरोप लगाए।

# गर्भपात के नियमों में अब बदलाव जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट का सख्त रुख, एम्स की क्यूरेटिव पिटीशन खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख दिखाया। 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के 30 हफ्ते की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति पर सुनवाई हुई। इस फैसले को चुनौती देने वाली एम्स की क्यूरेटिव पिटीशन पर अदालत ने आपत्ति जताई।

अदालत ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि कानून में संशोधन कर दुष्कर्म पीड़िताओं को 20 हफ्ते से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए। कोर्ट ने साफ कहा कि जब गर्भधारण दुष्कर्म के कारण हुआ हो, तो समय सीमा नहीं होनी चाहिए और कानून को समय के साथ बदलना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह बाल दुष्कर्म का मामला है और अगर गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो पीड़िता को जीवनभर मानसिक आघात झेलना पड़ेगा। अदालत ने कहा कि अगर मां को स्थायी शारीरिक नुकसान नहीं होता है तो गर्भपात किया जाना चाहिए। साथ ही एम्स को निर्देश दिया गया कि वह पीड़िता के माता-पिता को इस मुद्दे पर उचित परामर्श दे, क्योंकि अंतिम निर्णय पीड़िता और उसके परिवार का होना चाहिए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि देश में पहले से ही कई बच्चे गोद लेने के लिए हैं, कई बच्चे सड़कों पर बेसहारा हैं और इस पर माफिया भी सक्रिय हैं। यह 15 साल की बच्ची का अनचाहा गर्भ है। उसे पढ़ाई करनी चाहिए, लेकिन हम उसे मां बनने के लिए मजबूर कर रहे हैं। सोचिए उसने कितना दर्द और अपमान सहा है। वहीं, एम्स की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दलील दी कि इस अवस्था में गर्भपात संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि 30 हफ्ते में भ्रूण एक जीवित शिशु के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें गंभीर विकृतियां हो सकती हैं।

साथ ही नाबालिग मां को जीवनभर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं और भविष्य में वह मां नहीं बन पाएगी। उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चे को जन्म के बाद गोद दिया जा सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि गर्भपात का निर्णय पीड़िता और उसके माता-पिता की इच्छा पर निर्भर करेगा और एम्स की भूमिका उन्हें सूचित निर्णय लेने में मदद करने की होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने मीडिया से इस मामले की रिपोर्टिंग करते समय संवेदनशीलता बरतने और सुनवाई से संबंधित हर बात (अदालत में हुई पूरी बातचीत) को रिकॉर्ड न करने का आग्रह किया। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को फैसला सुनाते हुए कहा था किसी भी महिला, विशेषकर नाबालिग, को उसकी इच्छा के खिलाफ गर्भावस्था के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।



**केंद्र सरकार से कहा दुष्कर्म पीड़िताओं को 20 हफ्ते से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए**

### इस साल नहीं होगी एओआर परीक्षा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में वकालत की प्रैक्टिस के लिए अनिवार्य 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' (एओआर) परीक्षा 2026 को निरस्त करते हुए इसे अगले साल के लिए टाल दिया गया है। उच्चतम न्यायालय के परीक्षा सेल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

परीक्षा सेल ने आधिकारिक आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि वर्ष 2026 में एओआर परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। रजिस्ट्रार और परीक्षा बोर्ड के सचिव द्वारा जारी इस नोटिस में कहा गया है कि वर्तमान में एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड की कुल संख्या और पर्याप्त सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस साल परीक्षा न कराने का निर्णय लिया है। प्रशासन का मानना है कि फिलहाल एओआर की संख्या कार्यभार के हिसाब से पर्याप्त है, इसलिए इस प्रक्रिया को अगले वर्ष तक के लिए टाल दिया गया है। अब यह परीक्षा वर्ष 2027 में होने की संभावना है। इस परीक्षा के उम्मीदवारों को अभी परीक्षा की सटीक तिथियों और विस्तृत शेड्यूल के लिए इंतजार करना होगा, क्योंकि इसके बारे में सूचना उचित समय पर अधिसूचित की जाएगी। गौरतलब है कि एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड का दर्जा एक कठिन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर ही मिलता है।

# जब तक गोमांस जब्त न हो, वाहन जब्त करना अवैध और मनमाना

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत वाहन सीज करने के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जब तक वैज्ञानिक रूप से यह साबित न हो जाए कि बरामद मांस वास्तव में गोमांस है, तब तक वाहन को जब्त करना अवैध और मनमाना है।

यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने वाहन सीज करने के आदेश को रद्द कर दिया। याची को आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सरकार पर दो लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। यह आदेश न्यायमूर्ति संदीप जैन की पीठ ने दिया है। बागपत जिले में 18 अक्टूबर 2024 को पुलिस ने याची के वाहन को इस संदेह में पकड़ा था कि उसमें प्रतिबंधित मांस ले जाया जा रहा है। डीएम ने 16 जून 2025 को वाहन को जब्त करने का आदेश दिया। याची मोहम्मद चांद ने जब्ती आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि पशु चिकित्सक की रिपोर्ट में मांस के गोमांस होने की कोई निश्चित पुष्टि नहीं की गई थी, बल्कि उसे केवल संदिग्ध बताया गया था। कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए अधिकृत प्रयोगशाला की रिपोर्ट अनिवार्य है। इस मामले में प्रयोगशाला की कोई पुख्ता रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी, इसलिए जब्ती की पूरी प्रक्रिया अवैध है।

कोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ता का वाहन उसकी आजीविका का एकमात्र स्रोत था। पिछले 18 महीनों से वाहन के अवैध रूप से बंद रहने के कारण उसे आर्थिक क्षति हुई है। कोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेट और मंडलायुक्त के आदेशों को रद्द कर दिया। सात दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को दो लाख रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया। न्यायालय ने सरकार को यह छूट भी दी है कि वह हर्जाने की राशि संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों से वसूल सकती है।



**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार पर दो लाख का लगाया जुर्माना**

# दिल्ली से देहरादून तक तेज आंधी के साथ बारिश

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे के अंदर अलग-अलग मौसम देखने को मिला। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में कई जगह पारा 40 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

हालांकि, आंधी और हल्की बारिश से कई इलाकों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक घट भी गया। उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई। सुल्तानपुर में सबसे ज्यादा 7 मौतें हुईं। वहीं, बिहार में भी 5 लोगों की मौत हुई है। पटना में आंधी से दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। कई जिलों में पेड़ गिर गए। दिल्ली में गुरुवार को दोपहर बाद ओले गिरे। वहीं राजस्थान के कई जिलों में लगातार दूसरे दिन बारिश जारी है। कोटा में एक मकान पर बिजली गिरी। इधर उत्तराखंड के देहरादून और मसूरी में भी बारिश के साथ ओले गिरे हैं।

**यूपी व बिहार में आंधी-बारिश से 18 मरे**

### जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज डूब, पांच शव निकाले

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी डैम पर गुरुवार शाम तेज आंधी और तूफान के बीच पर्यटकों से भरा एक क्रूज हादसे का शिकार हो गया। खमरिया टापू के पास संतुलन बिगड़ने से क्रूज डूब गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इसमें 35 से अधिक लोग सवार थे। पांच लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। करीब 15 लोग सुरक्षित बचाए गए हैं, वहीं 18 लोग अब भी लापता हैं। बताया जा रहा है कि पर्यटन विभाग के द्वारा संचालित क्रूज में 35 से अधिक लोग सवार थे।

# सहायक अध्यापकों के लिए सेवा नियमावली को मंजूरी

## कक्षा 1 से 8 तक के चार सौ मदरसों को अब जिला स्तर से मिलेगी मान्यता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हो गई है। बैठक में 18 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मुख्य रूप से कुंभ मेला में किए जाने वाले स्थायी और अस्थायी कार्यों के लिए कुंभ मेला अधिकारी और गढ़वाल कमिश्नर के वित्तीय पावर दी गई है।

इसके अलावा परिवहन निगम को 250 नई बसों के खरीदने को मंजूरी मिली है। खास बात यह है कि वन दरोगा भर्ती के लिए पहले शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर स्नातक कर दिया गया है। कक्षा 1 से 8 तक के चार सौ मदरसों को अब जिला स्तर से मान्यता मिलेगी। कक्षा 9 से 12 तक के 52 मदरसों को उत्तराखंड बोर्ड से मान्यता लेनी होगी। इस संबंध में जल्द अध्यादेश लाया जाएगा।

उत्तराखंड मोटरयान संशोधित नियमावली 2026 के तहत वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक, प्रवर्तन पर्यवेक्षक और सिपाहियों का वर्दी निर्धारण को मिली मंजूरी। कुंभ मेले में एक करोड़ तक के काम को मेला अधिकारी स्वीकृत कर सकेंगे। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नियमावली 2026 के संशोधन को मिली मंजूरी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पदेन सदस्य के रूप में होंगे। एसिड अटैक विक्टिम को भी शामिल करने का लिया गया निर्णय। उत्तराखंड उप खनिज परिहार नियमावली 2023 में संशोधन को मिली मंजूरी। रॉयल्टी की दर को 7 रुपये प्रति कुंतल को बढ़ाकर 8 रुपये प्रति कुंटल किया गया। वाणिज्य कर विभाग की नियमावली में किए गए संशोधन को मिली मंजूरी। परिवहन विभाग में 250 बसों को खरीदने संबंधित प्रस्ताव को मिली मंजूरी। परिवहन निगम को शासन ने 100 बसें खरीदने की मंजूरी दी थी। जिसे अब बढ़कर 109 कर दिया है। जीएसटी की तरह 28 फीसदी से घटकर 18 फीसदी हो गई है। जिसके चलते ये निर्णय लिया गया है। उत्तराखंड अधीनस्थ वन सेवा नियमावली 2016 में संशोधन किया गया है। वन दरोगा के शैक्षिक अहर्ता को इंटरमीडिएट से बढ़कर स्नातक किया गया है। वन दरोगा की आयु सीमा बढ़ाकर 21 से 35 साल की गई। वन आरक्षी की आयु सीमा 18 से 25 वर्ष की गई। वन विभाग द्वारा वन क्षेत्रों की सीमा पर प्रस्तावित मौन पालन की नीति को मंत्रीमंडल ने स्वीकृति दी है।



**धामी कैबिनेट में 18 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

- उत्तराखंड मोटरयान संशोधन नियमावली-2026 को मंजूरी
- कक्षा 9 से 12 तक के 52 मदरसों को उत्तराखंड बोर्ड से लेना होगा एफिलिएशन
- वन दरोगा भर्ती के लिए शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट से बढ़ाकर की गई स्नातक

# बर्थडे पार्टी हत्याकांड का मुख्य आरोपी जीतू सैनी ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**खुर्जा (बुलंदशहर)।** उप्र के बुलंदशहर जिले में जन्मदिन पार्टी के दौरान हुए चर्चित तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी 50 हजार रुपये के इनामी जीतू सैनी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को ढाकर रोड क्षेत्र में पुलिस टीम और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान जीतू सैनी पुलिस से घिर गया और दोनों ओर से हुई फायरिंग में वह मारा गया। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी असलम तथा एक अन्य सिपाही घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 25 अप्रैल को खुर्जा नगर के सुभाष रोड स्थित एक जिम में जन्मदिन पार्टी के दौरान विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी दौरान जीतू सैनी ने -32 बोर पिस्टल से फायरिंग कर भाजपा नेता के परिवार के तीन सदस्यों आकाश, मनीष और अमनदीप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बताया जाता है कि पार्टी के दौरान केक लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया और तिहरे हत्याकांड में बदल गया। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।



## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर अलगाववादी सामग्री जारी करने पर केस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देने वाले और गलत जानकारी वाले वीडियो जारी करने और उसे फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को साइबर पुलिस स्टेशन श्रीनगर में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ-साथ भारतीय न्याय सं.हिता की विभिन्न धाराओं तहत यह मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई तब की गई जब पता चला कि कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देने के इरादे से वीडियो अपलोड किए और उन्हें फैलाए जो भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए नुकसानदायक थे।

### रुपए में गिरावट जारी, रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी और डॉलर की मजबूती से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया एक बार फिर 95 डॉलर प्रति बैरल के पार निकलते हुए नए निचले स्तर तक उतर गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 20 पैसे गिरकर 94.88 रुपए प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुई थी। रुपए पर आज शुरू से ही दबाव रहा। यह 13 पैसे नीचे 95.01 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और इसके बाद सीधा फिसलता हुआ 44 पैसे लुढ़ककर फिलहाल 95.32 रुपए प्रति डॉलर पर है। बीच कारोबार में पहली बार रुपया इतना कमजोर हुआ है।

# महाकुंभ भगदड़ पर इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त

## 2025 में हुई भगदड़ मामले में लिया संज्ञान, सुनाया फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ आयोग नहीं, जिला प्रशासन करेगा मुआवजे का फैसला, 30 दिन की डेडलाइन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महाकुंभ मेला 2025 की भगदड़ से जुड़े मुआवजे के दावों पर निर्देश जारी किए। कोर्ट ने कहा कि पीड़ितों या उनके आश्रितों द्वारा दायर मुआवजे के दावों पर निर्णय लेने का अधिकार न्यायिक जांच आयोग का नहीं, बल्कि जिला प्रशासन और मेला प्राधिकरण का है। मेलाधिकारी को मुआवजे के दावों पर 30 दिनों के अंदर फैसला करना होगा।

यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार और जस्टिस सत्य वीर सिंह की डिविजन बेंच ने संजय कुमार शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका में 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ में एक रिश्तेदार की मृत्यु पर मुआवजे की मांग की गई थी। अदालत ने न्यायिक जांच आयोग के सचिव द्वारा दाखिल हलफनामे का अवलोकन करते हुए कहा कि मुआवजे के दावों का निपटारा आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। आयोग का कार्य केवल घटना के कारणों की जांच करना भविष्य के लिए सुझाव देना और प्रशासनिक समन्वय की समीक्षा करना है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने न तो भगदड़ की घटना से इन्कार किया और न ही इस तथ्य से कि कुछ पीड़ितों के परिवारों को पहले ही मुआवजा दिया जा चुका है। कोर्ट ने कहा कि जब राज्य खुद घटना और नुकसान को स्वीकार कर चुका है, तो आयोग द्वारा इस बात की जांच करना आवश्यक नहीं है कि भगदड़ हुई थी या नहीं। मुआवजे की प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट बनाने के लिए अदालत ने कुछ दिशा-निर्देश तय किए।

# हज किराए पर बोझ नहीं, राहत दिलाई

नई दिल्ली, वार्ता



■ 10 हजार रुपए बढ़ोतरी पर सरकार ने स्पष्ट किया

हज यात्रा किराए में +100 की वृद्धि पर सरकार ने स्पष्टीकरण दिया है। मध्य पूर्व तनाव और एटीएफ की कीमतों में उछाल के कारण एयरलाइंस +300-400 बढ़ाने की मांग कर रही थीं। सरकार के हस्तक्षेप से यह वृद्धि केवल +100 तक सीमित रही, जिससे हज यात्रियों पर अतिरिक्त बोझ कम पड़ा।

हज यात्रा एक ऐसा सपना है, जिसे पूरा करने के लिए कई परिवार सालों तक पैसे जोड़ते हैं, लेकिन इसी सपने पर इस बार किराए की बढ़ोतरी ने सवाल खड़े कर दिए और अब सरकार को खुद सामने आकर सफाई देनी पड़ी है 10,000 रुपए की बढ़ोतरी पर उठे विवाद के बीच सरकार ने साफ कहा है कि यह कोई अतिरिक्त बोझ नहीं, बल्कि बड़े नुकसान से बचाने की कोशिश है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के मुताबिक असली कहानी कुछ और है। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण एटीएफ की कीमतों में तेज उछाल आया। इसका सीधा असर एयरफेयर पर पड़ा और एयरलाइंस ने 300 डॉलर से 400 डॉलर प्रति यात्री तक बढ़ोतरी की मांग रख दी। यहीं से सरकार और हज कमेटी की बातचीत शुरू हुई। सरकार का दावा है कि लंबी बातचीत के बाद इस बढ़ोतरी को घटाकर सिर्फ +100 प्रति यात्री तक सीमित किया गया। यानी हर यात्री के लिए +200 से +300 तक की बचत करवाई गई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी इस फैसले को लेकर भावनात्मक अपील की। उन्होंने कहा कि हज करोड़ों लोगों के लिए जिंदगी में एक बार पूरा होने वाला सपना है, हमने कोशिश की कि किसी पर ज्यादा बोझ न पड़े।

### ये शोषण है, सर्कुलर वापस ले सरकार: ओवैसी

**नई दिल्ली।** हज जाने वाले यात्रियों के किराए को लेकर एएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। ओवैसी ने लिखा कि हज कमेटी हज यात्रियों से 'हवाई किराए में अंतर' के नाम पर अतिरिक्त 10,000 की मांग कर रही है। ये तब हो रहा है, जब कुछ महीने पहले ही मुंबई से रवाना होने वाले हर यात्री से 90,844 रुपये वसूले जा चुके हैं। यह आम यात्रियों के लिए मौजूदा दरों से लगभग दोगुना है। ओवैसी ने नोटिस की फोटो भी पोस्ट मे शेयर की।ओवैसी ने कहा कि क्या हज यात्री हज कमेटी के जरिए जाने की सजा भुगत रहे हैं? ये सरासर शोषण है और कुछ नहीं। ज्यादातर हज यात्री अमीर नहीं होते, वे हज पर जाने के लिए सालों तक पैसे जमा करते हैं। उनके लिए यह कोई विलासिता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सर्कुलर को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए और हज यात्रियों से वसूले गए पैसे उन्हें वापस किए जाने चाहिए।

## महिला सुरक्षा और आरक्षण पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को घेरा

# विधानसभा में योगी का विपक्ष पर तीखा हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ गेस्ट हाउस कांड में प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री मायावती के साथ जो हुआ, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए महिला सुरक्षा, सम्मान और आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया।

मुख्यमंत्री ने 1995 के गेस्ट हाउस कांड का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री मायावती के साथ जो हुआ, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उस समय बसपा नेता का समर्थन किया और दलित बेटी के सम्मान की रक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी ने अपनी जान जोखिम में डालकर मायावती को सुरक्षित किया था। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2014 के बदायूं कांड का जिक्र करते हुए कहा कि यह मामला अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा, लेकिन उस समय की सरकार ने महिलाओं के सम्मान को बढ़ावा देने के बजाय उसे हतोत्साहित किया। उन्होंने 2016 के बुलंदशहर गैंगरेप कांड सहित अन्य घटनाओं का भी उल्लेख किया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने शाह बानो केस का हवाला दिया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद कांग्रेस ने दबाव में आकर महिला को न्याय नहीं दिया। उन्होंने कहा कि तीन तलाक के मुद्दे पर भी विपक्ष का रवैया महिला विरोधी रहा है। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके नेताओं के कई बयान महिलाओं के प्रति असंवेदनशील रहे हैं। उन्होंने आजम खान समेत अन्य नेताओं के बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे उनकी सोच उजागर होती है। उन्होंने यह भी कहा कि पूजा पाल जैसे उदाहरण बताते हैं कि किस तरह अपराधियों के सामने विपक्ष नतमस्तक रहा। उन्होंने बदायूं, बुलंदशहर, चिनहट और सुल्तानपुर जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन मामलों ने पूरे देश को झकझोर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं, पिछड़ों और दलितों के प्रति विपक्ष की संवे.दनशीलता केवल दिखावटी है। मुख्यमंत्री ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके आचरण को देखकर ष्गिरगिट भी सकुचा जाए, क्योंकि वे समय और स्थान के अनुसार अपना रुख बदलते रहते हैं।

### महिला आरक्षण पर 'जल्दबाजी' नहीं चलेगी: कांग्रेस

**लखनऊ।** महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर बुलाए जा रहे विशेष सत्र पर कांग्रेस ने सरकार की तैयारी और मंशा दोनों पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्पष्ट कहा कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर महज पांच घंटे की चर्चा पर्याप्त नहीं हो सकती। उन्होंने मांग की कि विशेष सत्र का समय बढ़ाया जाए, ताकि महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील और व्यापक प्रभाव वाले मुद्दे पर सभी पक्ष विस्तार से अपनी बात रख सकें। उनका कहना है कि यह केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी-नारी शक्ति-के अधिकारों और भागीदारी से जुड़ा विषय है। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह इस मुद्दे पर जल्दबाजी न करे और पूरे दिन से भी अधिक समय देकर गंभीर और सार्थक चर्चा सुनिश्चित करे।

# लद्दाख के नए जिलों के गठन से खड़ा हुआ विवाद

श्रीनगर, वार्ता

■ कारगिल नेताओं ने लगाया 'विभाजन के प्रयास' का आरोप

लद्दाख के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस केंद्र शासित प्रदेश में बनाए गए पांच नए जिलों का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया, वहीं कारगिल के कई राजनीतिक नेताओं ने इस कदम को सांप्रदायिक और क्षेत्रीय आधार पर क्षेत्र को विभाजित करने का 'सोचा-समझा प्रयास' करार दिया है। सक्सेना द्वारा जारी अधिसूचना के बाद नुब्रा, शाम, चांगथांग, जांस्कर और द्रास सहित पांच और जिलों को बनाए जाने से लद्दाख में जिलों की संख्या दो से बढ़कर सात हो गई। केडीए के नेता सज्जाद कारगिली ने कहा कि जिलों की कुल संख्या को दो से बढ़ाकर सात करना प्रशासनिक सुधार से अधिक लद्दाख के लोगों के एकजुट लो.कतांत्रिक और राज्य आंदोलन को विभाजित करने के उद्देश्य से उठाया गया एक सुनियोजित कदम प्रतीत होता है। उनहोंने आरोप लगाया कि यह विशेष रूप से बौद्ध और मुस्लिम समुदायों की सामूहिक आवाज को कमजोर करने का प्रयास है। एलएबी के साथ, केडीए केंद्र सरकार से बातचीत कर रहा है और लद्दाख के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों, जिनमें राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची का दर्जा, रोजगार सुरक्षा और संसदीय प्रतिनिधित्व शामिल हैं, की मांग कर रहा है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76913.50
निफ्टी 23997.55

सोना 148652 प्रति 10 ग्राम
चांदी 236882 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच फिर गिरावट

मुंबई, वार्ता



कच्चे तेल में तेजी के बाद आयी नरमी के कारण गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया और आईटी तथा फार्मा को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। गिरावट में खुलने के बाद बीएसई का सेंसेक्स दोपहर से पहले 1,237 अंक टूट गया था। हालांकि बाद में आईटी और फार्मा सेक्टरों में लिवाली से काफी हद तक वापसी करता हुआ पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 582.86 अंक (0.75 प्रतिशत) नीचे 76,913.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज करीब एक हजार अंक का उतार.चढ़ाव देखा गया। यह ऊपर 77,254.33 अंक और नीचे 76,258.86 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 180.10 अंक यानी 0.74 प्रतिशत नीचे 23,997.55 अंक पर बंद हुआ। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में आज सुबह तेजी देखी और यह 125 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया था, जो साल 2022 के बाद पहली बार देखा गया। हालांकि बाद में कच्चा तेल 115 डॉलर से नीचे उतर गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली देखी गई। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.98 प्रतिशत फिसल गया।

### सोना और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को बढ़त दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 679 रुपए बढ़कर 1,48,652 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1,47,973 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 582 रुपए बढ़कर 2,36,882 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले 30 अप्रैल को इसकी कीमत 2,36,300 लाख रुपए प्रति किलो थी। 2026 में सोना अब तक 16 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इस साल चांदी 7 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब बढ़कर 2.37 लाख रुपए पर पहुंच गई है।हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# चावल, गेहूं, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों व दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल में तेजी रही। चावल के साथ गेहूं और चीनी के भाव भी बढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ देखी गयी। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 22 रुपए बढ़कर 3,858 रुपए प्रति लक्वटंल पर पहुंच गई। गेहूं नौ रुपए की मजबूती के साथ 2,789 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। आटे भी नौ रुपए महंगा हुआ। इसके अलावा दाल-दलहनों में उतार- चढ़ाव रहा। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा पांच रिंगिट टूटकर 4,573 रिंगिट प्रति टन पर रहा। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.69 प्रतिशत सस्ता हुआ और 73.61 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 44 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 34 रुपए और सूरजमुखी तेल 26 रुपए महंगा हुआ। वनस्पति 19 रुपए और सोया तेल 14 रुपए ऊपर बोला गया। पाम ऑयल में 23 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव दो रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। चीनी भी तीन रुपए सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7665.81 रुपए, मसूर काली 8105.31 रुपए, मूंग दाल 10168.84 रुपए, उड़द दाल 10811.28 रुपए, तुअर दाल 11241.20 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2788.69 रुपए और चावल 3857.87 रुपए प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3267.70 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4306.64 रुपए और गुड़ 5021.71 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17887.49 रुपए, मूंगफली तेल 18890.65 रुपए, सूरजमुखी तेल 17474.18 रुपए, सोया तेल 14906.44 रुपए, पाम ऑयल 13435.03 रुपए और वनस्पति 14929.45 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# चुनाव आयोग इतना पक्षपाती पहले कभी नहीं रहा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** बीते दिन 5 चुनावी राज्यों (पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम, पुडुचेरी) के एग्जिट पोल में अधिकतर अनुमानों में पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी की जीत बताई जा रही है, जबकि तमिलनाडु में डीएमके, केरलम में एलडीएफ और पुड्डुचेरी में बीजेपी गठबंधन सरकार बना सकता है। इन अनुमानों पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल एक रैकेट हैं, वोट देने का अधिकार अब खतरे में है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर भी निशाना साधा। जयराम रमेश ने कहा कि इस चुनाव में चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है। आयोग इतना पक्षपाती पहले कभी नहीं रहा, जितना ज्ञानेश कुमार के समय में है। वह पिछले कुमार से भी ज्यादा पक्षपाती हैं, यह गिरावट उनके पिछले प्रमुख के समय में ही शुरू हो गई थी। यह आदमी एक खिलाड़ी है, हम चुनाव लड़ने के साथ ही इलेक्शन कमीशन से भी लड़ रहे थे।

संसद में पेश किए गए हमारे महाभियोग प्रस्ताव में उनके खिलाफ नौ आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भले ही मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव फिर से खारिज हो जाए, हम उन्हें हटाने का नोटिस फिर से देंगे। अब समय आ गया है कि वोट देने के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए। वोट देना नागरिकों का एक वैधानिक अधिकार है। नंदलाल बोस, जिन्होंने भारत के संविधान बनाने में योगदान दिया था, उनका परिवार भी मतदाता सूची में शामिल नहीं है।

# पीलीभीत में बनेगा देश का पहला बासमती और जैविक प्रशिक्षण केंद्र

नई दिल्ली, वार्ता

■ भूमि हस्तांतरण को औपचारिक रूप दिया गया, एआई-आधारित सर्वेक्षण परियोजना का शुभारंभ

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच 70 वर्ष के पट्टे समझौते पर हस्ताक्षर के माध्यम से पीलीभीत के टांडा बिजैसी में बासमती और जैविक प्रशिक्षण केंद्र-सह-प्रदर्शन फार्म की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण को औपचारिक रूप दिया गया है। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।

इसमें बताया गया है कि इस प्रस्तावित फार्म को लगभग सात एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इस केंद्र में सभागार, बासमती एवं जैविक खेती पर संग्रहालय और गैलरी, सम्मेलन कक्ष, प्रयोगशाला और जैविक खेती के लिए आवश्यक सामग्री के भंडारण की सुविधा उपलब्ध होगी। यह सुविधा बासमती एवं जैविक किसानों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में मददगार होगी और कृषि विशेषज्ञों एवं छात्रों के लिए एक संसाधन केंद्र के रूप में भी कार्य करेगी। देश में बासमती चावल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एक बार स्थापित हो जाने के पश्चात यह केंद्र देश का पहला बासमती जैविक प्रशिक्षण और प्रदर्शन फार्म होगा, जिसमें पारंपरिक और जैविक दोनों प्रकार की बासमती की खेती शामिल होगी। इस केंद्र से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के किसानों और हितधारकों को लाभ मिलने की आशा है। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए पीलीभीत को बासमती चावल के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाओं की जानकारी दी। श्री प्रसाद ने केंद्र में एआई-आधारित इंटरैक्टिव संग्रहालय स्थापित करने के साथ-साथ किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण बासमती बीज और जैविक सामग्री मुहैया कराने के लिए एक विशेष आउटलेट स्थापित करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने भारत की पहली एआई-आधारित बासमती धान सर्वेक्षण परियोजना (2026-2028) का भी अनावरण किया, जिसे एपीडा और अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ (एआरआईईए) के सहयोग से चलाया जाएगा। यह परियोजना लगभग 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करेगी, 150,000 से अधिक जमीनी स्तर के सर्वेक्षण बिंदुओं से डेटा एकत्र करेगी और 500,000 से अधिक किसानों के साथ मिलकर कार्य करेगी। इसका उद्देश्य सटीक फसल मूल्यांकन, किस्मों की पहचान, वैज्ञानिक परामर्श सेवाएं और बेहतर निर्यात योजना में सहयोग करना है। यह भी घोषणा की गई कि आगामी केंद्र को राष्ट्रीय स्तर के बासमती चावल परीक्षणों के लिए अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) केंद्र के रूप में नामित किया गया है,।

# श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस की विस्तारित सेवा

■ रेल मंत्री वैष्णव ने दिखाई हरी झंडी

**जम्मू।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यहां श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस की जम्मू तक विस्तारित सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, स्थानीय प्रतिनिधि और रेलवे के अधिकारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। गौरतलब है कि यह ट्रेन पहले श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक चलती थी, अब श्रीनगर से जम्मू तवी तक चलेगी। इस तरह से देश की सबसे आधु.निक ट्रेन सीधे जम्मू-कश्मीर के सबसे बड़े शहर और रेलवे केंद्र तक पहुंच जाएगी। इस मौके पर वैष्णव कहा कि इस ट्रेन को पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कटरा से हरी झंडी दिखाई थी और यह कटरा से श्रीनगर जाती थी। आज इस ट्रेन की सेवा का विस्तार किया गया है। अब यह ट्रेन जम्मू से श्रीनगर तक बढ़ायी जा रही है। पहले इसमें आठ कोच थे, जिनकी संख्या अब बढ़ाकर 20 कर दी गयी है। वहीं अब्दुल्ला ने कहा कि इस अवसर पर मैं वैष्णव और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। आज हमने रेलवे के माध्यम से जम्मू को कश्मीर से जोड़ दिया है। आठ कोचों से बढ़ाकर 20 कोचों वाली यह ट्रेन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अब और भी अधिक लोग आसानी से यात्रा कर सकेंगे। डॉ. सिंह ने कहा, ष्जम्मू रेलवे स्टेशन पर नयी 20-कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिससे इस इलाके में रेल सम्पर्क को काफी बढ़ावा मिला है। इस मौके पर वैष्णव, अब्दुल्ला और दूसरे गणमान्य लोग मौजूद थे।

CMYK



# मोटरयान संशोधन नियमावली 2026 को मंजूरी



■ उत्तराखंड कैबिनेट बैठक में लिए गए 18 फैसले ■ कुंभ मेला के लिए कार्यों की स्वीकृति होगी आसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड कैबिनेट की गुरुवार को हुई अहम बैठक में 18 प्रस्तावों पर मुहर लगी, जिनमें परिवहन, शिक्षा, वन और कुंभ मेला व्यवस्थाओं से जुड़े कई बड़े फैसले शामिल हैं। सरकार ने मोटरयान संशोधन नियमावली 2026 समेत कई नीतिगत बदलावों को मंजूरी दी है।

सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली ने कैबिनेट ब्रीफिंग की। बैठक में उत्तराखंड मोटरयान संशोधन नियमावली 2026 को मंजूरी दी गई है। प्रवर्तन अधिकारी भी वर्दी पहनेंगे। वहीं शहरी विकास कुंभ मेला के लिए कार्यों की स्वीकृति आसान होगी। एक करोड़ तक के मेला अधिकारी, 5 करोड़ तक के मंडलायुक्त और बाकी शासन से स्वीकृत होंगे।

## उत्तराखंड मंत्रिमंडल के मुख्य फैसले

- परिवहन विभाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड मोटर यान (संशोधन) नियमावली 2026 को मंत्रीमण्डल को अनुमोदन। मंत्रीमण्डल द्वारा परिवहन विभाग में पूर्व में सृजित पदों के सापेक्ष वर्दी निर्धारण को लेकर अनुमोदन प्रदान किया गया, जिसमें अब पुलिस विभाग के चालकों के अनुसार, प्रवर्तन चालकों का भी वर्दी का निर्धारण किया गया है।
- कुम्भ मेला-2027 को लेकर हरिद्वार में होने वाले स्थाई एवं अस्थाई निर्माण कार्यों की स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 01 करोड़ तक के कार्यों को मेलाधिकारी द्वारा तथा 05 करोड़ तक कार्यों को आयुक्त गढ़वाल मंडल द्वारा स्वीकृत किए जाने हेतु मंत्रीमण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। 05 करोड़ से अधिक के कार्यों में पूर्व की भांति शासन से स्वीकृति प्राप्त की जायेगी।
- उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नियमावली 2026 में संशोधन को कैबिनेट की मंजूरी उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नियमावली (संशोधन) 2026 के अन्तर्गत सैनिकों से संबंधित बढ़ते मामलों को देखते हुए अब जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पदेन सदस्य के रूप में नामित होंगे। इसके अतिरिक्त विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली नि:शुल्क सेवा के अन्तर्गत ऐसेड अटैक विक्टिंग को भी शामिल करने का मंत्रिमंडल द्वारा दिया गया अनुमोदन।
- औद्योगिक विकास विभाग के अन्तर्गत उत्तराखंड उप खनिज परिहार नियमावली 2023 में संशोधन करते हुए पूर्व में खनिज पर निर्धारित रॉयल्टी की दर छ7 प्रति कुंतल से बढ़ाकर छ8 प्रति क्विंटल किए जाने का निर्णय मंत्रीमण्डल द्वारा लिया गया।
- पूर्व में पारित आबकारी नीति के तहत 6 प्रतिशत वैट की दरों का निर्धारण किया गया था। आबकारी नीति के अनुसार ही वाणिज्य कर विभाग द्वारा अपनी नियमावली में 6 प्रतिशत वैट की दरों के संशोधन हेतु प्रस्ताव रखा गया था, जिस पर मंत्रीमण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।
- परिवहन विभाग द्वारा 250 बस क्रय करने के प्रस्ताव पर मंत्रिमंडल द्वारा दी गई अनुमति। परिवहन विभाग को पूर्व में शासन द्वारा 100 बस खरीदने की अनुमति दी गई थी। वर्तमान समय में जीएसटी के रेट 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत होने के चलते अब परिवहन विभाग को 100 की जगह 109 बस क्रय करने की अनुमति मंत्रीमण्डल द्वारा दी गई।
- वन विभाग के अन्तर्गत उत्तराखंड अधीनस्थ वन सेवा नियमावली, 2016 के संशोधन को कैबिनेट की मंजूरी।
- कार्मिक विभाग के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में एकल संवर्ग में एक वर्ष के भीतर प्रतीक्षा सूची प्राप्त हो गई है तो उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाए और भविष्य हेतु एक स्पष्ट एसओपी बना ली जाए, ताकि सभी विभागों और आयोगों को इसके संबंध स्पष्टता सुनिश्चित हो सके, जिस पर मंत्रीमण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।
- जिसके क्रम में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2022 में माध्यमिक स्तर के लिए विशेष शिक्षा शिक्षकों की शैक्षिक अर्हताएं तय की गई थी, उसी के अनुसार विशेष शिक्षा शिक्षक के पदों पर भर्ती के लिए उत्तराखंड विशेष शिक्षा शिक्षक नियमावली में शैक्षिक योग्यताएं रखी गई है, जिस पर मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन दिया गया।
- उत्तराखण्ड संस्कृत शिक्षा शैक्षिक संवर्ग सेवा नियमावली, 2026 के प्रख्यापन को कैबिनेट की मंजूरी।
- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत 2023 में 2010 पदों पर जेई की भर्ती हुई थी, जिसमें दिव्यांग श्रेणी के 07 पदों पर भर्ती की जानी थी, परंतु उस समय उस कैटेगरी के लोग नहीं मिल पाने की वजह से सामान्य श्रेणी से उनकी भर्ती की गई।
- पूर्व में 01 जनवरी, 2026 को मंत्रिमंडल का निर्णयनुसार पेंशन हेतु अर्हकारी सेवा और विधिमान्य अधिनियम के संबंध में 16 जनवरी, 2026 को वर्कचार्ज कर्मियों को पेंशन दिये जाने एवं उनकी सेवा की गणना के संबंध में शासनादेश निर्गत किये गये थे। इसके उपरांत कई कार्मिक द्वारा मा. उच्च न्यायालय में गए थे।
- उत्तराखंड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के अंतर्गत सूचीबद्ध 'डी' श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा सीमा को 01 करोड़ से बढ़ाकर डेढ़ करोड़ किये जाने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमति दी गई।
- उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्तमान में 21 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों है, जहां नियमित प्राचार्य है, ऐसे महाविद्यालयों में भी मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना को लागू करने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमति दी गई।
- प्रदेश में लोगों की आर्थिकी में वृद्धि करने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने एवं मानव और हाथी संघर्ष को कम करने तथा वन क्षेत्रों की सीमा में मौनपालन की सम्भावना को देखते हुए उत्तराखंड वन सीमांत मौनपालन मधुमक्खी आधारित आजीविका एवं मानव हाथी संघर्ष न्यूनीकरण नीति को मंत्रीमण्डल द्वारा अनुमति दी गई। राज्य का 70 प्रतिशत भूभाग वन अच्छादित है, जिससे वन क्षेत्रों की सीमा में मौनपालन की सम्भावना अत्याधिक है।

# धामी कैबिनेट से प्रदेश के 400 मदरसों को बड़ी राहत

■ एफिलिएशन में किए बदलाव, अब कक्षा एक से 8 तक की कक्षाएं संचालित होने वाले मदरसों को जिला स्तरीय शिक्षा समिति से ही मिल जाएगी मान्यता ■ उत्तराखंड में अब सिर्फ 52 मदरसों को ही शिक्षा परिषद से लेनी होगी संबद्धता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश में संचालित 452 मदरसों में से 400 मदरसों को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है. जिसके तहत अब कक्षा एक से 8 तक की कक्षाएं संचा. लित होने वाले मदरसों को जिला स्तरीय शिक्षा समिति से ही मान्यता मिल जाएगी। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट के सम्मुख रखा गया था. जिसे धामी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के तहत अक्टूबर 2025 में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम-2025 को अधिसूचित किया गया था. जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय की ओर से स्थापित शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता एवं संस्थानों की शैक्षिक उत्कृष्टता को सुविधाजनक बनाने और बढ़ावा देने के साथ ही अन्य कार्यों की व्यवस्था इस अधिनियम में की गई थी।

इस व्यवस्था के तहत कक्षा 1 से कक्षा 12 तक संचालित अल्पसंख्यक संस्थाओं को विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर से संबद्धता लेने का प्रावधान किया गया है।वर्तमान समय में उत्तराखंड में 452 पंजीकृत मदरसे हैं. जिनमें करीब 400 से अधिक मदरसों में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक की ही पढ़ाई कराई जाती है।ऐसे में इन मदरसों के अनुरोध और उनकी सुविधा को देखते हुए कक्षा 1 से कक्षा 8 तक का संचालन करने वाले अल्पसंख्यक संस्थाओं की संबद्धता को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया है। जिसके तहत, अब जिला स्तरीय शिक्षा समिति या फिर शासन की ओर से तय सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा. कक्षा 9 से 12 तक का संचालन करने वाले अल्पसंख्यक संस्थाओं को विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर से संबद्धता लेना अनिवार्य होगा।अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते ने कहा अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम में ये प्रावधान किया गया है कि जिन मदरसों में कक्षा एक से कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित हो रही है उन मदरसों को विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर से संबद्धता लेनी होगी। ऐसे में उत्तराखंड राज्य में रजिस्टर्ड 452 मदरसों में से 52 मदरसे ऐसे हैं जिनमें कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित हो रही हैं।

इन मदरसों को शिक्षा परिषद से मान्यता लेनी होगी। बाकी बचे 400 मदरसों को जिला स्तरीय शिक्षा समिति से मान्यता लेनी होगी। ऐसे में इसके संशोधन को कैबिनेट ने अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम में संशोधन के लिए अध्यादेश लाने को मंजूरी दे दी है।अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण एक अंब्रेला प्राधिकरण है। जिसमें सभी 6 अल्पसंख्यकों के शिक्षा संस्थानों को मान्यता अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण ही देगा, उसका एक प्रावधान ये भी था कि मदरसों समेत अन्य अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों को शिक्षा परिषद से मान्यता लेनी होगी।ये सुविधा कक्षा एक से कक्षा 8 तक संचालित होने वाले मदरसों के लिए है। ऐसे में जैसे ही आवेदन प्राप्त होंगे उसका निस्तारण भी तत्काल प्रभाव से कर दिया जाएगा।

# यात्रा के शानदार आगाज व इंतजामों पर विपक्षी आरोप राजनैतिक: भाजपा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने चार धाम यात्रा के सुव्यवस्थित, सुरक्षित और शानदार तरीके से आगे बढ़ने पर संतुष्टि जताई है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद ने यात्रा प्रबंधन और श्रृद्धालुओं की सुरक्षा के लिए धामी सरकार द्वारा किए इंतजामों को प्रयाप्त बताते हुए, आने वाले दिनों यात्रा पीक के लिए भी देवभूमि के तैयार होने का दावा किया है। उन्होंने यात्री संख्याओं और व्यवस्थाओं पर विपक्ष आरोपों को हताशा बताते हुए कहा, उनके लिए प्रदेश हित से अधिक महत्वपूर्ण 27 की चुनावी राजनीति है। जबकि हमारी सरकार और संगठन की प्राथमिकता है जनसहयोग से सुरक्षित और सफल यात्रा का संचालन। उन्होंने मीडिया द्वारा पूछे सवालों का जनाब देते हुए कहा कि देवभूमि में विश्व प्रसिद्ध



■ यात्रा पीक सीजन को अभूतपूर्व बनाने के लिए देवभूमि तैयार: भट्ट

चारधाम यात्रा इस वर्ष भी अत्यंत सुव्यवस्थित, सुरक्षित और शानदार तरीके से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए जो अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं, उसका परिणाम है कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या शुरुआत से ही लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। सरकार का यात्रा प्रबंधन पूरी तरह पर्याप्त और चाक-चौबंद है। स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर सड़क सुरक्षा और रहने-खाने की व्यवस्था तक, हर स्तर पर समुि. चत इंतजाम किए गए हैं। हमारी सरकार और संपूर्ण देवभूमि अपने श्देवतुल्य मेहमानोंश और प्रभु भक्तों के स्वागत एवं आवभगत के लिए पूरी तरह सजगता और कटिबद्धता से कार्य कर रही है।वहीं उन्होंने यात्रा को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्ष की भूमिका पर गहरा अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी पुरानी कार्यशैली के अनुरूप इस बार भी यात्रा को लेकर भ्रम और झूठ फैलाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। विपक्ष को इस बात से कोई सरोकार नहीं है कि उनके झूठे प्रचार से देवभूमि की छवि खराब हो सकती है, जिसका नकारात्मक प्रभाव यात्रा पर पड़ सकता है।

# चारधाम मॉनिटरिंग मॉडल हिमाचल में भी होगा लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** हिमाचल प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जगत सिंह नेगी ने गुरुवार को उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) का दौरा कर आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने दोनों राज्यों के बीच आपसी समन्वय एवं सहयोग को और मजबूत करने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश भौगोलिक दृष्टि से समान प्रकृति वाले पर्वतीय एवं संवेदनशील राज्य हैं, जहां भूस्खलन, अतिवृष्टि एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतियां भी लगभग समान हैं। ऐसे में दोनों राज्यों के बीच समन्वित रणनीति अपनाकर प्रभावी आपदा प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकता है।

इस दौरान मंत्री ने यूएसडीएमए द्वारा संचालित चारधाम यात्रा की



■ यूएसडीएमए की तकनीक-आधारित व्यवस्था से प्रभावित हिमाचल साझा करेगा आपदा प्रबंधन रणनीति ■ चारधाम यात्रा मॉनिटरिंग ने जीता हिमाचल का भरोसा, बढ़ेगा अंतर्राज्यीय समन्वय

मॉनिटरिंग एवं प्रबंधन प्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के माध्यम से केदारनाथ यात्रा की लाइव मॉनिटरिंग, रियल-टाइम अलर्ट सिस्टम, भीड़ प्रबंधन, मौसम एवं मार्ग की सतत निगरानी तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच त्वरित समन्वय की व्यवस्था को सराहा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का यह तकनीक-आधारित मॉडल अत्यंत प्रभावी है, जिसे हिमाचल प्रदेश में भी लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैलाश मणिमहेश, किन्नर कैलाश एवं श्रीखंड महादेव जैसी यात्राओं के दौरान इस प्रकार की प्रणाली से श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारु आवागमन एवं त्वरित आपदा प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकेगी।

इस अवसर पर सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने यूएसडीएमए की गतिविधियों एवं नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा तकनीकी नवाचारों एवं सुदृढ़ तंत्र के माध्यम से आपदा प्रबंधन व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

मंत्री ने तहसील स्तर पर गठित की जा रही क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की सराहना करते हुए इसे आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि ये टीमें आपदा के प्रारंभिक चरण में त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने यूएसडीएमए द्वारा विकसित 'भूदेव' एप एवं मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) की भी सराहना की तथा भूस्खलन प्रबंधन के क्षेत्र में दोनों राज्यों के बीच संयुक्त प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में 'भूदेव' एप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे आपदा संबंधी सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर यूप्रिपेयर के परियोजना निदेशक आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन महावीर सिंह चौहान, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीआईजी राजकुमार नेगी, अपर सचिव हिमाचल प्रदेश निशांत ठाकुर, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, यूएलएमएमसी के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार, एसके बिरला आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर जारी संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध का अहिंसा, करुणा और शान्ति का संदेश सम्पूर्ण मानवता के लिए अमूल्य निधि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षा हमें जीवन में नैतिक मूल्यों और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करती है। महात्मा बुद्ध ने विश्व कल्याण के लिए मैत्री भावना तथा बिना किसी भेदभाव के संगठित रहने पर बल दिया। मानव मात्र के लिए उनके संदेश सदैव ही प्रासंगिक बने रहेंगे।

# शिक्षा विभाग में अनुरोध के आधार पर होंगे स्थानांतरण: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग में अनुरोध की श्रेणी में आने वाले पात्र शिक्षकों के स्थानांतरण किये जायेंगे। जिसके लिये विभागीय अधिकारियों को नियत समय पर जनपदों से प्रस्ताव मांगने को कहा गया है। विद्यालयों में तैनात एकल शिक्षक के अवकाश की अवधि में निकटतम विद्यालय से दूसरे शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये गये हैं ताकि संबंधित विद्यालय में पठन-पाठन सुचारू रूप से चलाया जा सके। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों के आस-पास 150 मीटर के दायरे में संचालित शराब की दुकानों एवं पान, बीड़ी-सिगरेट, तम्बाकू आदि की दुकानों को हटाया जायेगा। इसके लिये सभी जनपदों से रिपोर्ट तलब की गई है।

सूबे के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज माध्यमिक शिक्षा निदे.



■ विभागीय अधिकारियों को दिए जिलों से शीघ्र प्रस्ताव मांगने के निर्देश ■ कहा, एकल शिक्षक के अवकाश की अवधि में हो वैकल्पिक व्यवस्था

शालय में विभागीय समीक्षा बैठक ली।

जिसमें में उन्होंने वर्तमान स्थानांतरण सत्र में अनुरोध की श्रेणियों में आने वाले शिक्षकों से प्रस्ताव आमंत्रित कर कार्रवाई के निर्देश दिये। इसके लिये सभी जनपदों के शिक्षा अधिकारियों को नियत समयावधि में प्रस्ताव मांगने को कहा गया है। प्रदेशभर के एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में पठन-पाठन को सुचारू रखने की जिम्मेदारी खण्ड शिक्षा अधिकारियों की होगी, इसके लिये एकल शिक्षक के अवकाश पर जाने की दशा में निकटतम विद्यालयों वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। इसमें लापरवाही बरतने पर संबंधित खण्ड/ उप खण्ड शिक्षा अधिकारी पर कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा बिना अवकाश स्वीकृत के अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों, बायोमैट्रिक उपस्थिति न लगाने वाले कार्मिकों, शराब के नशे पाये जाने तथा छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश खण्ड एवं जिले के अधिकारियों को दे दिये गये हैं।

विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि शासन ने किसी भी श्रेणी के शिक्षण संस्थानों के आस-पास 150 मीटर के दायरे में मंदिरा दुकान, पान-गुटका, सिगरेट, तम्बाकू आदि की बिक्री पर रोक लाने के दृष्टिगत सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई ताकि ऐसी दुकानों को हटाने की कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, प्रभारी निदेशक माध्यमिक डॉ. मुकुल कुमार सती, अपर निदेशक के.एस. रावत, परमेन्द्र कुमार, वित्त नियंत्रक विरेन्द्र कुमार, सहित देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल एवं चम्पावत जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्ति पर प्रभारी निदेशक बेसिक को दी भावपूर्ण विदाई

प्रभारी निदेशक बेसिक शिक्षा, संस्कृत शिक्षा एवं अपर निदेशक माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा गढ़वाल मण्डल कंचन देवराडी को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर विभागीय की ओर से विदाई समारोह का आयोजन कर भावपूर्ण विदाई दी। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय में आयोजित विदाई समारोह में विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्वयं पहुंचकर उन्हें शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया।

# सारा के जल संरक्षण व संवर्धन के कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताई

■ जल संरक्षण के लिए गठित स्प्रिंग एंड रिवर रिज्युविनेशन अथॉरिटी के कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में जल संरक्षण के लिए गठित स्प्रिंग एंड रिवर रिज्युविनेशन अथॉरिटी (सारा) द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सारा द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कराए जा रहे कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सारा को अगले एक वर्ष की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अगले एक वर्ष में कराए जाने वाले कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए प्रत्येक कार्य की टाइमलाइन निर्धारित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर की सभी नदियों पर एक साथ कार्य करने के बजाय प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित नदियों पर कार्य शुरू किया जाए। मुख्य सचिव ने चौकडैम की श्रृंखला तैयार किए जाने की दिशा में भी कार्यों की गति बढ़ाए जाने की बात कही। कहा कि टिहरी जनपद में बनायी गयी चौकडैम की श्रृंखला की तर्ज पर अन्य जनपदों में भी कार्य किया जाए। चेकडैम्स के मेंटेनेंस और डिसिल्टिंग को भी अपनी योजना में शामिल किए जाने पर जोर दिया।


# आईसीएसई बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आईसीएसई बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। परिणाम आते ही छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। शहर के सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया।

इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में छात्र चेतन ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में शुभेंद्र प्रताप यादव ने 89 प्रतिशत सर्वाधिक अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य केनेथ सैमुअल ने मेधावी छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व जताया है।

प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों




■ रुड़की के सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेतन और शुभेंद्र ने लहराया परचम

के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने अन्य छात्रों को भी इनसे प्रेरणा लेने की बात कही। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर में जश्न का माहौल रहा। सहपाठियों और शिक्षकों ने टॉपर्स को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्वच्छता ही सेवा: केदारनाथ में एक सप्ताह में जमा किया एक हजार किलो प्लास्टिक वेस्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** केदारनाथ धाम में उमड़ती तीर्थयात्रियों की भीड़ के बीच, नगर पंचायत केदारनाथ ने धाम को प्लास्टिक वेस्ट से मुक्त रखने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यात्रा के पहले एक सप्ताह में ही पालिका ने करीब एक हजार किलो प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित करते हुए, कॉम्पेक्ट कर लिया है। पालिका गीले कचरे के निस्तारण के लिए भी पक्के पिट बनाने जा रही है।

ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार, 22 अप्रैल को खोले गए थे। यात्रा के पहले ही दिन से धाम में तीर्थयात्रियों की रिकॉर्ड भीड़ उमड़ रही है, इस कारण धाम में भारी मात्रा में प्लास्टिक वेस्ट पहुंच रहा है, जिसका मुख्य कारण पानी की बोतलें हैं। हालांकि नगर पंचायत केदारनाथ इस स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही तैयार थी। इसके



■ ग्रीन चारधाम यात्रा के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल रंग लाई ■ एकत्रित कचरे को 15 श्रेणियों में बांटा गया, एकत्रित्र कचरे से होगी नगर पंचायत की कमाई



उत्तराखंड देवभूमि के साथ ही अपने नाजुक पारिस्थितिक तंत्र के लिए जाना जाता है। इसलिए यहां आने वाले प्रत्येक तीर्थयात्री से हमारी विनम्र अपील है कि वो प्लास्टिक वेस्ट या अन्य तरह का कचरा इधर- उधर न डालें। उत्तराखंड सरकार, तीर्थ स्थलों के साथ ही यहां की पवित्र नदियों और पर्वतराज हिमालय के पर्यावरण संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। धामों के साथ ही यात्रा मार्ग पर नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायतों के माध्यम से लगातार सफाई कराई जा रही है।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

लिए नगर पंचायत की ओर से धाम में 3 हजार वर्गफिट क्षेत्र में मटीरियल रिकवरी फैसीलिटी स्थापित की गई है।


जहां धाम में एकत्रित होने वाले प्लास्टिक वेस्ट और अन्य ठोस कचरे को जमा कर, 15 अलग-अलग श्रेणियों में छांटा जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से प्लास्टिक वेस्ट, कांच और टिन, कपड़े जैसा कचरा शामिल होता है। यही पर नगर पंचायत की ओर से कॉम्पेक्टर मशीन भी लगाई गई है, जो बोतल आदि प्लास्टिक वेस्ट को पिचक. ाकर, 30 से 40 किलो की गठरी के तौर पर तैयार कर देती है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नीरज कुकरेती ने बताया कि इस तरह पहले एक हफ्ते ही करीब एक हजार किलो प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित किया जा चुका है, जिसे अब बेचा जाएगा, इससे नगर पंचायत को राजस्व की भी प्राप्ति होगी। उन्होंने बताया कि कांच, टिन सहित दूसरे वेस्ट को भी मौके पर ही जमा किया जा रहा है, बाद में इसे भी सोनप्रयाग लाकर कबाड़ के तौर पर बेचा जाएगा।

नगर पंचायत की ओर से धाम में दो शिफ्ट में सुबह शाम सफाई कराई जा रही है। इसके लिए 55 सफाई कर्मी नियुक्त किए गए हैं, जबकि यात्रा मार्ग पर दूसरी संस्था द्वारा सफाई कराई जा रही है। इस कारण धाम में स्वच्छता बनी हुई है।

### प्रधानमंत्री कर चुके हैं अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उत्तराखंड आने वाले तीर्थ यात्रियों से सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा न फैलाने की अपील कर चुके हैं। इसी माह दिल्ली - देहरादून एक्सप्रेस वे लोकार्पण के लिए देहरादून पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों से की गई अपनी पांच अपील में, पर्यावरण संरक्षण के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने को भी शामिल किया है।

# उत्तराखंड को 150 मेगावाट अतिरिक्त बिजली आवंटित




**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुरोध पर भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने राज्य को बड़ी राहत देते हुए अतिरिक्त बिजली आवंटित करने का निर्णय लिया है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा पश्चिमी क्षेत्र के अनआवंटित बिजली पूल से उत्तराखंड को 150 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। यह आवंटन 01 मई 2026 से 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। इस फैसले से राज्य में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी और आम उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

CMYK

# श्रीनगर की आबोहवा लगातार बिगड़ी, एक्यूआई 336 दर्ज



■ जंगलों की आग, बायोमास बर्निंग और ब्लैक कार्बन प्रमुख कारण
■ भौतिकी विभाग की शोध प्रयोगशाला का द्वितीय बुलेटिन जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** लगातार बढ़ती वनाग्नि की घटनाएं, बढ़ता तापमान और ब्लैक कार्बन उत्सर्जन के चलते श्रीनगर कि आबो हवा लगातार बिगड़ती जा रही है। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग स्थित हिमालयी वातावरणीय एवं अंतरिक्ष भौतिकी शोध प्रयोगशाला द्वारा जारी द्वितीय वायु गुणवत्ता बुलेटिन में खुलासा हुआ है कि क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगातार बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार श्रीनगर में वायु गुणवत्ता लगातार खराब बनी हुई है और यह स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। विशेषज्ञों ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए जन-जागरूकता, वनाग्नि प्रबंधन और वैज्ञानिक निगरानी को तत्काल मजबूत करने की आवश्यकता बताई है। भौतिकी विभाग स्थित हिमालयी वातावरणीय एवं अंतरिक्ष भौतिकी शोध प्रयोगशाला के अनुवेष्क डॉ. आलोक सागर गौतम के नेतृत्व में शोध छात्रों द्वारा 18 अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच किए गए अध्ययन के अनुसार श्रीनगर गढ़वाल में एक्यूआई 275 से 336 के बीच दर्ज किया गया। 18 से 23 अप्रैल के दौरान एक्यूआई में तेजी से वृद्धि हुई और यह करीब 340 तक पहुंच गया, जबकि 24 से 29 अप्रैल के बीच यह 320-336 के उच्च स्तर पर स्थिर बना रहा। रिपोर्ट में बताया गया है कि शुष्क और गर्म मौसम, कम हवा की गति और जंगलों में लगी आग ने प्रदूषण को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। 24 से 27 अप्रैल के बीच तापमान लगभग 29 डिग्री सेल्सियस और आर्द्रता कम रहने से प्रदूषकों का संचय बढ़ा। हालांकि 28-29 अप्रैल को तापमान में गिरावट और आर्द्रता में वृद्धि से प्रदूषण के फैलाव में आंशिक राहत देखी गई। बताया कि अध्ययन में ब्लैक कार्बन और बायोमास बर्निंग को भी प्रमुख कारण बताया गया है। 23 अप्रैल को ब्लैक कार्बन का औसत स्तर 4714 नैनोग्राम प्रति घन मीटर से बढ़कर अधिकतम 13213 नैनोग्राम प्रति घन मीटर तक पहुंच गया, जो अत्यधिक प्रदूषण का संकेत है। बताया कि इसी अवधि में बायोमास बर्निंग का योगदान 55 प्रतिशत से बढ़कर करीब 72 प्रतिशत तक पहुंच गया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या और गंभीर हो सकती है।

# श्रीनगर में खुलेगा क्लीनिकल और हेल्थ केयर रिसर्च सेंटर

■ जल्द होगा एमओयू व सेंटर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के बेस चिकित्सालय में संयुक्त राज्य अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ मेम्फिस के डीन, प्रसिद्ध पब्लिक हेल्थ विशेषज्ञ डॉ. आशीष जोशी के प्रयासों से जल्द क्लीनिकल और हेल्थ केयर रिसर्च सेंटर खुलने जा रहा है।

सब कुछ ठीक ठाक रहा तो यह रिसर्च सेंटर गढ़वाल के चार जिलों के जनसमुदाय और चार धाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य और अवेयरनेस को लेकर रोचक तरीके से काम करेगा। रिसर्च सेंटर को लेकर जल्द एमओयू होने के साथ ही उद्घाटन होगा। बेस अस्पताल के सभागार में प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना की अध्यक्षता में संकाय सदस्य, पीजी स्टूडेंट, जूनियर रेजिडेंट के साथ बैठक लेते हुए पब्लिक हेल्थ विशेषज्ञ डॉ. आशीष जोशी ने कहा कि गढ़वाल क्षेत्र में कैसे रिसर्च के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सकता है इसके लिए क्लीनिकल और हेल्थ केयर रिसर्च सेंटर खोले जाने का निर्णय लिया गया है। इसमें संस्थान के सभी रिसर्च करने वालों को शोध में बढ़ावा देने और शोध के जरिए आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवा कैसे मिले इसको लेकर सभी को मिलकर काम करना है। यह मेडिकल कॉलेज के लिए उपलब्धि होने के साथ ही चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम होगा। इसमें फैकल्टी और एमबीबीएस छात्रों को एक मेडिकल रिसर्च साक्ष्य आधारित, नैतिक, और रोगी-केंद्रित होगा, जिसका उद्देश्य शोध करने के साथ ही उपचार में सुधार और स्वास्थ्य समस्याओं का व्यावहारिक समाधान खोजना भी होगा। इस मौके पर फाउंडेशन ऑफ हेल्थकेयर टेक्नोलॉजीज सोसाइटी नई दिल्ली के शोधकर्ता डॉ. मानसी गौनियाल, मानसी गुप्ता, डॉ. उपमा शर्मा, बेस अस्पताल के डॉ. सीएम शर्मा, डॉ. अजेय विक्रम सिंह, डॉ. दयाकृष्ण टम्टा, डॉ. एएन पांडेय, डॉ. मोहित सैनी, डॉ. सतेंद्र यादव, डॉ. लीना, डॉ. विनोद तिवारी, चीफ फार्मासिस्ट आरएस चौहान सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर .......

### तेज रफ्तार व शराब पीकर वाहन चलाने पर हो कार्रवाई : डीएम

**उत्तरकाशी।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। चारधाम यात्रा को देखते हुए जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर तत्परता से कार्य करने के निर्देश सड़क महकमें एवं पुलिस को दिए। जिलाधिकारी ने तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही ओवर लोडिंग वाहनों और मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी चालानी कार्यवाही करने को कहा। इस हेतु नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित चारधाम यात्रा में यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन करवाना सुनिश्चित करें तथा उल्लंघन करने पर वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही अमल में लाई जाय। साथ ही बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी सख्ती बरतने को कहा।जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी रोकथाम एवं सुरक्षा उपायों के निर्देश दिए तथा संवेदनशील स्थलों के सुधारीकरण कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने वाले ग्रामीण सड़क मार्ग के जक्शनों का तकनीकी सुधारीकरण किया जाय ताकि मुख्य मार्ग पर वाहनों का आवागमन सुरक्षित रहे। बैठक में अधीक्षण अभियंता लोनिवि विजय कुमार, सीएमओ डॉ.बीएस रावत,एआरटीओ सुरवर्णा नौटियाल,यातायात इंस्पेक्टर सुनील कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

### गौरीकुण्ड पुलिस की सख्त कार्रवाई, नेपाली युवक हिरासत में लिया

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा के दौरान व्यवस्था और पवित्रता बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। यात्रा पड़ावों पर अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसते हुए चौकी गौरीकुण्ड पुलिस ने एक और प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार, केदारनाथ यात्रा मार्ग पर नेपाली मूल के कुछ लोग अवैध रूप से शराब की बिक्री कर यात्रा का माहौल प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस ने अब तक एक दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर लाखों रुपये की अवैध शराब बरामद की है। पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर के निर्देश पर सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अवैध शराब के भंडारण, बिक्री और तस्करी पर सतर्क दृष्टि रखते हुए प्रभावी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। इसी क्रम में चौकी गौरीकुण्ड पुलिस ने स्थानीय सूचना तंत्र के आधार पर एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 13 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त टेकराज शाही (21 वर्ष), पुत्र धनै शाही, निवासी थाना गांव पालिका शुभ कालिका, वार्ड नं. 05, पुलिस चौकी हाउड़ी, जिला कालीकोट कर्णाली (नेपाल), हाल निवासकृकिरण जंग शाही के डेरा, मकान मालिक नवीन गोस्वामी, गौरीकुण्ड, कोतवाली सोनप्रयाग है। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली सोनप्रयाग में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह रावत और आरक्षी अर्जुन सिंह शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि केदारनाथ यात्रा की गरिमा, सुरक्षा और पवित्रता बनाए रखने के लिए अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा।

### केदारनाथ धाम में जेबकतरा गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के बीच रुद्रप्रयाग पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जेबकतरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। कोतवाली सोनप्रयाग क्षेत्र में तैनात पुलिस टीम ने को घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से तीन पर्स बरामद हुए, जिनमें अलग-अलग व्यक्तियों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड तथा कुल 6,020 रूपए नकद मिले। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने खुलासा किया कि वह मंदिर परिसर और दर्शन के लिए लगी भीड़ का फायदा उठाकर ब्लेड से पर्स काटकर चोरी करता था। उसके कब्जे से चोरी में प्रयुक्त ब्लेड का टुकड़ा भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मु.अ.सं. 12/2026 धारा 112 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शनि शर्मा पुत्र बिरमपाल निवासी गाजीवाली, श्यामपुर, जिला हरिद्वार के रूप में हुई है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में आरक्षी सन्दीप सिंह, आरक्षी सूरज बेंजवाल और आरक्षी नरेन्द्र शुक्ला शामिल रहे। गौरतलब है कि इससे पहले भी रुद्रप्रयाग पुलिस द्वारा केदारनाथ धाम में सक्रिय दो अन्य जेबकतरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से साफ है कि पुलिस तीर्थयात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है। पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अपने कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस को दें।

# आईसीएससी व आईएससी बोर्ड परीक्षा में एमडीएस का शानदार प्रदर्शन

■ समृद्धि कुडियाल 97.8% , मानसवी भट्ट 96.5% बनी टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** मसीह दिलासा स्कूल, तिलोथ उत्तरकाशी ने शैक्षणिक सत्र 2025ख्26 की आईसीएसई आईसीएसई (कक्षा 10) एवं आईएससी (कक्षा 12) बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम दर्ज कर एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परचम लहराया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर न केवल अपने अभिभावकों, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार का नाम भी गौरवान्वित किया है।आईसीएसई (कक्षा 10) के परिणामों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च उत्तीर्ण प्रतिशत हासिल किया, जिसमें कई छात्रों ने विशिष्ट श्रेणी (डिस्टिंक्शन) प्राप्त की। वहीं आईएससी ‍ (कक्षा 12) के विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन परिणाम देकर विद्यालय की उपलब्धियों में नया अध्याय जोड़ा।इस वर्ष के प्रमुख टॉपर्स में समृद्धि कुडियाल ने 97.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मानसवी भट्ट ने 96.5% अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने विशेष रूप से सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। साथ ही शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का त्वरित हो निस्तारण



■ डीएम ने दिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी गौरव कुमार द्वारा बुधवार को सीएम हेल्पलाइन 1905 पर प्राप्त शिकायतों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी । बैठक में 30 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित करते हुए उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से हेल्पलाइन मोबाइल ऐप डाउनलोड कर नियमित मॉनिटरिंग करने को भी कहा, ताकि शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायतों को बिना पर्याप्त कार्यवाही के फोर्स क्लोज न किया जाए तथा इस संबंध में विभागाध्यक्ष की संस्तुति अनिवार्य होगी। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।अतः प्रत्येक शिकायत का समाधान शिकायतकर्ता की संतुष्टि तक किया जाना आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने विभागाध्यक्ष स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित करने, शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर फीडबैक लेने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुझाव एवं डिमांड को शिकायतों की श्रेणी से पृथक रखने के भी निर्देश दिए गए।

उन्होंने बताया कि जनपद में मुख्यतः सड़क निर्माण में देरी, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति की समस्याएं तथा आपदा मुआवजे से संबंधित शिकायतें अधिक प्राप्त हो रही हैं, जिनका समाधान संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किये जाने जंहा एक ओर लोगों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास होगा वंही लोगों की शिकायतो का भी समाधान होगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, डीएफओ सर्वेश दुबे, डीडीओ केके पंत, पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह बिष्ट सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जंगलचट्टी में ‘शुल्क वसूली’ पर भड़के व्यापारी

**गौरीकुंड/रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा के प्रमुख पड़ाव गौरीकुंड क्षेत्र में इन दिनों व्यापारियों और वन विभाग के बीच विवाद गहराता नजर आ रहा है। गौरीकुंड क्षेत्रांतर्गत जंगलचट्टी में वर्षों से संचालित अस्थाई दुकानों से वन कर्मियों द्वारा शुल्क वसूले जाने के विरोध में व्यापार संघ ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया है। व्यापार संघ के अध्यक्ष रामचंद्र गोस्वामी ने बताया कि गौरीकुंड से जंगलचट्टी तक कई स्थानों पर स्थानीय व्यापारी लंबे समय से अस्थाई दुकानें लगाकर यात्रियों को आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराते आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वर्ष वन विभाग द्वारा अचानक शुल्क की मांग की जा रही है, जिसे व्यापारी जबरन वसूली के रूप में देख रहे हैं।

# हाईस्कूल में नाइशा व इंटरमीडिएट में परिशा ने मारी बाजी



■ छात्रों के प्रदर्शन को देख खुशी से झूमें शिक्षक व अभिभावक

**शाह टाइम्स संवाददता**

**श्रीनगर।** आईसीएसई बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट गुरुवार को घोषित हो गया है। नगर क्षेत्र के सेंट थेरेसा कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। छात्र नाइशा घिल्डियाल ने हाईस्कूल परीक्षा में 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, टी सरवन कुमार ने 97.60 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, दिव्यांश भट्ट ने 97.20 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में परिशा नेगी ने 96.09 प्रतिशत अंक के साथ विघालय में प्रथम स्थान, सार्थक सेमवाल ने 97.75 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, अनुष्का रौतेला ने 94.75 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट वाणिज्य वर्ग में याशिका रावत ने 91.75 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला वर्ग में प्रतिष्ठा मेवाड़ ने 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, तनिष्का ने 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और हर्षिता शुक्ला ने 92 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर ऐन्सी और विद्यालय प्रबंधक जोनसन ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इस बार विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा है। कहा कि हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में स्कूल के 28 छात्र, इंटरमीडिएट में 15 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता- पिता का नाम रोशन किया है। साथ ही उन्होने छात्रों की सफलता का श्रेय विद्यालय के समस्त शिक्षकों को दिया। विद्यालय के प्रबंधक जोस वरगीस ने भी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों की मेहनत रंग लाई उसी का परिणाम है कि विद्यालय के सभी छात्रों ने अच्छे अंको के साथ परिणाम दिया है।

### अनुप्रिया ने 93 प्रतिशत अंक पाकर मारी बाजी

श्रीनगर। आईसीएसई की बोर्ड परीक्षा गुरूवार को घोषित हो गया है। विकासखंड कीर्तिनगर के सैन्जो कॉन्वेंट स्कूल किलकिलेश्वर में कक्षा दसवीं के छात्रा अनुप्रिया ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि अंजली बंगवाल ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और आराध्य जोशी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सैन्जो स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर नेजी जोसेफ ने बताया कि दसवीं कक्षा में 37 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया की विद्यालय का परीक्षा परीणाम शत-प्रतिशत रहा है। छात्रों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर विद्यालय के मैनेजर फादर जिम्मी आइजक, प्रधानाचार्या सिस्टर नेजी जोसेफ, और विद्यालय के शिक्षकों व परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# रुद्रप्रयाग में ‘न्याय रथ’ की शुरुआत

■ अब गांव-गांव पहुंचेगी नि:शुल्क विधिक सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** न्याय को आमजन के द्वार तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग को नि:शुल्क विधिक सेवा वाहन ‘न्याय रथ’ प्राप्त हुआ है। यह पहल उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के सहयोग से शुरू की गई है, जिसे न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा है।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण की अध्यक्ष नीना अग्रवाल ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद ‘न्याय रथ’ का निरीक्षण किया और हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह रथ दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए न्याय सेवाओं का सशक्त माध्यम बनेगा, जिससे उन्हें बिना किसी बाधा के विधिक सहायता उपलब्ध हो सकेगी।

उन्होंने बताया कि ‘न्याय रथ’ के जरिए न केवल नि:शुल्क विधिक परामर्श दिया जाएगा, बल्कि लोगों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और विभिन्न कानूनी प्रावधानों के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। इससे समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में सचिव पायल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार सैनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ कुमार, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अमित कुमार एवं सिविल जज (जूनियर डिवीजन) विकास कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कालाढूंगी में झमाझम बारिश

**कालाढूंगी।** गुरुवार को कालाढूंगी और आसपास के क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। पिछले कई दिनों से मैदानी इलाकों और भावर क्षेत्र में पड़ रही तेज गर्मी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था और लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया था। बारिश के बाद न केवल लोगों के चेहरे खिल उठे, बल्कि वन्यजीवों को भी राहत मिली। बीते दिनों पानी की तलाश में जंगली जानवर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर भटकते नजर आ रहे थे।

# अलकनंदा में लापता एनआईटी के छात्र का शव बरामद

■ पांच दिनों से चल रहे सर्च ऑपेशन में मिली सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** अलकनंदा नदी में नहाने के दौरान लापता हुए एनआईटी श्रीनगर के छात्र का शव आखिरकार बरामद कर लिया गया है। घटना के बाद से कई दिनों तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद गुरूवार को शव मिला गया है। बताते चले कि बीते 26 अप्रैल की शाम करीब चार बजे बीटेक कंप्यूटर साइंस पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष के छात्र आनंद सोहन, निवासी तेलंगाना अपने दोस्तों के साथ अलकनंदा नदी में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक तेज धारा में बह गया था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस, एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें ने तत्काल सर्च एवं रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। इस दौरान सर्च ऑपरेशन को लेकर देहरादून से जल पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। छात्र की खोजबीन को लेकर मूल्यगांव तक नदी किनारे संभावित स्थानों पर लगातार खोजबीन की गई। इसके अलावा मूल्यगांव से आगे भी एसडीआरएफ की टीमों ने अभियान को विस्तार दिया। एसडीआरएफ इंस्पेक्टर मंजरी नेगी ने बताया कि तेज बहाव और गहराई के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन काफी चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन टीमों ने समन्वय और सतर्कता के साथ लगातार सर्च अभियान जारी रखा।

उन्होंने बताया कि घटना स्थल से करीब 200 मीटर आगे रानहीट के पास नदी में छात्र का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा व पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की तैयार की जा रही है। वहीं, घटना की सूचना छात्र के परिजनों को दे दी गई है। घटना के बाद से एनआईटी श्रीनगर परिसर में शोक का माहौल है। वहीं प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि नदी-नालों के पास विशेष सावधानी बरतें और तेज धारा वाले क्षेत्रों में न जाने से बचें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। सर्च अभियान में एसडीआरएफ टीम सहित 40 पीएसी की टीम हेड कांस्टेबल नवीन उनियाल, संदीप कुमार, सुमित नौटियाल, संतराम चौहान, महावीर केंद्र जल पुलिस टीम हेड कांस्टेबल विपिन कंडारी, अनुराग पाल, गोताखोर महेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

# नवनिर्मित भवन में पंचकेदार शिवलिंगों की भव्य प्रतिस्थापना



■ ओंकारेश्वर मंदिर में गूंजे वैदिक मंत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उखीमठ/रुद्रप्रयाग।** भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर में आस्था, परंपरा और वैदिक संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। नवनिर्मित भव्य भवन में पंचकेदार के शिवलिंगों की विधिवत प्रतिस्थापना वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ सम्पन्न हुई। यह पावन अवसर क्षेत्र के धार्मिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज हो गया।

कार्यक्रम के दौरान रॉवल भीमाशंकर लिंग, विद्वान आचार्यों और पंचगाई के हक-हकूकधारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और यज्ञ का शुभारंभ हुआ, जिसमें वेद ऋचाओं के मधुर और प्रभावशाली उच्चारण के बीच पंचकेदार शिवलिंगों को विधिपूर्वक नवनिर्मित भवन में प्रतिष्ठापित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और दिव्य बना रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनी। रॉवल भीमाशंकर लिंग ने अपने संबोधन में कहा कि पंचकेदार परंपरा का अत्यंत गूढ़ धार्मिक महत्व है, और इन शिवलिंगों की पुनः प्रतिष्ठा से क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने इसे धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। विद्वान आचार्यों ने वैदिक विधि-विधान के अनुसार पूजन संपन्न कराते हुए बताया कि शास्त्रों में शिवलिंगों की विधिवत प्रतिस्थापना को क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का वाहक माना गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपनी धार्मिक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाएं। हक-हकूकधारियों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि लंबे समय से नवनिर्मित भवन में शिवलिंग स्थापना की प्रतीक्षा थी, जो अब पूर्ण हो चुकी है। इससे श्रद्धालुओं को भविष्य में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और मंदिर की व्यवस्थाएं और सुदृढ़ होंगी। मंदिर प्रभारी विजेन्द्र बिष्ट ने जानकारी दी कि पंचकेदार शिवलिंग युगों से ओंकारेश्वर मंदिर में स्थापित थे, लेकिन पुराने भवन के जीर्ण-शीर्ण होने के कारण इन्हें सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से नवनिर्मित भवन में प्रतिस्थापित किया गया है। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, मंदिर समिति सदस्य प्रह्लाद पुष्वाण, प्रधान पुजारी शिव शंकर लिंग, बागेश लिंग, वेदपाठी विश्व मोहन जमलोकी, देवी प्रसाद तिवारी, सरिता बुटोला, महादेव सिंह, पूनम राणा सहित अनेक गणमान्य लोग एवं हक-हकूकधारी उपस्थित रहे। स्थानीय जनता में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। लोगों ने इसे अपनी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा एक ऐतिहासिक क्षण बताया।

# केदारनाथ धाम में योग-प्राणायाम शिविर

■ ऊंचाई की चुनौती के बीच श्रद्धालुओं को मिल रहा संबल
■ स्वास्थ्य और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बर्फीली हवाएं, कड़ाके की ठंड, सीमित ऑक्सीजन और समुद्र तल से 3000 मीटर से अधिक ऊंचाई इन विषम परिस्थितियों के बीच केदारनाथ धाम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक अत्यंत सराहनीय और जीवनदायी पहल शुरू की गई है। जिला अधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशन में बाबा केदार की पावन धरती पर योग एवं प्राणायाम शिविर का शुभारंभ किया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए न केवल राहत बल्कि संबल का भी कार्य कर रहा है।

उच्च हिमालयी क्षेत्र में पहुंचते ही कई श्रद्धालु सांस लेने में तकलीफ, अत्यधिक थकान, सिरदर्द और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं से जूझते हैं। ऐसे में यह योग-प्राणायाम शिविर उनके लिए किसी ‘संजीवनी’ से कम नहीं है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन इसमें भाग लेकर अपने स्वास्थ्य को संतुलित कर रहे हैं और यात्रा को अधिक सुरक्षित बना रहे हैं। प्रतिदिन प्रातः 10 से 11 बजे के बीच केदारनाथ मंदिर के पीछे निर्धारित स्थल पर अनुभवी योग प्रशिक्षकों द्वारा नि:शुल्क योगाभ्यास कराया जा रहा है। इस दौरान श्रद्धालु शारीरिक मजबूती के साथ-साथ मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का भी अनुभव कर रहे हैं। मंत्रोच्चार और प्राणायाम के बीच का यह वातावरण उन्हें बाबा केदार के सानिध्य में एक अलग ही दिव्य अनुभूति प्रदान कर रहा है।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ आर. एस. पाल के अनुसार, “ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ऑक्सीजन की कमी शरीर पर अतिरिक्त दबाव डालती है। ऐसे में योग और विशेष रूप से प्राणायाम शरीर को वातावरण के अनुरूप ढालने में अत्यंत प्रभावी है। यूनानी चिकित्सा पद्धति भी संतुलित जीवनशैली और श्वास नियंत्रण पर विशेष बल देती है।

# ऋषिकेश में अवैध बहुमंजिला निर्माणों पर चला सीलिंग अभियान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माणों के खिलाफ एक बार फिर कड़ा रुख अपनाते हुए ऋषिकेश क्षेत्र में बड़ा अभियान चलाया। प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत सलान गांव और निर्मल बाग इलाके में किए जा रहे अवैध बहुमंजिला भवनों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। संयुक्त सचिव गौरव चटवाल और एसडीएम ऋषिकेश के निर्देशों के बाद प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर एक के बाद एक निर्माणों को सील किया। इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है।

**निर्मल बाग बना कार्रवाई का केंद्र:** इसके बाद टीम ने निर्मल बाग ब्लॉक-बी लेन नंबर 10 में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया। यहां एक ही इलाके में कई अवैध निर्माण चिन्हित किए गए थे। अजय चौहान, रवि गुप्ता, विजय रावत और प्रवीन रमन समेत कई लोगों द्वारा किए जा रहे बहुमंजिला निर्माणों को सील किया गया।



■ एमडीडीए ने सलान गांव से निर्मल बाग तक 10 से अधिक निर्माण किए सील
■ प्राधिकरण ने साफ किया-बिना नक्शा पास निर्माण बर्दाश्त नहीं

प्राधिकरण की टीम ने सगुन शर्मा, विजय नायर, अमन नायर, विवेक नायर और अजय नायर के निर्माणाधीन भवनों पर भी कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कर दिया। अधिकारियों के अनुसार इन सभी निर्माणों में मानचित्र स्वीकृति और निर्माण मानकों का उल्लंघन पाया गया।

**प्रवर्तन टीम और पुलिस की मौजूदगी में हुई कार्रवाई:** पूरी कार्रवाई एमडीडीए की गठित प्रवर्तन टीम द्वारा की गई, जिसमें सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, सुरजीत सिंह, अवर अभियंता मनीष डिमरी, अमित भारद्वाज, प्रवेश नौटियाल, हर्षित मौठानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। इसके अलावा सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह रावत और अवर अभियंता सचिन कुमार की निगरानी में सलान गांव की कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई।

**अवैध निर्माण पर जीरो टॉलरेंस:** एमडीडीए का यह अभियान साफ संकेत देता है कि प्राधिकरण अब अवैध निर्माणों के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" नीति पर काम कर रहा है। तेजी से बढ़ते शहरी विस्तार के बीच अनियोजित निर्माण न सिर्फ शहर की सूरत बिगाड़ते हैं, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी खतरा बनते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बिना मानकों के बनाए जा रहे बहुमंजिला भवन भविष्य में बड़े हादसों का कारण बन सकते हैं। ऐसे में प्राधिकरण की यह कार्रवाई शहर की व्यवस्थित विकास योजना को लागू करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

**संदेश, लगातार जारी रहेगा अभियान:** एमडीडीए के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। जिन क्षेत्रों में अवैध निर्माण की शिकायतें मिलेंगी, वहां तत्काल निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम जनता से भी अपील की गई है कि किसी भी निर्माण कार्य को शुरू करने से पहले आवश्यक अनुमति जरूर लें।

**शहर के विकास और सुरक्षा का सवाल:** देहरादून और ऋषिकेश जैसे शहर तेजी से विस्तार कर रहे हैं। ऐसे में अनियंत्रित निर्माण न केवल ट्रैफिक, जल निक. ासी और बुनियादी सुविधाओं पर दबाव बढ़ाते हैं, बल्कि आपदा के समय जोखिम भी कई गुना बढ़ा देते हैं। एमडीडीए का यह अभियान इसी चुनौती से निपटने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

### सलान गांव में हुई पहली बड़ी कार्रवाई

अभियान की शुरुआत सलान गांव भगवंतपुर से हुई, जहां करन गुप्ता द्वारा बिना अनुमति के बहुमंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत मानचित्र के किसी भी प्रकार का निर्माण पूरी तरह अवैध है और इस पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### अवैध निर्माण किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा : बंशीधर तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर प्रवर्तन टीम को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जो लोग बिना मानचित्र स्वीकृति के बहुमंजिला भवन बना रहे हैं, उनके खिलाफ सीलिंग, ध्वस्तीकरण और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि निर्माण शुरू करने से पहले सभी आवश्यक अनुमतियां अवश्य लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### ऋषिकेश क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा : बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि ऋषिकेश क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जिन निर्माणों में मानकों का उल्लंघन पाया जा रहा है, उन्हें चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ क्षेत्र में निगरानी कर रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# गांधी बस्ती में हो रहा गलत चिन्हीकरण: डॉ. गोगी

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** महानगर कांग्रेस कमेटी देहरादून के अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने चंद्र रोड स्थित गांधी बस्ती (सूरज बस्ती) में गलत चिन्हीकरण के आधार पर की जा रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर गहरा रोष व्यक्त किया है।

डॉ. गोगी ने कहा कि यह बस्ती वर्षों पुरानी है और यहां के अधिकांश निर्माण निजी भूमि पर हुए हैं।

पिछले लगभग 50 वर्षों से सैकड़ों परिवार यहां निवास कर रहे हैं तथा नगर निगम की और से सड़क, पानी, स्कूल जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। इसके बावजूद हाल ही में विभिन्न विभागों की और से बिना स्पष्टता के नोटिस जारी कर बस्ती को उजाड़ने की कार्रवाई की जा रही है, जो पूरी तरह अनुचित है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार का चिन्हीकरण किया भी जाता है, तो वह एक समान मापदंडों के अनुसार होना चाहिए।

■ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर जताया गहरा रोष

डॉ. गोगी ने प्रशासन से मांग की कि, गलत चिन्हीकरण को तुरंत रोका जाए और पुनः सर्वे कर निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। जब तक स्पष्ट एवं न्यायसंगत मापदंड तय न हों, तब तक किसी भी प्रकार का ध्वस्तीकरण न किया जाए। सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ मदन लाल, प्रदेश महासि. चव मनीष नागपाल, सुनील जैसवाल, राजकुमार जयसवाल, सुनीता प्रकाश, अर्जुन पासी, सविता सोनकर, अरुण शर्मा, आनंद त्यागी, नितेश राजोरिया, विनीत भट्ट बंटू, ललित बद्री, वीरेंद्र पंवार, अभिषेक पंवार, अतुल सक्सेना, गुलशन, वीरेंद्र चौहान, आदर्श सूद व मनीष गर्ग आदि उपस्थित थे।

# जिला योजना समितियों का चुनाव कराने से बच रही सरकार: कांग्रेस

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** जिला योजना समितियों का चुनाव नही किये जाने को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेष गोदियाल ने राज्य जिला योजना समितियों का गठन ना किये जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर करने का काम कर रही है। राज्य में नगर निकायों के चुनाव हुए डेढ़ साल से अधिक समय बीत चुका है और पंचायत चुनाव भी नौ महीने पहले सम्पन्न हो चुके हैं, मगर आज तक भी सरकार की और से जिला योजना समितियों का चुनाव नहीं किया गया है। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संविधान की स्पष्ट अवहेलना है। भारतीय संविधान



■ जिला योजना समितियों से पंचायत-निकाय के प्रति. निधि बाहर क्यों: गोदियाल

के अनुच्छेद 243 जेड.डी. के तहत हर राज्य में जिला योजना समितियों का गठन अनिवार्य है, ताकि पंचायतों और नगर निकायों की विकास योजनाओं को समेकित कर जिले का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

सबसे गंभीर बात यह है कि बिना जिला योजना समितियों के विधिवत गठन और चुनाव संपन्न कराए बिना प्रदेश के सभी प्रभारी मंत्रियों की और से जिला योजना की बैठकें आयोजित कर ली गई हैं।

यह पूरी प्रक्रिया न केवल नियम विरुद्ध है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ सीधा खिलवाड़ है। गोदियाल ने कहा कि सरकार बताये कि क्या कारण है कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है? क्या वजह है कि बिना वैधानिक समिति के ही जिला योजना की बैठकों को अंजाम दिया गया? आज स्थिति यह है कि समिति का गठन ना होने से जिले में विकास योजनाएं न तो समन्वित हैं और न ही स्थानीय जरूरतों के अनुरूप बनी है। इससे न केवल विकास प्रभावित हो रहा है, बल्कि योजनाओं में जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित नही की गई है।

# एकता का प्रतीक बनेगा 'राठ भवन', एक वर्ष में होगा तैयार : डॉ. रावत

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** जनपद देहरादून के कुआंवाला में राठ जन विकास समिति द्वारा प्रस्तावित श्राठ भवनश का भव्य निर्माण किया जायेगा। जिसमें राठ क्षेत्र की स्थानीय झलक नजर आयेगी, यह भवन राठ क्षेत्र की एकता का भी प्रतीक होगा।

यह बात कैबिनेट मंत्री व श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ धन सिंह रावत ने राठ जन विकास समिति द्वारा आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। डॉ रावत ने राठ भवन के भूमि पूजन को वर्षों पुराने सामूहिक स्वप्न के साकार होने का क्षण बताते हुए कहा कि आगामी एक वर्ष के भीतर भव्य राठ भवन तैयार होगा, जो प्रवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकजुटता का सशक्त केंद्र बनेगा।

डॉ. रावत ने आश्वस्त किया कि भवन निर्माण में उनके स्तर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने राठ जन विकास समिति को सामाजिक समर्पण, एकता और जनचेतना का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि यह संगठन थलीसैंण और पाबौ विकासखंड की विभिन्न पट्टियों से जुड़े सैकड़ों परिवारों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहा है।



■ सुरंग व बाईपास परियोजना से सुगम होगा देहरादून पाबो का सफर

इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रीय विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में लगभग 800 करोड़ रुपये की लागत से धारी देवी मंदिर तक बायपास मार्ग का निर्माण किया जाएगा। साथ ही पौड़ी से पाबो तक सुरंग निर्माण और त्रिपालीसैंण के मध्य एक अन्य सुरंग परियोजना पर भी कार्य किया जाएगा, जिससे देहरादून से पाबो की दूरी और समय में कमी आएगी, साथ ही सफर सुगम होगा। पर्यटन विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पैठाणी राहु मंदिर, बुँखल कालिंका मंदिर और बिनसर मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों पर बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को दर्शाता है।

धारी देवी से चौथान होते हुए बिनसर मंदिर तक एक सुदृढ़ पर्यटन सर्किट विकसित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। समिति के अध्यक्ष मेहरबान सिंह गुसाईं ने कहा कि राठ भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, लोक. कला, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों का जीवंत केंद्र होगा। महासि. चव पुरुषोत्तम ममगाईं ने इसे 25 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद साकार हो रहा ऐतिहासिक क्षण बताया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलानंद घनशाला ने किया। जबकि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में तारकेश्वरी भण्डारी, सरिता भट्ट और रेखा रावत ने लोकसंस्कृति की रंगारंग झलक प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवा के विभिन्न आयाम भी देखने को मिले। इस अवसर पर समिति द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, राठ नेत्र धाम द्वारा नेत्र परीक्षण तथा पर्वतीय मानव उत्थान समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर सेवा भाव का परिचय दिया। समूचा आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा की भावना से ओत-प्रोत रहा तथा राठ क्षेत्र के प्रवासी परिवारों के लिए एक ऐतिहा. सिक और प्रेरणादायी क्षण बन गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रवासियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# पुलिस की सतर्कता, 50 हजारी बदमाश का मिशन फेल: आईजी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी के प्रेमनगर क्षेत्र में बीती रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश अकरम ढेर हो गया। इस गोलीबारी में थाना प्रभारी प्रेमनगर भी घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से लूट की शत-प्रतिशत राशि, हथियार और घटना में प्रयुक्त कार बरामद कर ली है। गढ़वाल रेंज के आईजी राजीव स्वरूप एवं देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेंद्र डोभाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि29-30 अप्रैल की रात बदमाशों ने पौंधा रोड पर स्कूटी सवार ठेकेदार देवराज को निशाना बनाया। गुजरात नंबर की काले रंग की बलेनो कार में सवार बदमाशों ने देवराज को गोली मारकर उनका बैग लूट लिया, जिसमें 2 लाख रुपये नगद, मोबाइल और जरूरी दस्तावेज थे। सूचना मिलते ही एसएसपी के निर्देश पर सीओ सिटी स्वप्निल प्रेम नगर थाना प्रभारी नरेश राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बदमाशों की घेराबंदी शुरू की। बताया गया है कि पुलिस



■ बालावाला अंकित हत्याकांड का मुख्य आरोपी था मृतक बदमाश, लूट के बाद भागते समय हुई क्रास फायरिंग

की घेराबंदी के बीच विश्रांति के पास जंगल में बदमाशों की कार दिखने पर पुलिस ने पीछा किया। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान एक गोली थाना प्रभारी प्रेमनगर के शरीर में जा लगी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकले।घायल बदमाश को तत्काल कोरोनेशन अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एफएसएल टीम को मौके से मिले मोबाइल की जांच के बाद मृतक की पहचान अकरम पुत्र मासूम अली (निवासी शामली, यूपी) के रूप में हुई। अकरम वर्ष 2014 में देहरादून के चर्चित श्अंकित हत्याकांडश का मुख्य अभियुक्त था और लंबे समय से फरार चल रहा था।मृतक बदमाश अकरम पर उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में हत्या, लूट और डकैती के एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज थे।

''इनाम:'' देहरादून पुलिस ने 50,000 रुपये और शामली पुलिस ने 5,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार वर्ष 2014 में बालावाला में डकैती के दौरान अंकित नामक युवक की हत्या की थी।अकरम हाल ही में कोर्ट की तारीख पर देहरादून आया था और इसी दौरान उसने लूट की इस नई वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मुठभेड़ के बीच मृतक बदमाश के कब्जे से 1 देसी पिस्टल (32 बोर), 01 देसी तमंचा (315 बोर) और भारी मात्रा में कारतूस तथा लूट के दो लाख नगद, मोबाइल फोन और डायरी बरामद हुए।एसएसपी ने बताया कि फरार बदमाशों की तलाश में पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। घायल थाना प्रभारी और पीड़ित ठेकेदार का उपचार जारी है। पुलिस महानिरीक्षक ने टीम की कार्रवाई की सराहना की है। वही मुठभेड़ के दौरान घायल हुए थाना प्रभारी को भी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# 8 लाख की स्मैक के साथ कार सवार तस्कर को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के 'ड्रग्स फ्री देवभूमि' मिशन को सफल बनाने के लिए एसएसपी देहरादून के निर्देशन में चलाए जा रहे श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत पटेलनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में स्मैक और तस्करी में प्रयुक्त कार बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देशों के क्रम में कोतवाली पटेलनगर पुलिस की टीम लाल पुल, सहारनपुर रोड के पास सघन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक संदिग्ध होंडा जैज कार (यूके-08-क्यू-7125) को रोककर उसकी तलाशी ली।

वाहन चालक की पहचान पारितोष मनचंदा (35 वर्ष) पुत्र स्व. दीनदयाल मनचंदा, निवासी बहुगुणा कॉलोनी, अजबपुर खुर्द के रूप में हुई। अभियुक्त की तलाशी लेने पर उसके पास से 26.

■ पटेलनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

80 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 8 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। मौके से पुलिस ने एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी बरामद किया है, जिसका उपयोग नशे की नाप-तौल के लिए किया जाता था। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली पटेलनगर में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त होंडा जैज कार को सीज कर दिया गया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विना. द सिंह गुंसाई, चौकी प्रभारी प्रवीण पुण्डीर, उ.नि. विनोद कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अभियुक्त यह स्मैक कहाँ से लाया था और देहरादून में किन लोगों को इसकी सप्लाई की जानी थी।

## हर्रावाला में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**देहरादून।** हर्रावाला स्थित शिव मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में दिव्य कलश यात्रा के बाद श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पूज्य व्यास आचार्य कालि. का प्रसाद थपलियाल ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया और भक्तिमय वातावरण निर्मित किया।

समिति के अध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह चौहान ने बताया कि विश्व शांति एवं समाज कल्याण के उद्देश्य से इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का आयोजन समिति की और से प्रतिवर्ष किया जाता है।

कलश यात्रा के दौरान मुख्य रूप से अधिवक्ता मूलचंद शीर्षवाल, संजय सिंह चौहान, विमलेश देवी, डॉ. बबीता रावत, भारत शर्मा, ठाकुर दिनेश सिंह चौहान, अपील यादव, आचार्य उमाकांत भट्ट, संदीप बड़ोनी, गणेश बहादुर, सुशील कुमार यादव व ममता ठाकुर सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।


GMVN
गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय-74/1 राजपुर रोड़, देहरादून।
E-Mail: gmvngstming@gmail.com Ph.: 2744408, 2746817, 2749308
पत्रांकः 50/दस/तीन-05
ई-निविदा दिनांक : 30 अप्रैल 2026
गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा जनपद टिहरी क्षेत्रान्तर्गत आवंटित एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त राजस्व लॉट श्रीपुर में ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से चुगान संक्रियाओं के संचालन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है। ई-निविदा में प्रतिभाग हेतु पात्रता, लॉटों का विवरण, धरोहर धनराशि, हैसियत धनराशि, एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त करने, जमा करने एवं पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों तथा अन्य शर्तों एवं प्रतिबन्धों की जानकारी उत्तराखण्ड राज्य की अधिकृत वेबसाइट www.uktenders.gov.in एंव प्रभारी खनन, गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0, 65 डी राजपुर रोड, देहरादून से दिनांक 02.05.2026 से 25.05.2026 अपरान्ह 2.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदादाता ई-निविदा डालने से पूर्व लॉट का निरीक्षण कर उपखनिज की मात्रा, क्षेत्र की स्थिति एवं निकासी मार्ग आदि की जानकारी प्राप्त कर लें। प्रबन्ध निदेशक


## अप्रैल के सेवानिवृत्त कर्मियों का विदाई समारोह आयोजित

**देहरादून।** पुलिस लाइन देहरादून में गुरुवार को माह अप्रैल में अपनी गौरवशाली सेवा पूरी कर सेवा. निवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को भाव-भीनी विदाई दी गई।समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी पुलिस विभाग की रीढ़ रहे हैं और वे हमेशा पुलिस परिवार का अभिन्न अंग बने रहेंगे। उन्होंने सेवा. निवृत्त कर्मियों को विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी विभाग उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर रहेगा। एसपी ने सभी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विदाई के इस भावुक क्षण में सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने लंबे कार्यकाल के दौरान आई चुनौतियों और उनके निराकरण हेतु किए गए प्रयासों के अनुभवों को साझा किया। एसपी ऋषिकेश ने वहां मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों को इन वरिष्ठों के अनुभवों से सीख लेने और अपने कर्तव्यों के दौरान उनका अनुसरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपेक्षा की कि भविष्य में भी विभाग को इन अनुभवी कर्मियों का मार्गदर्शन मिलता रहेगा।समारोह के दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिजन और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# मंच पर शोध कार्यों को प्रस्तुत करना महत्वपूर्ण होता है: जैन

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** सिद्धार्थ लॉ कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'जूरिस्प्रूडेंस इन द ऐज ऑफ एआई: इंटीग्रेटेड कांस्टीट्यूशनल वैल्यूज, कॉरपोरेट गवर्नेंस एंड एथिकल क्रिमिनल जस्टिस' सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. शराफत अली ने सम्मेलन की समरी प्रस्तुत की। उन्होंने देश के आपराधिक न्याय व्यवस्था में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से उत्पन्न तकनीकी चुनौतियों पर प्रस्तुत शोध पत्रों के निष्कर्षों को रेखांकित किया। दो दिनों में 180 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें देश के विभिन्न राज्यों के प्रमुख संस्थानों से शोधार्थियों ने भाग लिया।

लॉ कॉलेज के डायरेक्टर वी.के. महेश्वरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कर्नल आर.सी. जैन के सैन्य अनुभव और योगदान की चर्चा की। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लाभों के साथ-साथ इससे जुड़ी चुनौतियों पर गहन शोध की आवश्यकता पर बल दिया। श

मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी जज एडवोकेट जनरल कर्नल आर.सी. जैन (रिटायर्ड) ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मेलन शोध कार्यों को प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यापक उपयोग पर प्रकाश डालते हुए इसके नकारात्मक पहलुओं की चर्चा की। दूसरे दिन के सत्रों की अध्यक्षता यूपीईएस देहरादून की लॉ विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कांचल गुप्ता, गुरु काशी यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो के लॉ स्कूल के प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार, चमन लाल लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरीश कुमार कपिल तथा डॉ. अर्चना भारद्वाज ने की। अंतिम सत्र में प्राचार्य डॉ. शराफत अली ने प्रमाण पत्रों एवं स्मृति चिह्नों का वितरण किया। पेंडेकांती लॉ कॉलेज, हैदराबाद की टी. दिव्यांशी डोरा एवं टी. साई किरण के शोध पत्र को 'फर्स्ट अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस' प्रदान किया गया। दूसरा मेरिट अवार्ड सिद्धार्थ लॉ कॉलेज की भारती जोशी को तथा तीसरा कमेंडेशन अवार्ड सिद्धार्थ लॉ कॉलेज की खुशी श्रीवास्तव को दिया गया। मुख्य अतिथि ने स्टूडेंट ऑर्गेनाइजिंग कमिटी की प्रेसिडेंट स्वाति सिंह एवं सेक्रेटरी सुनिधि सिंह को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। कमेटी के विभिन्न ब्रांच हेड्स प्रियंका चौरसिया, इशिका, रवीना बाबन गाड़े, सौरभ सिंह नेगी, सौरभ गौंड एवं शगुन गिरी को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 180 शोधार्थियों को उनके प्रस्तुतीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि एवं सत्र अध्यक्षों का मोमेंटो एवं शाल देकर स्वागत किया गया।अंत में डायरेक्टर एडमिन डी.के. त्यागी ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों एवं सत्र अध्यक्षों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने मुख्य अतिथि कर्नल आर.सी. जैन से भविष्य में भी कॉलेज का मार्गदर्शन जारी रखने का अनुरोध किया। उन्होंने रिसर्च एंड पब्लिकेशन सेल के कार्यों की सराहना की।कार्यक्रम में तीनों कॉलेजों के प्राचार्यगण, प्रोफेसर, बाहर से आए अतिथि, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




■ सिद्धार्थ लॉ कॉलेज, देहरादून में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न


यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com
पत्रांक-363 अति अल्पकालिक ई-निविदा सूचना दिनांक- 30/04/2026
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद),यूजेवीएनलि० पशुलोक, बैराज, ऋषिकेश, इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः
निविदा सं0 : 05/2026-27/अधि0अभि0(सिविल/यूजेवीएनल/पशुलोक बैराज।
कार्य का नामः- ऋषिकेश स्थित वीरभद्र बैराज के डाउन स्ट्रीम में जल स्तर को कम करने का कार्य।
अनुमानित लागतः रू0 49,96,253.00 मात्र (जीएसटी अतिरिक्त)।
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि: 30.04.2026 के 17:00 बजे से
वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 06.05.2026के 17:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "https://uktenders.gov.in" देखें।
अधिशासी अभियन्ता, (जानपद), पशुलोक, बैराज, ऋषिकेश।
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com
पत्रांक-365 निविदा सूचना दिनांक- 30/04/2026
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (गलोगी लजवि), यूजेवीएन लि0, गंगा भवन, यमुना कालोनी, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः-
निविदा सूचनासं0: 03/अ0अ0(गलोगी लजवि)/2026-27: देहरादून स्थित भट्टा हेडवर्क्स में 50 केवीए सर्वो वोल्टेज स्टेबलाइजर की आपूर्ति और स्थापना तथा संबधित एलटी लाइन अनुरक्षण कार्य।
अनुमानित लागतः रू 7,65,600.00 (कर अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः 30.04.2026, 17:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 25.05.2026, 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते है।
अधिशासी अभियन्ता (गलोगी एसएचपी)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# बुद्ध पूर्णिमा स्नान के लिए मेला क्षेत्र 8 जोन व 21 सेक्टरों में बंटा

## ड्रोन व सीसीटीवी से होगी चप्पे-चप्पे की निगरानी, श्रद्धालुओं की भीड़ के लिए यातायात प्लान तैयार

शाह टाइम्स संवाददाता





**हरिद्वार।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। गुरुवार को ऋषिकुल ऑडिटोरियम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह की अध्यक्षता में ब्रीफिंग आयोजित की गई। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए।

मेला क्षेत्र को बेहतर प्रबंधन के लिए 08 जोन और 21 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। एसएसपी ने निर्देश दिए कि सभी जोनल और सेक्टर अधिकारी स्नान की समाप्ति तक अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क किनारे किसी भी वाहन की पार्किंग नहीं होने दी जाएगी। सभी वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े कराए जाएंगे।

सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए राउंड द क्लॉक निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम के प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उच्चाधिकारियों को पल-पल की जानकारी देते रहें। साथ ही, सीमावर्ती जिलों से समन्वय बनाकर ट्रैफिक की स्थिति के अनुसार ही नया यातायात प्लान लागू किया जाएगा। एसएसपी ने फोर्स को सचेत करते हुए कहा कि वर्तमान में चारधाम यात्रा भी चल रही है, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में सभी कर्मियों को मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहने की आवश्यकता है। समय रहते वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने के निर्देश भी दिए गए ताकि शहर में जाम की स्थिति न बने। स्नान पर्व की सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस बल की तैनाती की गई है, जिसमें 7 पुलिस क्षेत्राधिकारी और 11 निरीक्षक/थानाध्यक्ष है, वहीं फोर्स में 200 से अधिक दरोगा और हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल है और साथ ही विशेष इकाइयां में पीएसी की एक कंपनी, 3 कंपनी अध सैनिक बल, जल पुलिस के 16 कर्मचारी और आपदा राहत दल की एक प्लाटून है और अन्य में बम निरोधक दस्ता (बीडीएस), डॉग स्क्वाड, घुड़सवार पुलिस और फायर सर्विस की टीमें भी तैनात रहेंगी। इसके अलावा, श्रद्धालुओं की सुविध ा के लिए सीसीआर में खोया-पाया सेल भी स्थापित किया गया है।

ब्रीफिंग के दौरान एसपी सिटी अभय सिंह और एसपी ट्रैफिक/क्राइम निशा यादव ने भी भीड़ प्रबंधन और ट्रैफिक प्लान को लेकर अपने विचार साझा किए।

### ज्वालापुर से सेक्टर-2 तक नगर निगम ने चलाया

# अतिक्रमण हटाओ अभियान, सामान जब्त कर वसूला जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** नगर निगम हरिद्वार द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। गुरुवार को नगर आयुक्त के निर्देशों पर नगर निगम की टीम ने ज्वालापुर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस कार्रवाई से सड़क किनारे अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया। नगर निगम की टीम ने कोतवाली ज्वालापुर से अभियान की शुरुआत की, जो दुर्गा चौक, राम चौक और रविदास चौक होते हुए सेक्टर-2 बैरियर तक चला। अभियान के दौरान टीम ने सड़कों और फुटपाथों पर अवैध रूप से लगाए गए सामान को जब्त किया। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 3500 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। नगर निगम के अधिकारियों ने दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों को सख्त चेतावनी दी कि यदि दोबारा सड़कों पर अतिक्रमण पाया गया, तो उनके खिलाफ और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक श्री विकास कुमार, कार्यशाला लिपिक व अतिक्रमण प्रभारी श्री आदित्य तेश्वर, श्री बंटी, श्री अरुण, क्षेत्रीय पर्यावरण पर्यवेक्षक श्री अजय सहित निगम के अन्य कर्मचारी और पुलिस बल मौजूद रहा।

# इब्राहिमपुर झगड़े का पांच हजार एक और इनामी आरोपी दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर में दो पक्षो में हुए खूनी संघर्ष में फरार चल रहे पांच हजार के एक और इनामी को पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपी ठिकाने बदल बदल कर अन्य स्थानों पर रह रहा था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर जनपद हरिद्वार के आदेश अनुसार पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दिनांक 7/4/26 को ग्राम इब्राहिमपुर में दो पक्षों में हुये झगडे में जमकर लाठी डंडे व पत्थरबाजी हुई थी। मामले में दो परिवारों का भूमि विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हुआ जिसमें एक पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ सबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के साथ ही सभी लोग लापता हो गए। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिये मुखबिर तंत्र व एसओजी की मदद ली जिसके बाद पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। पुलिस टीम ने पांच पांच हजार के तीनो फरार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने एक और पांच हजार के इनामी ताजीम पुत्र रिफाकत निवासी इब्राहिमपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जहाँ से उसे जेल भेजा गया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया इब्राहिमपुर झगड़े में पाँच हजार का एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

# रोको-टोको अभियान से स्वच्छता की नई पहल, घर-घर पहुंचा नगर निगम

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम हरिद्वार ने रोको-टोको अभियान की शुरुआत की है। नगर आयुक्त नंदन कुमार के दिशा-निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत नगर निगम की टीम घर-घर जाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही है। उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, सैनिटेशन सेल प्रभारी संजय शर्मा आर्यनगर वार्ड में पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय पार्षद सपना शर्मा के साथ मिलकर लोगों से संपर्क किया और उन्हें गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण के लिए दो डस्टबिन के उपयोग के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान उन लोगों को विशेष रूप से जागरूक किया गया जो घर-घर कचरा संग्रहण करने वाले पर्यावरण मित्र को समय पर कचरा नहीं देते हैं। ऐसे नागरिकों को गुलाब का फूल देकर जागरूकता का संदेश दिया गया। वहीं, नियमित रूप से नियमों का पालन करने वाले लोगों को भी सराहा गया।

उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी ने बताया कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कई बार नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना भी लगाया जाता है, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग नियमों का पालन नहीं करते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए रोको-टोको अभियान शुरू किया गया है, ताकि लोगों को सीधे संवाद के माध्यम से जागरूक किया जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे गीला कचरा हरे डस्टबिन और सूखा कचरा नीले डस्टबिन में रखें। साथ ही डायपर जैसे जैविक कचरे को अलग थैले में डालकर ही पर्यावरण मित्र को सौंपें। नगर निगम द्वारा शहर के कई कूड़ा स्थलों को सेल्फी प्वाइंट में परिवर्तित किया गया है, लेकिन अधिकारियों का मानना है कि बिना जनसहयोग के स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करना संभव नहीं है। नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में बेहतर प्रदर्शन के लिए भी नागरिकों से बढ़-चढ़कर फीडबैक देने की अपील की है। अभियान शहर के सभी 60 वार्डों में लगातार चलाया जा रहा है।

# जानलेवा हमले की कोशिश 7-8 के खिलाफ मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र के शांतिपुरम में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला करने की कोशिश का मामला सामने आया है। हमलावरों से बचने के लिए युवक को भागकर एक घर में शरण लेनी पड़ी, जहां दरवाजा बंद कर उसने अपनी जान बचाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन नामजद समेत सात-आठ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शांतिपुरम कॉलोनी निवासी दीपांशु विमल ने बताया कि 28 अप्रैल की रात वह अपने दोस्तों के साथ शांतिपुरम चौक के पास खड़ा था। इसी दौरान प्रिंस वालिया, प्रिंस कश्यप उर्फ बोडा, यशु और उनके साथ अन्य युवक तीन-चार मोटरसाइकिलों पर सवार होकर वहां पहुंचे। आरोप है कि आते ही एक आरोपी ने इशारा कर साथियों को हमला करने के लिए उकसाया, जिसके बाद सभी युवक उसकी ओर बढ़े। पीड़ित के अनुसार कुछ आरोपियों के पास अवैध तमंचे भी थे। अचानक स्थिति बिगड़ने पर वह और उसके साथी पास के एक घर में घुस गए और गेट बंद कर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर के बाहर पहुंचकर गेट पर जोर-जोर से प्रहार किया और जान से मारने की धमकियां दीं। कुछ देर हंगामा करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बहादराबाद में सड़क तोड़फोड़ पर बवाल, लोगों ने टोल टीम को रोका, उठे बड़े सवाल?

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र में गुरुवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब टोल प्लाजा की मेंटिनेंस टीम अचानक जेसीबी मशीन के साथ सड़क तोड़ने पहुंच गई। बिना किसी पूर्व सूचना के शुरू हुई इस कार्रवाई ने स्थानीय लोगों को भड़का दिया और देखते ही देखते मौके पर भारी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में थी। जगह-जगह गहरे गड्ढों के कारण राहगीरों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जबकि कई लोग हादसों में घायल भी हो चुके हैं। बार-बार शिकायतों के बावजूद जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो क्षेत्र के कुछ समाजसेवियों ने खुद आगे आकर गड्ढों को भरवाया, जिससे आवागमन कुछ हद तक सुचारू हुआ।

इसी बीच टोल प्लाजा की मेंटिनेंस टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची और सड़क को दोबारा तोड़ने लगी। यह देखकर स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे। लोगों ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया और टीम के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब सड़क पूरी तरह खराब थी, तब न प्रशासन ने ध्यान दिया और न ही टोल प्रबंधन ने। अब जब समाजसेवियों ने अपने प्रयास से सड़क को चलने लायक बनाया, तो उसे फिर से तोड़ना जनता के साथ अन्याय है। मौके पर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। हालात बिगड़ते देख मेंटिनेंस टीम को काम बीच में ही रोकना पड़ा। स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में तनाव बना रहा, हालांकि किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।लोगों ने कहा कि सड़क का स्थायी और गुणवत्तापूर्ण निर्माण किया जाए,बिना योजना के होने वाली बार-बार की तोड़फोड़ पर रोक लगे। इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही कि जानी चाहिए।

इस घटना ने टोल प्रबंधन और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या बिना वैकल्पिक व्यवस्था के सड़क तोड़ना उचित है? क्या स्थानीय समस्याओं को नजरअंदाज कर ऐसे फैसले लिए जाएंगे? अब सभी की नजर प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैख्क्या लोगों को जल्द राहत मिलेगी या यह मुद्दा और तूल पकड़ेगा।

# परिजनों से नाराज होकर दिल्ली पहुंची बालिका को पुलिस ने 12 घंटे में ढूंढ निकाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएसपी नवनीत सिंह द्वारा महिलाओं और नाबालिगों से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देशों का असर धरातल पर दिखने लगा है। कनखल पुलिस ने घर से बिना बताए निकली एक नाबालिग बालिका को मात्र 12 घंटे के भीतर दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को कनखल के द्वारिका विहार (गुरुकुल कांगड़ी) निवासी एक व्यक्ति ने थाने में सूचना दी कि उनकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपहरण का मुकदमा दर्ज किया और बालिका की तलाश शुरू की। एसएसपी के आदेश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। पुलिस ने हरिद्वार से लेकर बाहर जाने वाले रास्तों पर लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और फुटेज की मदद से पुलिस को सुराग मिला कि बालिका हरिद्वार से दिल्ली जाने वाली बस में सवार हुई है। कनखल कोतवाली प्रभारी देवेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि सुराग मिलते ही कनखल पुलिस की एक टीम तुरंत दिल्ली रवाना हुई। दिल्ली में भी कड़ी मशक्कत और तकनीकी मदद से बालिका की सटीक लोकेशन पता कर उसे सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि बालिका परिजनों से किसी बात पर नाराज होकर घर छोड़कर चली गई थी। बालिका को सुरक्षित देख परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए और उन्होंने हरिद्वार पुलिस की मुस्तैदी के लिए उनका आभार जताया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह रावत, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनुज सिंह, उपनिरीक्षक सुधांशु कौशिक, मुन्ना नेगी, विशन सिंह, प्रलव चौहान, एसओजी कांस्टेबल वसीम, नरेंद्र शामिल रहे हैं।

# प्रेम विवाह से नाराज व्यक्ति पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप, केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पथरी थाना क्षेत्र के गांव बुक्कनपुर में प्रेम विवाह से नाराज व्यक्ति पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गांव बुक्कनपुर निवासी शीषपाल पुत्र शुगन सिंह ने बुधवार को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही रहने वाले रतन सिंह की पुत्री निकिता ने करीब तीन माह पूर्व अपनी इच्छा से स्वराज पुत्र अंशू निवासी बुक्कनपुर के साथ प्रेम विवाह कर लिया था। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर रतन सिंह आए दिन उसके साथ गाली-गलौज करता है और उसके बच्चों के स्कूल जाते समय भी उन्हें परेशान करता है। पीड़ित के अनुसार, 29 अप्रैल की शाम करीब छह बजे जब वह अपनी पत्नी और छोटे बेटे के साथ लक्सर से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में रतन सिंह ने उन्हें रोक लिया और कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए बलकटी ध ारदार हथियार लेकर जान से मारने की धमकी दी।

शीषपाल का कहना है कि आरोपी पहले भी उसे और उसके परिवार को परेशान कर चुका है, जिसकी शिकायत पूर्व में भी पुलिस को दी जा चुकी है। पीड़ित ने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर खतरा जताते हुए पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

एसओ पथरी रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रतन सिंह के विरुद्ध संबंधित ध ाराओं में मुकदमा दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# निःस्वार्थ रूप से की गई मदद अवश्य ही फलदाई होती है : अशोक अग्रवाल

**संस्था द्वारा व्हीलचेयर व्हील रिक्शा की गई प्रदान**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री वैश्य बंधु समाज एवं वैश्य एकता परिषद द्वारा वानप्रस्थ आश्रम के प्रबंधकों को एक व्हीलचेयर एवं व्हील रिक्शा प्रदान की गई। श्री वैश्य बंधु समाज मध्य क्षेत्र हरिद्वार के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं वैश्य एकता परिषद के संयोजक पराग गुप्ता ने कहा कि विकलांगता अभिशाप नहीं है ऐसे लोगों की मदद के लिए हमेशा ही संगठन अग्रिम भूमि का निभा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति भी आपके सहयोग से सामान्य जीवन जी सकता है। उनको सहयोग की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति समाज का हिस्सा है, उनकी मदद के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। अशोक अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई संस्था है। लोगों के उत्थान को लेकर प्रयासरत है। सेवा ही मूल मंत्र है निःस्वार्थ रूप से की गई मदद अवश्य ही फलदाई होती है। अशोक अग्रवाल ने कहा कि विकलांग व्यक्ति समाज का अभिन्न हिस्सा है उनके साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्हीलचेयर से उनको मदद मिलेगी। वानप्रस्थ आश्रम के प्रधान डॉक्टर प्रेम प्रकाश मंत्री शोभा आर्य डॉक्टर कर्मेंद्र ने संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारियों को व्हीलचेयर प्रदान करने पर आभार जताया। इस दौरान परमेश गुप्ता ने भी लोगों से दिव्यांग व्यक्तियों के सहयोग के अपील की।


# हेवी इलेक्ट्रिकल्स वर्कर्स ट्रेड यूनियन की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** हेवी इलेक्ट्रिकल्स वर्कर्स ट्रेड यूनियन द्वारा अपने यूनियन कार्यालय 161 टाइप 3 सेक्टर-1, भेल रानीपुर हरिद्वार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भेल के कर्मचारी के ज्वलंत मुद्दों को हल करने पर विचार विमर्श किया गया तथा सभी यूनियन के कार्यकर्ताओं के विचारों को सुनने के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर भेल के फाउंड्री गेट पर सांय 4 बजे विशाल विरोध प्रदर्शन किया जायेगा जिसमें मुख्य मुद्दे 2025-26 के पी. पी. के भुगतान के लिए ज्वाइंट कमेटी की मीटिंग अतिशीघ्र बुलाई जाए, यदि कोई कर्मचारी अपने कार्य घंटे के अतिरिक्त कार्य करता है तो उसे सी ऑफ की जगह पर ओवरटाइम का भुगतान किया जाए तथा केंद्रीय इंसेंटिव स्कीम सब कमेटी की मीटिंग बुलाकर रिवाइज किया जाए, ताकि इसका लाभ सभी कर्मचारी को मिल सकें। साथ ही कोरोना से मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को सेवानिवृत्ति तिथि तक आर्थिक लाभ दिया जाए तथा उनके साथ अन्य मुद्दे भी शामिल किए जाए। इसके लिए यूनियनों द्वारा ज्ञापन भी भेल प्रबंधन को दिये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में भेल के रामयश सिंह, विकास सिंह, रवि कश्यप, सुभाष पुरोहित, संदीप सिंघानिया, कुमुद श्रीवास्तव, गगन वर्मा, अमित गोगना, सचिन कुमार, कृपाल सिंह, राजकुमार, डी के दास, सत्येंद्र प्रताप सिंह, अरविंद मावी, बलवीर सिंह रावत, इंद्रजीत यादव, सुनील कुमार,भगत सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राजकीय महाविद्यालय, भूपतवाला, हरिद्वार में पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फंडामेन्टल ऑफ माइक्रो इकोनॉमिक्स एवं फंडामेन्टल्स ऑफ मैक्रो इकोनॉमिक्स पुस्तकों का विमोचन किया गया। पुस्तक लेखक डॉ संजीव कुमार शर्मा हैं। पुस्तकों का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ संजीव मेहरोत्रा के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ संजीव प्रसाद भट्ट द्वारा किया गया। इस मौके पर सभी वक्ताओं ने पुस्तकों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इसे विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर मंच पर वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ सविता तिवारी, डॉ अजय प्रसाद उनियाल एवं डॉ भगवती प्रसाद उनियाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एक संपत्ति जिसका खसरा नम्बर 353/1 और रकबा 595 वर्गफुट है जो कि स्थित विकास कॉलोनी ग्राम जगजीतपुर मु0 परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार है से संबंधित एक पुराना/पिछला असल विक्रय पत्र जो दिनांकित 13/09/2013 को उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में पंजीकृत है जिसका बही संख्या-01, जिल्द संख्या-2775, पृष्ठ संख्या-157-176, दस्तावेज संख्या-7189 है। इस विक्रय पत्र के जरिये विक्रेता राहुल पाठक पुत्र कृष्ण कुमार पाठक निवासी इंजन वाली हवेली दक्ष रोड कनखल जिला हरिद्वार ने उक्त संपत्ति को क्रेता जितेन्द्र गुप्ता पुत्र स्व0 विनोद कुमार गुप्ता निवासी ब्रह्म विहार कॉलोनी कनखल जिला हरिद्वार को विक्रय की थी। वास्तव में कहीं खो गया है। इस बाबत पुलिस में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज की गयी है। उक्त वर्णित असल विक्रय पत्र को किसी व्यक्ति/वित्तीय संस्थान/बैंक/न्यायालय में बंधक नहीं रखा गया है और ना ही कोई भी दुरूपयोग किया गया है। तपराज पूर्णानंद जोशी, निवासी फ्लैट नं-सी/704, क्रांति प्राइड एवरशाइन सिटी, शीतल धाम सामने, वसई ईस्ट पालघर महाराष्ट्र ।

# वार्ड नं. 44 में सफाई व्यवस्था व नालों की सफाई को लेकर नगर आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** वार्ड 44 त्रिमूर्ति नगर में सफाई व्यवस्था तथा नालों की सफाई को लेकर नगर आयुक्त नंदन कुमार सिंह ने उपनगर आयुक्त दीपक गोस्वामी के साथ क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड की साफ-सफाई, नालियों की स्थिति तथा कूड़ा उठान व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद अहसान अंसारी ने नगर आयुक्त को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि कई स्थानों पर नियमित सफाई नहीं हो पा रही है, जिससे आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से नालों की समय पर सफाई न होने की समस्या उठाई और इसके लिए शीघ्र ठेका जारी करने की मांग की, ताकि बरसात से पहले जलभराव जैसी स्थिति से बचा जा सके। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान सेनेटरी इंस्पेक्टर विकास छाछर, पर्यावरण पर्यवेक्षक सुनील राजौर, कुसुम पाल, जाफिर अंसारी सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सुधारा जाएगा।

# एससी/एसटी हब के वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम से उद्यमियों को मिला सशक्तिकरण का संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नेशनल एससी/एसटी हब एवं डीआईसीसीआई द्वारा बहादराबाद हाईवे स्थित एक होटल में वेंडर डेवलपमेंट एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्यमियों को सशक्त बनाना और उन्हें केंद्र सार्वजनिक उपक्रमों, वित्तीय संस्थानों व सरकारी विभागों से जोड़ना रहा।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि एवं विशिष्ट अतिथि मेयर किरन जैसल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम लोगों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक कर लाभान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं युवाओं को रोजगार की दिशा में आगे बढ़ा रही हैं, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

विशेष अतिथि विनोद आर्य ने भी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से इनका अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। मुख्य वक्ता के रूप में नेशनल एससी/एसटी हब के इंचार्ज रवि ओरान एवं उत्तर भारत अध्यक्ष कुंवर शशांक ने समावेशी उद्यमिता और नीतिगत सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने एसबीआई, पीएनबी सहित विभिन्न बैंकों की ऋण योजनाओं और वित्तीय सुविधाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान उद्यमियों ने प्रश्नोत्तर सत्र और नेटवर्किंग के माध्यम से बैंक अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से संवाद किया। वक्ताओं ने कहा कि एससी/एसटी उद्यमिता को मजबूत बनाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। राजेन्द्र श्रमिक ने कार्यक्रम को उद्यमिता के क्षेत्र में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इससे लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और उन्हें सरकारी योजनाओं की सही जानकारी मिल सकेगी। इस अवसर पर राजेन्द्र श्रमिक, भंवर सिंह, भान पाल सिंह, संजीव बाल्मीकि, गुरूचरण सिंह, अनिल, आनन्द, पंकज, वीरेन्द्र श्रमिक, नितिन तेश्वर, लक्ष्य कुमार, सीपी सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल, चालक फरार

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में देर रात टहलने निकले एक युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दादूबाग क्षेत्र निवासी आशीष शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका पुत्र श्लोक शर्मा 26 अप्रैल की रात भोजन के बाद घर के पास टहलने के लिए निकला था। रात करीब साढ़े दस बजे तेज गति से आ रही एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के पैर में कई जगह फ्रैक्चर हो गए। परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उसका इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में चल रहा है। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# बारिश और कोहरे के बीच भी सुरक्षित बाबा केदार की यात्रा

■ प्रशासन हर मोर्चे पर अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** प्रतिकूल मौसम के बावजूद केदारनाथ धाम की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संचालित हो रही है। बीते दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में छाए कोहरे के बीच जिला प्रशासन ने सतर्कता को और बढ़ाते हुए यात्रा प्रबंधन को हाई-अलर्ट मोड पर रखा है।

जिलाधिकारी के निर्देशों के तहत यात्रा मार्ग के सभी प्रमुख पड़ावों पर तैनात सेक्टर अधिकारी लगातार अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। यात्रा कंट्रोल रूम के माध्यम से मौसम, सड़क और पैदल मार्ग की स्थिति, श्रद्धालुओं की आवाजाही और संभावित जोखिमों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।



प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से मौजूद रहें और हर छोटी-बड़ी सूचना समय पर कंट्रोल रूम तक पहुंचाएं। खासकर बारिश, हिमपात और लो-विजिबिलिटी जैसी परिस्थितियों को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। खराब मौसम के चलते हेली सेवाओं के संचालन पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा मानकों से किसी प्रकार का समझौता न हो, इसके लिए उड़ानों का संचालन पूरी तरह मौसम की अनुकूलता पर निर्भर रखा गया है। वहीं, यात्रा मार्ग पर कोहरे और बारिश के बावजूद सुरक्षा बलों के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेन शेल्टर, गर्म पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं लगातार संचालित की जा रही हैं, जिससे विपरीत परिस्थितियों में भी यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिला प्रशासन के समन्वित और सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि खराब मौसम के बावजूद बाबा केदार की यात्रा सुचारू रूप से जारी है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा में सहयोग दें।

## 412 ग्राम चरस के साथ पुलिस ने तीन युवकों को किया गिरफ्तार

**नई टिहरी।** थाना कैम्पटी पुलिस ने कार में चरस की तस्करी करते उत्तरप्रदेश, शामली के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने क्षेत्र में भ्रमण, यातायात व्यवस्था व संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग के दौरान मसूरी बैंड के पास एक हुंडई कार संख्या एचआर 04जे 1450 को रोककर चेक किया। तलाशी लेने पर वाहन सवार तीन युवकों के कब्जे से कुल 412 ग्राम चरस बरामद की गई। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को गिरफ्तार किया। जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि तस्करी में प्रयुक्त कार को वाहन अधिनियम के तहत सीज किया गया है। आरोपितों की पहचान सागर, अमन कुमार और अनुज कुमार तीनों निवासी ग्राम पिन्डौरा, थाना झिंझाना, शामली, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। टिहरी में जमके बरसे बदरा, ओलावृष्टि ने तापमान में घोल दी ठंडक।

# रुद्रप्रयाग में बाल विवाह पर बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में बाल विवाह जैसी गंभीर कुप्रथा पर प्रशासन ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए एक अहम हस्तक्षेप किया है। चाइल्ड हेल्पलाइन को मिली सूचना के आधार पर जखोली ब्लॉक के त्यूंखर गांव में दो नाबालिग बालिकाओं का विवाह कराए जाने की तैयारी को समय रहते रोक दिया गया।

सूचना मिलते ही जिला कार्यक्रम एवं प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी जखोली गोल्डी सिंह, बाल कल्याण समिति सदस्य गीता मलासी, चाइल्ड हेल्पलाइन के केस वर्कर अखिलेश सिंह, काउंसलर पूजा भंडारी के साथ जखोली चौकी प्रभारी सोमवीर सिंह एवं पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।



■ चाइल्ड हेल्पलाइन की तत्परता से दो नाबालिग बालिकाओं की शादी रुकी

टीम मौके पर पहुंची और परिजनों से बातचीत कर उन्हें बाल विवाह के कानूनी परिणामों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह कानूनन दंडनीय अपराध है, जिसमें दोषी पाए जाने पर 2 वर्ष तक की सजा और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। साथ ही यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के तहत भी ऐसे मामलों में कड़े प्रावधान लागू हैं।

प्रशासन की सख्त चेतावनी और समझाइश के बाद परिजनों ने बाल विवाह न करने का आश्वासन दिया। इस कार्रवाई से एक बार फिर यह संदेश गया है कि जनपद में बाल अधिकारों के संरक्षण को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि कहीं भी बाल विवाह जैसी गतिविधि की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## सहसपुर विधायक ने 138.45 लाख से डोभरी नहर जीर्णोद्धार कार्य का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुरस।** विधानसभा क्षेत्र सेहसपुर के डोभरी गांव में आज सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर द्वारा 138.45 लाख की लागत से डोभरी नहर के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने कहा कि डोभरी की यह नहर क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगी। इससे सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी, कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर सिंचाई विभाग के अधिकारीगण एवं सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# माया देवी यूनिवर्सिटी में वार्षिक फेस्ट जेनरागा का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** माया देवी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेनरगा 2026 का शुभारंभ हर्षो उल्लास के साथ हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय वाइस प्रेसिडेंट प्रो. डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल, वाइस चांसलर प्रो डॉ आशीष सेमवाल, प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ संदीप विजय, रजिस्ट्रार अंबिका जुयाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्वाइस प्रेसिडेंट प्रो डॉ तृप्ति जुयाल सेमवाल ने कहा



कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्राओं में पढ़ाई के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं यह मंच केवल प्रतिभाओं को पहचान ही नहीं देता बल्कि युवाओं में अंदर विश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है।

वाइस चांसलर प्रो.डॉ आशीष सेमवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी छात्रों को एक बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। तीन दिनों तक चलने वाले इस फेस्ट में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पहले दिन डांस, गायन, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, नाटक आयोजित किए गए, जबकि दूसरे दिन ग्रुप डांस, सोलो डांस नुक्कड़ नाटक सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेगे। 'अंतिम दिन 2 मई को स्टार नाइट में इस बार इंडियन आइडल से निकले मशहूर बॉलीवुड सिंगर सलमान अली अपनी प्रस्तुति देंगे'।

इस अवसर पर प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ. संदीप विजय, रजिस्ट्रार श्रीमती अंबिका जुयाल, सीता जुयाल, डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर डॉक्टर आर बी सिंह, डॉ विकास कुमार सहित सभी स्कूल के डीन, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे

## एक नजर .......

### बांध प्रभावितों और विस्थापितों का क्रमिक अनशन जारी

**नई टिहरी।** टिहरी बांध प्रभावितों और विस्थापितों का गुरुवार को तीसरे दिन भी बौराड़ी के गणेश चौक पर क्रमिक अनशन जारी रहा। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। आंदोलनकारियों ने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वह पिछले दो माह से शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को लगातार अनसुना किया जा रहा है। इसी के चलते उन्हें अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा। गुरुवार को बबली रावत और प्रतिमा रावत तीसरे दिन भी क्रमिक अनशन पर डटी रहीं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि लंबे समय से धरना देने के बावजूद प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली। उन्होंने इसे अपने हक की लड़ाई बताते हुए कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। उनकी प्रमुख मांगों में टिहरी बांध से मिलने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी को जिले के विकास कार्यों में खर्च करना, प्रभावित परिवारों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराना शामिल है। आंदोलनकारियों ने शासन-प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र समाधान निकालने की मांग की है। धरना स्थल पर सागर भंडारी, मानवेंद्र रावत, देवांक चमोली, अजय पंवार, सुरेंद्र सूरी, रविराज, अशरफी देवी, रेखा नेगी आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने भूमि पूजन कर किया ट्यूबवेल निर्माण का शुभारंभ

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र में पेयजल की समस्या से जूझ रहे भदूरा पट्टी के आबकी गांव मे जिला योजना के तहत स्वीकृत ट्यूबवैल का विधायक बिक्रम सिह नेगी ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया इस अवसर पर विधायक नेगी ने कहा कि ट्यूबवेल के निर्माण के बाद गांव के लोगों को पेयजल की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी और उन्हें घर के नजदीक ही पानी उपलब्ध हो सकेगा ग्राम पंचायत आबकी मे सभी प्राकृतिक जल स्रोत पूर्ण रूप से सूख जाने के कारण लंबे समय से गंभीर पेयजल संकट बना हुआ था जिसके कारण ग्रामीण दूर-दराज के क्षेत्रों से पीठ पर पानी ढोने को मजबूर थे गांव मे पेयजल की समस्या को देखते हुए। विधायक नेगी द्वारा बीते वर्ष जिला योजना के तहत आबकी गांव के लिए ट्यूबवेल स्वीकृत करवाई गई थी जिसका गुरूवार को विधायक बिक्रम सिह नेगी ने ग्रामीणों की मौजूदगी मे विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान खुशहाल सिह नेगी, बीर सिह नेगी, प्यार सिह नेगी, धृपाल सिह नेगी, नत्था सिह ,बलबीर सिह, जबर सिह, गिरीश सिह ,मालचंद सिह, बलबीर सिह, मोहन सिह, सुरेश सिह ,मातबर सिह, अब्बल सिह ,भगवान सिह, मैताब सिह, बीरेंद्र सिह ,मालचंद सिह, सुमति देवी, सुंदर लाल आदि मौजूद थे।

### नीट-यूजी 2026 की परीक्षा के सफल, निष्पक्ष व सुरक्षित संचालन के दिए निर्देश

**नई टिहरी।** नीट-यूजी 2026 की परीक्षा के सफल, निष्पक्ष व सुरक्षित संचालन को लेकर अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने संबंधित विभागों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने 3 मई, रविवार को आयोजित होने वाली परीक्षा के संबंधितों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। गुरूवार को बैठक में एडीएम ने निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम में पूर्ण साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए और वहां किसी भी प्रकार की फोटोस्टेट मशीन, फोन याा अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस न रखे जाएं। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों व वीडियो सेटअप की नियमित जांच करने के भी निर्देश दिए। साथ ही ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों की पृष्ठभूमि का सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में जैमर की व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी, साफ खिड़कियां व अग्निशमन यंत्र सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। परीक्षार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल व डस्टबिन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। विभाग को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर मेडिकल किट व एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# शिवालिक अकेडमी में श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवादाता**

**सेलाकुई।** शिवालिक एकेडमी में श्रमिक दिवस के अवसर पर विद्यालय के समस्त कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही सम्मान और उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका मीनू सिंह द्वारा किया गया। कक्षा नवीं की यशस्वी ने श्रमिक दिवस के महत्व पर सुंदर कविता एवं श्रद्धा सुमन दास ने प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। ललित द्वारा सहायक कर्मचारियों के अथक परिश्रम, निष्ठा और समर्पण की सराहना करते हुए उनके प्रति हृदय से कृतज्ञता प्रकट की गई।




साथ ही, विद्यालय की कर्मचारी सुशीला ने भी स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के सहायक कर्मचारियों को छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सुंदर एवं आकर्षक धन्यवाद कार्ड भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गयास प्रधानाचार्या ने कहा कि श्रमिक दिवस केवल एक दिन तक सीमित नहीं है, बल्कि हमें प्रतिदिन उनके योगदान का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे सहायक कर्मचारियों का आदर करेंस

## उड़ान फेस्ट 2026 का भव्य समापन प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवादाता**

**सहसपुर।** अचीवर्स इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस द्वारा आयोजित उड़ान फेस्ट 2026 का समापन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में (प्रख्यात अकादमिक एवं वक्ता) डॉ. परिक्षित काला उपस्थित रहे। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पूरे आयोजन में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कियास संस्थान के चेयरमैन पुष्पेंद्र त्यागी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर कृष्णानंद शाह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का एक सशक्त मंच प्रदान करते हैं।

मुख्य अतिथियों ने भी छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर बिर्जेश कुमार, बुशरा परवीन, संजय फिलिप, मौ. जावेद, कृष्ण कुमार, मौ. आदिल, आफताब आलम आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने आरोपी पति और ससुर को किया गिरफ्तार

**नई टिहरी।** थाना घनसाली क्षेत्र के सांकरी गांव में बीते 25 अप्रैल को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले में मृतका के पिता ने थाने में तहरीर देकर दहेज उत्पीड़न और हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस टीम ने आरोपित पति और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते 25 अप्रैल की मध्य रात्रि को थाना घनसाली पुलिस को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पिलखी से सूचना मिली कि एक 22 वर्षीय महिला को उसका पति व ससुर मृत अवस्था में अस्पताल लेकर आए हैं। सूचना प्राप्त होते ही थाना घनसाली पुलिस ने तत्काल आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतका का विवाह एक वर्ष पूर्व होने के कारण नियमानुसार तहसीलदार घनसाली की ओर से पंचायतनामा की कार्रवाई की गई। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला चिकित्सालय टिहरी में कराया। वहीं, फील्ड यूनिट की ओर से घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए गए और घटनास्थल को सुरक्षित किया गया। मामले में मृतका पूनम के पिता शिव सिंह निवासी बनौली गांव ने दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाते हुए थाना घनसाली में लिखित तहरीर दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने मृतका के पति गौरव सिंह, ससुर कुंवर सिंह और सास अनीता देवी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर मृतका के पति और ससुर को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार जाटव ने बताया कि आरोपितों को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। वहीं, मामले मे सास की भूमिका की भी जांच की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# केदारनाथ धाम में गूंजा भक्ति का स्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में गुरुवार को आध्यात्मिकता और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर बाबा केदार के दर्शन हेतु पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की और धाम की व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की।

मंदिर परिसर में उनके आगमन पर जिला प्रशासन, मंदिर समिति और केदार सभा के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। माहौल उस समय और अधिक भक्तिमय हो उठा, जब कैलाश खेर ने अपना लोकप्रिय भक्ति गीत 'जय जय केदारा' प्रस्तुत किया। उनके सुरों पर पूरा परिसर "हर-हर महादेव" के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भावविभोर होकर इस दिव्य क्षण के साक्षी बने।



कैलाश खेर ने यात्रा व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि भारी संख्या में श्रद्धालुओं के बावजूद यात्रा पूरी तरह सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सुचारू ढंग से संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन और पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में केदारनाथ धाम की व्यवस्थाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस, तीर्थ पुरोहितों और मंदिर समिति की समन्वित कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना एक बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी विशाल मिश्रा सहित पूरी प्रशासनिक टीम के प्रयासों को भी सराहा। कैलाश खेर ने कहा कि बाबा केदार की इस पवित्र नगरी में पहुंचकर उन्हें अद्भुत शांति, ऊर्जा और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त हुई। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे इस दिव्य यात्रा का हिस्सा बनें और प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का पालन कर यात्रा को और भी सफल बनाएं।

# महिला आरक्षण, सुरक्षा और परिसीमन के मुद्दों को लेकर कांग्रेस हमलावर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड की राजनीति में महिला आरक्षण, महिला सुरक्षा और परिसीमन के मुद्दों को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर जनता के धन की बर्बादी की गई, जबकि अहम मुद्दों पर सरकार पूरी तरह मौन रही।

कांग्रेस कमेटी टिहरी के जिलाध्यक्ष मुरारीलाल खंडवाल ने कहा कि यदि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू नहीं किया गया, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा एक गंभीर और ज्वलंत मुद्दा बन चुका है, लेकिन सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने में विफल रही है। कांग्रेस ने अंकिता भंडारी प्रकरण सहित चमोली, हरिद्वार और चंपावत के विभिन्न मामलों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि कई घटनाओं में सत्तारूढ़ दल से जुड़े लोगों के नाम सामने आए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। साथ ही जंगलों में जंगली जानवरों के हमलों में महिलाओं की बढ़ती घटनाओं को लेकर भी सरकार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया। परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस ने कहा कि यदि यह प्रक्रिया केवल जनसंख्या के आधार पर की जाती है, तो उत्तराखंड जैसे छोटे राज्यों की हिस्सेदारी प्रभावित हो सकती है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इन प्रस्तावित विधेयकों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो पार्टी व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगी।

# हाईटेक ट्रैफिक मैनेजमेंट से केदारनाथ यात्रा बनी और सुगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** इस वर्ष केदारनाथ यात्रा आधुनिक तकनीक और सुदृढ़ प्रबंधन के दम पर सुव्यवस्थित संचालन का नया उदाहरण बनती नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग नीहारिका तोमर के नेतृत्व में तैयार की गई व्यापक ट्रैफिक योजना ने यात्रा मार्ग को पहले से कहीं अधिक सुगम और नियंत्रित बना दिया है।

यात्रा के दौरान वाहनों के दबाव को नियंत्रित करने के लिए जनपद में 7 स्थायी और 11 अस्थायी पार्किंग स्थल विकसित किए गए हैं, जिससे सड़कों पर अनावश्यक जाम की स्थिति नहीं बन रही। वहीं, 16 बॉटलनेक पॉइंट्स और 12 सक्रिय भूस्खलन जोन पर पुलिस बल की तैनाती कर यातायात को निर्बाध रूप से संचालित किया जा रहा है।



■ कंट्रोल रूम से एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

ट्रैफिक नियंत्रण को और मजबूत करने के लिए 7 बैरियर और 13 हॉक जोन स्थापित किए गए हैं, जहां से लगातार निगरानी और संचालन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पैदल मार्ग के 11 और सड़क मार्ग के 10 स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश लगातार प्रसारित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, 7 टूरिस्ट पुलिस सहायता केंद्र यात्रियों को मार्गदर्शन और त्वरित सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। इस बार हाईटेक तकनीक ट्रैफिक प्रबंधन की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। पूरे यात्रा मार्ग पर 10 एएनपीआर कैमरे, 200 फिक्स एवं पीटीजेड कैमरे और 4 ड्रोन सर्विलांस जोन के माध्यम से रियल-टाइम निगरानी की जा रही है।

21 महत्वपूर्ण स्थानों को सीधे पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल निर्णय और कार्रवाई संभव हो पा रही है। 30 अप्रैल को जनपद में हो रही बारिश के बीच भी यात्रा सुचारु रूप से जारी रही। इसी क्रम में एसपी नीहारिका तोमर ने पुलिस कंट्रोल रूम से पूरे यात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कोतवाली और चौकी प्रभारियों को सतर्कता के उच्च स्तर को बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। एसपी ने बताया कि तकनीकी संसाधनों और ग्राउंड फीडबैक के आधार पर प्रतिदिन अगले दिन की रणनीति तैयार की जा रही है। ट्रैफिक पूरी तरह नियंत्रण में है और पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा रहा है। एंट्री और एग्जिट को तेज और सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं।

# रेरा पोर्टल से जुड़ेगा मानचित्र स्वीकृति सिस्टम, अवैध निर्माण पर होगी सख्ती

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य में निर्माण गति. विधियों को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में अहम बैठक आयोजित की गई।

बैठक में तय किया गया कि राज्य के नियोजित क्षेत्रों के बाहर स्थित परियोजनाओं के मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को उत्तराखण्ड भूसंपदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) की निर्माणाधीन वेबसाइट से जोड़ा जाएगा। इसके तहत मानचित्र स्वीकृति प्राधिकारियों को पोर्टल में शामिल किया जाएगा, जिससे स्वीकृति प्रक्रिया ऑनलाइन, पारदर्शी और समयबद्ध हो सके। बैठक में रेरा सदस्य नरेश मठपाल, पंकज कुलश्रेष्ठ, एमडीडीए सचिव मोहन सिंह वर्निया, अपर जिलाधिकारी उत्तरकाशी मुक्ता मिश्रा, संयुक्त निदेशक पंचायती राज एमएस राणा, वरिष्ठ नगर एवं ग्राम नियोजक शशि मोहन श्रीवास्तव समेत विभिन्न प्राधिकरणों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। बैठक में रेरा से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और निर्माण स्वीकृति से संबंधित जटिलताओं पर चर्चा की गई।



**अवैध निर्माण और अनियमित कॉलोनियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रेरा और प्राधिकरणों के बीच समन्वय बढ़ाया जाएगा- डॉ. आर. राजेश**

### भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क पर पुनर्विचार के संकेत

बैठक में 1 अगस्त 2025 के शासनादेश के तहत भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क में बढ़ोतरी के मुद्दे पर विशेष चर्चा हुई। वर्तमान प्रावधान के अनुसार, आवासीय या पर्यटन उपयोग में परिवर्तन पर सर्किल रेट के बराबर शुल्क तथा व्यावसायिक उपयोग में परिवर्तन पर 1.5 गुना शुल्क लिया जा रहा है अधिकारियों ने बताया कि बढ़े हुए शुल्क के कारण आम लोगों को मानचित्र स्वीकृति में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर आवास सचिव ने सभी विकास प्राधिकरणों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने बोर्ड की बैठकों में इस विषय पर विचार कर एक सप्ताह के भीतर संशोधित प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं, ताकि जनहित में राहत देने पर निर्णय लिया जा सके।

### अवैध निर्माण रोकने के लिए बनेगा कॉमन ड्राफ्ट

राज्य में बढ़ते अवैध निर्माण को लेकर भी बैठक में चिंता जताई गई। स्थगित क्षेत्रों में कार्रवाई के दौरान आ रही दिक्कतों को देखते हुए आवास सचिव ने नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग को निर्देश दिए कि अवैध निर्माण रोकने के लिए एक कॉमन ड्राफ्ट तैयार किया जाए। यह ड्राफ्ट सभी प्राधिकरणों के लिए एक समान कानूनी ढांचा प्रदान करेगा, जिससे अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई तेज और प्रभावी हो सकेगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इस ड्राफ्ट को जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। आवास सचिव ने कहा कि रेरा पोर्टल के माध्यम से मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को ऑनलाइन करने से पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार की संभावनाएं कम होंगी।

### आवास विभाग के अधिसूचित क्षेत्र में पंचायतों का नक्शा पास करने का अधिकार समाप्त

बैठक में एक बड़ा निर्णय लेते हुए स्पष्ट किया गया कि अब पंचायती राज संस्थाओं को अधिसूचित क्षेत्रों में नक्शा पास करने का अधिकार नहीं रहेगा। दरअसल, 2025 के संशोधित अधिनियम की धारा-59 के तहत पंचायती राज अधिनियम की धारा-106 को निरस्त कर दिया गया है। इसके चलते अब केवल विकास प्राधिकरण ही अधिसूचित क्षेत्रों में मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी करेंगे। इस निर्णय के बाद आवास विभाग ने पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया कि वे तत्काल प्रभाव से एक सर्कुलर जारी कर सभी जिला पंचायतों को इस नई व्यवस्था की जानकारी दें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का भ्रम न रहे।

### आइसीएसई परीक्षा परिणाम: टिहरी के छात्रों ने लहराया परचम

**नई टिहरी।** इंडियन सर्टिफिकेट आफ सेकेंडरी एजुकेशन (आइसीएसई) और इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट (आइएससी) ने 10वी और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। नई टिहरी के आल सेंट कान्वेंट स्कूल में 10वीं में अद्विका सेमवाल ने 96.8 प्रतिशत और 12वीं में अश्विन भट्ट ने 93.25 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय टाप किया है। जबकि कार्मल स्कूल चंबा में 10वीं में सक्षम जोशी ने 96.2 अंक और 12वीं में अदिति नेगी ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में सर्वोच्च रहे। आल सेंट कान्वेंट स्कूल नई टिहरी में आइसीएसई 10वी में अद्विका सेमवाल 96.8 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, आदित्य पंवार 96.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय, रुद्रांश नेगी 95.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय, तन्वी उनियाल 94.2 प्रतिशत के साथ चौथे और आराध्या नेगी 94 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रही। आइएससी 12वीं के विज्ञान गणित वर्ग में अश्विन भट्ट 93.25 प्रतिशत के साथ प्रथम, तनिष्क चौरसिया 93.25 प्रतिशत के साथ द्वितीय, इशांत नेगी 92.75 प्रतिशत के साथ तृतीय, हर्षित डोभाल 92.25 प्रतिशत के साथ चौथे, हर्षित चौहान और रिद्धिमा रंतवाल 90 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। विज्ञान बायो वर्ग में ऋषिका पडियार 91.75 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट स्थान पर रहीं। इसी तरह वाणिज्य वर्ग में हरदियान डंग 92.5 प्रतिशत के साथ प्रथम, अन्नी नेगी 85.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय, सक्षम चमोली 81.25 प्रतिशत के साथ तृतीय, अक्षत डोभाल 94.05 प्रतिशत के साथ चौथे और अभिषेक लोहानी 71.5 प्रतिशत अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। वहीं, चंबा स्थित कार्मल स्कूल में 10वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सक्षम जोशी ने सर्वाधिक 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए प्रथम स्थान पर रहे। जबकि 12वीं में 60 छात्रों में से 14 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 14 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है।

# केदारनाथ यात्रा को लेकर डीएम का ताबड़तोड़ एक्शन

## राष्ट्रीय राजमार्ग 107 से सोनप्रयाग तक व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा 2026 को लेकर प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने खुद मैदान में उतरकर राष्ट्रीय राजमार्ग-107 से लेकर सोनप्रयाग तक व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण किया और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



निरीक्षण के दौरान डीएम ने सोनप्रयाग स्थित जी-मैक्स यात्रा कंट्रोल रूम का जायजा लेते हुए मॉनिटरिंग सिस्टम, संचार व्यवस्था और इमरजेंसी रिस्पॉन्स को और तेज व प्रभावी बनाने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों को तुरंत सहायता मिल सके।

इसके साथ ही सोनप्रयाग पार्किंग में ट्रैफिक मैनेजमेंट और यात्री आवागमन की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। डीएम ने यात्रियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए।

इसके बाद डीएम का काफिला फाटा हेलीपैड पहुंचा, जहां हेली सेवाओं की पूरी व्यवस्था को परखा गया। फ्यूल उपलब्धता, सुरक्षा मानकों और आपातकालीन तैयारियों की जांच करते हुए स्पष्ट संदेश दिया गया कि सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

डीएम विशाल मिश्रा ने दो टूक कहा कि केदारनाथ यात्रा में आने वाले हर श्रद्धालु की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ लगातार निगरानी में कार्य करना होगा।

कुल मिलाकर, इस बार केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए प्रशासन पूरी ताकत झोंक चुका है, जिससे श्रद्धालुओं को एक बेहतर और भरोसेमंद यात्रा अनुभव मिल सके।

### दिनभर अप्रत्याशित बना रहा मौसम

**नई टिहरी।** जिला मुख्यालय नई टिहरी सहित आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार का दिन मौसम के अप्रत्याशित बदलाव के साथ बीता। सुबह जहां आसमान पूरी तरह साफ था और तेज धूप खिली हुई थी, वहीं दोपहर होते-होते मौसम ने अचानक करवट ले ली। दोपहर में काले घने बादलों के साथ शुरू हुई तेज बारिश और हल्की ओलावृष्टि ने तापमान में ठंडक घोल दी। गुरूवार सुबह करीब साढे 10 बजे हल्की फुहारें गिरने के बाद दोपहर करीब 2 बजे से हुई तेज बारिश के कारण तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई। मौसम में आई इस ठंडक ने लोगों को चौंका दिया। अप्रैल माह के अंतिम दिन जहां आमतौर पर गर्मी का एहसास होता है, वहीं इस बार लोगों को मई माह की शुरूआत में दिसंबर जैसी सर्दी महसूस होने लगी है। बारिश और ठंडी हवाओं के चलते लोगों को एक बार फिर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। कई लोग स्वेटर और जैकेट पहने नजर आए।


## जिला पंचायत रूद्रप्रयाग जिला पंचायत रूद्रप्रयाग

संख्या 322/निर्माण-05 /2025-26 दिनांक 29.04.2026

**निविदा सूचना**

जिला पंचायत रुद्रप्रयाग में विभिन्न मदों के अन्तर्गत संलग्न सूची के अनुसार विकास कार्यों के निर्माण हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से शीलबन्द निविदायें दिनांक 13/05/2026 को 2.00 बजे अपराह्न तक आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 3.00 बजे सांय को उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ 3 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/बैंक की एफ0डी0आर के रूप में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत रूद्रप्रयाग के पद नाम से बन्धक कर प्रस्तुत करनी होगी। प्रत्येक निविदा के साथ रूपये 100.00 का नान जूडिसियल स्टाम्प पेपर व 1.00 रूपये का रसीदी टिकट लगाकर ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12/05/2026 को अपराह्न 4.00 बजे तक जिला पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। प्रत्येक निविदादाता को निविदा प्रपत्र में अपनी दरों का प्रतिशत में स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आंगणन की धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि 3 प्रतिशत | निविदा की बैद्यता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का शुल्क/ जी.एस.टी. 18 प्रति. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा. पौंठी सिलगढ में विनोद लाल के मकान से शिव लाल के मकान तक इन्टरलॉक टाईल्स। | 500000 | 15000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 2 | ग्रा.पं. पाबौं में सडक से शान्ति देवी के घर कि ओर इन्टरलॉक टाईल्स निर्माण । | 500000 | 15000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18प्रतिशत |
| 3 | ग्रा.पं. दरमोला में पाण्डवखली में रास्ता एंव टाईल्स निर्माण। | 500000 | 15000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 + 18प्रतिशत |
| 4 | ग्रा.पं. करोखी में पैदल सडक सुधारीकरण/इन्टरलॉक टाईल्स निर्माण । | 500000 | 15000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 + 18प्रतिशत |
| 5 | ग्रा.पं. कण्डाली में सी.सी. एंव इन्टरलॉक टाईल्स मार्ग निर्माण। | 500000 | 15000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 6 | ग्रा.पं. जग्गी बगवान में म्वारा डिमका तोक से सेणा घाट तक खण्डिजा मार्ग । | 500000 | 15000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 7 | नारायणकोटी से कुठेडा जाखराजा मंदिर जाने वाले रास्ता पर इन्टरलॉक टाईल्स निर्माण । | 500000 | 15000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 + 18 प्रतिशत |
| 8 | ग्रा.स. मथ्यागांव में मिलन केन्द्र निर्माण । | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 9 | ग्रा.स. तेवडी में पंचायत चौक सुधारीकरण कार्य । | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 10 | ग्रा.स. नैणी पौण्डार के अन्तर्गत सगुड में पानी का टेंक निर्माण। | 400000 | 12000 | 45दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 11 | ग्रा.स. पौठी सिलगढ में शूरवीर सिंह के मकान से कर्ण सिंह के मकान तक इन्टरलॉक टाईल्स । | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 + 18 प्रतिशत |
| 12 | ग्रा.स. रूमसी में सी.सी. इन्टरलॉक टाईल्स निर्माण। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18प्रतिशत |
| 13 | रा.प्रा.वि. पाबौं धनपुर के प्रागण में चक्का टाईल्स निर्माण। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 14 | ग्रा.पं. स्वीली में बद्रीनाथ मंदिर में सौन्दर्यीकरण एंव रैलिग कार्य। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 15 | ग्रा.पं. दैडा के पंचायत चौक में टिन सैट निर्माण। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 16 | ग्रा. पन्द्रोला के प्रा.वि. नागधार तक खण्डिजा सी.सी. मार्ग निर्माण। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 17 | ग्रा.पं. खतेणा में देवस्थल प्रागण स्थल विकास एंव सौन्दर्यीकरण कार्य। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 18 | महेश मंदिर घरडा मखेत में प्रवेशद्वार निर्माण। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 19 | ग्रा.स. महड के रा.इ.का. काण्डई दशज्यूला के भवन का मरम्मतीकरण कार्य। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 + 18 प्रतिशत |
| 20 | सहकारी समिति चोपता में फेबरिकेट कक्ष निर्माण। | 40000 | 2000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 21 | ग्रा.पं. राऊलैक में लैक से कालीशिला पैदल मार्ग पर तोक रॉऊ में मुरखोली से जम्मुखीधार तक सी0सी0 मार्ग। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18प्रतिशत |
| 22 | निथिर फाटा से खडिया खाट मैखण्डा जामू वाले मोटर मार्ग में प्रवेश द्वार निर्माण। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18प्रतिशत |
| 23 | ग्रा.स. लमगौण्डी में स्व. हीरालाल कप्रवाण राजकीय आयुवैदिक चिकित्सालय में टाईल्स निर्माण। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 24 | ग्रा.पं. दानकोट के अन्तगत खाल्यू में इन्टरलॉक रास्ता निर्माण। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |
| 25 | ताला सारी मोटर मार्ग पर पर्यअन गांव सारी के लिये प्रवेशद्वार निर्माण। | 800000 | 24000 | 45 दिन | 3 माह | 1000+ 18 प्रतिशत |

**शेष शर्तें:-**
1 फर्म/ठेकेदार को निविदा प्रकाशित होने की तिथि से पूर्व जिला पंचायत रूद्रप्रयाग में ए एंव बी श्रेणी में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2 अनुबन्ध के समय 5 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा।
3 निविदा के साथ ठेकेदार को अपना बैंक खाता एवं जी0एस0टी0 की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4 सशर्त निविदा/अपूर्ण निविदा को स्वीकार नही किया जायेगा।
5 निविदा बिक्रय एवं खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में, निविदा अगले कार्यदिवस में बेची/खोली जायेगी।
6 एजेन्सी द्वारा किसी अन्य संस्था को कार्य सबलेट नही किया जायेगा।
7 कार्य सन्तोषजनक ढंग से पूर्ण होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
8 निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दर के अन्तर्गत ही प्रत्येक कार्य पर साइन बोर्ड लगाया जाना आवश्यक होगा।
9 जिला पंचायत के बकायादार को निविदा बिक्रय नहीं की जायेगी।
10 स्थानीय खनन हेतु भूतत्व एंव खनिकर्म ईकाई कार्यालय रूद्रप्रयाग से अनुमति लेनी स्वंय ठैकेदार की जिम्मेदारी होगी।
11 अन्य शर्तें एवं कार्य के निमित विशिष्टियों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(संजय कुमार)
प्र.अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत रूद्रप्रयाग

(पूनम कठैत)
अध्यक्ष
जिला पंचायत रूद्रप्रयाग


## पतंजलि विश्वविद्यालय में 'जनजातीय कार्य मंत्रालय' के पदाधिकारियों का चिंतन शिविर

# जनजातीय समुदायों के समग्र विकास और कल्याण को प्रभावी रूप से लागू करने की क्षमता: मंत्रालय

**चेतना से पदार्थ बने व पदार्थों से चेतना: दुर्गादास उइके**

**भारत की मूल प्रकृति में भारत बसता है: स्वामी रामदेव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पदाधिकारियों का दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में आयोजित हुआ। इस शिविर का आयोजन मंत्रालय द्वारा जनजातीय समुदायों के समग्र विकास और सशक्तिकरण के उद्देश्य से किया गया, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के प्रधान सचिव, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, विशेषज्ञों और जनजातीय क्षेत्र के अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने मुख्य अतिथियों का स्वागत शॉल, माला और स्मृति चिह्न भेंट करके किया। शुभारम्भ दीप प्रज्वलन, राष्ट्रीय गीत और डा. अर्चना तिवारी व उनकी टीम के समूहगान से हुआ।



भारत सरकार के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि हमारे देश की जनजातीय समुदायों की संस्कृति, परंपराएं और जीवनशैली बेहद समृद्ध हैं। इनके समग्र विकास के लिए हमें उनके पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक नीतियों का संतुलित उपयोग करना होगा। भारत सरकार इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है ताकि जनजातीय समाज को सशक्त किया जा सके और उन्हें मुख्यधारा में समावेशित किया जा सके। राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने श्रीराम और शबरी के प्रसंग का उल्लेख कर निष्कपट भक्ति, प्रेम और समानता का संदेश स्पष्ट किया। साथ ही बिरसा मुंडा का उदाहरण देते हुए जनजातीय समाज की ऐतिहासिक भूमिका, अधिकारों और उनके संघर्ष को धर्म, संस्कृति तथा राष्ट्र रक्षा का प्रतीक बताया। उन्होंने गुरुकुल परंपरा समझाते हुए चाणक्य व एकलव्य के माध्यम से श्रद्धा, समर्पण और अनुशासन के महत्व को रेखांकित करते हुए भारतीय संस्कृति को मानव जीवन के विविध मूल्यों का समावेश करने वाली बताया। सचिव मनीष ठाकुर ने समावेशी विकास को व्यापक प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि यह सभी वर्गों को सम्मान और समान अवसर प्रदान करता है तथा प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करते हुए स्थायी विकास सुनिश्चित करता है। सचिव जनजातीय कार्य मंत्रालय रंजना चोपड़ा ने कहा कि जनजातीय समुदाय प्रकृति के संरक्षक हैं जो पर्यावरण संतुलन, संसाधन संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करते हैं तथा मानवता के लिए योगदान देते हैं। उन्होंने जनमन से जनजातीय विकास कार्य हो रहे हैं, उल्लेख प्रधानमंत्री ने मन की बात में किया।

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि जनजातीय समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आयुर्वेद एक महत्वपूर्ण और प्राचीन उपाय है। यदि हम अपनी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को पुन: जीवित करें और आधुनिक विज्ञान के साथ उनका समन्वय करें, तो इससे न केवल जनजातीय समुदायों का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक सशक्तिकरण होगा, बल्कि उनकी जीवनशैली में संतुलन और समृद्धि भी आएगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों और पारंपरिक ज्ञान के बीच संतुलन स्थापित करना जनजातीय समाज के कल्याण को एक मजबूत आधार बन सकता है। इस दिशा में सभी को सर्वभूतेषु की भावना अपनाते हुए मिलकर कार्य कर रहे हैं। पतंजलि में विभिन्न पिछड़े वर्गों और जनजातीय समुदायों के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जो पूरे भारत में शैक्षिक समानता का उदाहरण है।

स्वामी रामदेव ने कहा कि योग और आयुर्वेद जनजातीय समुदायों के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक सशक्ति का प्रभावी साधन हैं। समाज को पुरुषार्थी व जागरूक बनाना है। 18 घंटे पुरुषार्थ करना चाहिए। हमारे प्राचीन ज्ञान और पद्धतियों को पुनर्जीवित करना आवश्यक है ताकि जनजातीय लोग अपने जीवन में संत. ुलन, स्वास्थ्य और समृद्धि का अनुभव कर सकें। स्वामी जी ने यह भी कहा कि समाज में जागरूकता फैलाने और युवाओं को योग और आयुर्वेद के महत्व से परिचित कराने के लिए हमें व्यापक प्रयास करने होंगे। रामदेव ने पतंजलि के प्रयासों की विवेचना करते हुए कहा कि पतंजलि ने भारतीय पारंपरिक ज्ञान, योग और आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक: आनन्द बत्रा 'सुमन'

स्थानीय सम्पादक: चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTTHIN 2001/05656

मोबाइल-9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## कार्यालय नगर पंचायत, तिलवाडा, जनपद-रूद्रप्रयाग

Email-nptilwara@gmail.com

पत्रांक: 57/ ठेकेदारी/ 2026-27 दिनांक: 30/04/2026

**संशोधन सूचना ठेकेदारी पंजीकरण एवं नवीनीकरण सूचना (वित्तीय वर्ष 2026-27)**

नगर पंचायत तिलवाड़ा, जनपद-रुद्रप्रयाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ठेकेदारों/फर्मों/संस्थाओं के पंजीकरण/नवीनीकरण के संबंध में पूर्व में जारी सूचना में आंशिक संशोधन किया जाता है। पूर्व में पंजीकरण/नवीनीकरण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे उपविधियों के आधार पर संशोधित करते हुए अब 01 अप्रैल 2026 से 31 मई 2026 तक किया जाता है।

अत: इच्छुक ठेकेदार/फर्म/संस्थाएं संशोधित अवधि में कार्यालय नगर पंचायत तिलवाड़ा में उपस्थित होकर अपना पंजीकरण/नवीनीकरण करा सकते हैं।

पंजीकरण/नवीनीकरण से संबंधित विस्तृत नियम, शर्तें एवं आवश्यक अभिलेखों की जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तिलवाड़ा
जनपद-रुद्रप्रयाग

अध्यक्ष
नगर पंचायत तिलवाड़ा
जनपद-रुद्रप्रयाग

# ईरान ने एशियन बीच गेम्स में पुरुषों का सॉकर खिताब जीता

**सान्या, वार्ता।** दुनिया की नम्बर 5 टीम ईरान ने बुधवार को ओमान को 6-2 से हराकर छठे एशियन बीच गेम्स में अपना तीसरा पुरुषों का बीच सॉकर टाइटल जीता।

ईरान को 1-0 की बढ़त लेने में सिर्फ 49 सेकंड लगे, जिसमें गोलकीपर सैयदमोहम्मद दास्तान ने एक शानदार लॉन्ग-रेंज वॉली से बराबरी तोड़ी। पहले पीरियड के आखिरी मिनट में, दावूद शोक. री और मोवाहेद मोहम्मदपुर ने एक-एक गोल किया, जिससे ईरान को पहले ब्रेक तक 3-0 की बढ़त मिल गई।

दूसरे पीरियड के शुरुआती मिनट में सलीम सौती अब्दुल्ला ने ओमान के लिए एक गोल किया, लेकिन मोहम्मदपुर ने दो मिनट बाद ही ईरान के लिए चौथा गोल कर दिया। दोनों टीमों ने कई मौके बनाए और गंवाए, जिससे ओमान आखिरी पीरियड में 4-1 से पीछे चल रहा था। ईरान कंट्रोल में रहा क्योंकि शोकरी और अली मिरशे. कारी ने आखिरी पीरियड के बीच में दो और गोल किए, इससे पहले ओमान के सामी बुलुशी ने एक सांत्वना गोल किया। ईरानी नेशनल ओलंपिक कमेटी के सेक्रेटरी जनरल महदी अलीनेजाद ने देश की मजबूत बीच सॉकर टीम पर गर्व से बात की। अलीने. जाद ने कहा, वे बहुत अच्छे हैं और कई बार वर्ल्ड कप में हिस्सा ले चुके हैं। एशिया में, वे नम्बर वन हैं, और दुनिया में, वे टॉप पांच में हैं। ईरान के कप्तान हसनब मोख्तारी ने कहा, हमने अच्छा फाइनल खेलाद्ध हम इस इवेंट में ताकतवर हैं। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ी हैं, और इसीलिए हम टाइटल जीत सके।

# गुजरात ने बेंगलुरु को 155 पर ऑलआउट किया

## अरशद खान ने झटके 3 विकेट, पडिक्कल ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए

**अहमदाबाद,वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएलमें गुरुवार को गुजरात टाइटंस को 156 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु 19.2 ओवर में 155 रन पर आलआउट हो गई।

जवाबी पारी में गुजरात ने एक ओवर में बिना नुकसान के 12 रन बना लिए हैं। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल क्रीज पर हैं। गिल ने भुवनेश्वर के पहले ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही बेंगलुरु की ओर से कोई बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका। बेंगलुरु के देवदत्त पडिक्कल ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। विराट को.



रबाड़ा की गेंद पर कोहली का कैच लेने के बाद राशिद खान को गले लगाते रबाड़ा।

हली 28 और कप्तान रजत पाटीदार 19 रन बनाकर आउट हुए। अरशद खान ने 3 विकेट झटके। जेसन होल्डर और राशिद खान को 2-2 विकेट मिले। सिराज-रबाडा को एक-एक विकेट मिला।

एक बैटर रनआउट हुआ। बेंगलुरु की टीम 19.2 ओवर में 155 रन पर ऑलआउट हो गई। 20वें ओवर की पहली बाल पर अरशद खान ने वेंकटेश अय्यर को साई सुदर्शन के हाथों कैच आउट कराया। अगली ही बाल पर जोश हेजलवुड रनआउट हो गए। 18वें ओवर में अरशद खान की बाल पर वेंकटेश अय्यर की कोहनी पर लगी। अय्यर शार्ट लेंथ बाल पर क्रास खेलना चाहते थे, लेकिन चूक गए और बाल उनकी कोहनी पर जा लगी। इसी ओवर की चौथी बाल पर भुवनेश्वर ने चौका लगाया। यहां बेंगलुरु की पारी में 23 गेंद के बाद बाउंड्री आई है। 17वें ओवर में जेसन होल्डर ने महज 3 रन दिए। उनकी बाल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। एक रन लेग बाई से आया। 15वें ओवर की पहली बाल पर जेसन होल्डर ने रोमारियो शेफर्ड को साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। उन्होंने शेफर्ड को 5वीं बार पवेलियन भेजा। होल्डर ने जितेश शर्मा द्धएक रनक्ष को भी आउट किया। 14वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने राशिद खान की बाल पर दो छक्के लगाए। ओवर की आखिरी बाल पर राशिद खान ने देवदत्त पडिक्कल को कैच आउट कराया। उन्होंने पडीक्कल को 5वीं बार आउट किया है। पडिक्कल 40 रन बनाकर आउट हुए। 10.3 ओवर में अरशद खान ने क्रुणाल पंडया को आउट कर दिया। मिडिल और लेग पर पड़ी गेंद को क्रुणाल ने फ्लिक किया, लेकिन मिड-विकेट पर खड़े जेसन होल्डर ने एक और आसान कैच लपक लिया। होल्डर का यह मैच में तीसरा शानदार कैच रहा। 9.4 ओवर पर राशिद खान ने टिम डेविड को आउट कर आरसीबी को बड़ा झटका दिया। डेविड ने मिड-विकेट की ओर शाट खेला, लेकिन जेसन होल्डर ने दाईं ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया।

## खेल विशेष

### ब्रिटेन के जैक ड्रेपर घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन के जैक ड्रेपर घुटने की चोट के कारण अगले महीने होने वाले फेंच ओपन सहित बाकी क्ले कोर्ट सीजन में नहीं खेल पाएंगे। 24 साल के जैक ड्रेपर को जून के ग्रास कोर्ट सीजन में वापसी की उम्मीद है, लेकिन तब तक वह लगभग निश्चित रूप से दुनिया के टॉप 100 खिलाड़ियों से बाहर हो जाएंगे। ड्रेपर ने इस महीने की शुरुआत में बार्सिलोना में सीजन के अपने एकमात्र क्ले कोर्ट मैच से अपने दाहिने घुटने में टेंडन की समस्या के कारण रिटायरमेंट ले लिया था। इसके बाद उन्होंने मैड्रिड और रोम में लगातार दो एटीपी 1000 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया, लेकिन उम्मीद जताई कि वह फेंच ओपन के लिए फिट हो जाएंगे।

### भारत का क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से मुकाबला

**हॉर्सेंस (डेनमार्क), वार्ता।** भारत की पुरु बैडमिंटन टीम गुरुवार को नॉकआउट ड्रॉ की घोाणा के बाद बीडब्ल्यूएफ थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से भिड़ेगी। 2022 की चैंपियन टीम ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने कनाडा (4-1) और ऑस्ट्रेलिया (5-0) पर शानदार जीत के साथ पहले ही अंतिम आठ में जगह पक्की कर ली थी, लेकिन बुधवार को चीन से 3-2 से करीबी हार के साथ अपना ग्रुप स्टेज खत्म किया। चीनी ताइपे के लिए क्वार्टरफाइनल तक का रास्ता बहुत मुश्किल था। उन्हें मेजबान डेनमार्क के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप सी मुकाबले में बहुत मुश्किल स्थिति में धकेल दिया गया था, जहां उन्हें मुकाबले में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। दबाव के बावजूद, वे नाटकीय तरीके से जीत हासिल करने में कामयाब रहे।

### पीजीडीएवी की जीत में चमके आर्यन व अंकित

**नई दिल्ली, वार्ता।** आर्यन शर्मा (131) के उम्दा शतक और अंकित कुमार (55 रन और 5 विकेट) के शानदार आलराउंड प्रदर्शन से पीजीडीएवी कॉलेज (प्रात:) ने जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज को 93 रनों से हराया। तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती टी-20 डे-नाईट इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में पीजीडीएवी कॉलेज (प्रात:) ने पहले बल्लेबाजी कर 20 ओवर में 5 विकेट पर 272 रन बनाए। इसके जवाब में जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज की टीम 16-1 ओवर में 179 रन पर आल आउट हो गई। उसकी तरफ से लोकेश बेनिवाल ने105 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। अंकित कुमार को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। एक अन्य लीग मैच में पीजीडीएवी ब्लू ने पीजीडीएवी (सांध्य) को 91 रनों से हराया। पीजीडीएवी ब्लू ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 240 रन बनाए। राहुल बाग ने 92, लक्षय बंसल ने 78 रन बनाए। प्रबाल सचदेव ने 57 रन पर 4 विकेट चटकाए। इसके जवाब में पीजीडीएवी (सांध्य) की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन ही बना सकी।

# ऑरेंज कैप फिर हुई अभिषेक की

**मुम्बई, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभोिक शर्मा ने राजस्थान रॉयल्स (आआर) के आक्रामक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को पछाड़ कर ऑरेंज कैप पर कब्जा कर लिया है।

बुधवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के दो बल्लेबाज 400 रनों का आंकड़ा पार कर उनसे आगे निकल गए। 24 गेंदों पर 45 रन बनाने वाले अभिोक शर्मा और हाइनरिक क्लासन, जिन्होंने 30 गेंदों पर नाबाद 65 रन बनाए, अब तालिका में क्रमशः नम्बर 1 और 2 पर हैं। अभिोक के 425, क्लासन के 414 और सूर्यवंशी अब 400 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं, इसके बाद केएल राहुल और विराट कोहली हैं, जो इस सीजन में 350 रन पार करने वाले अन्य खिलाड़ी हैं, और सात अन्य बल्लेबाज भी 300 से अधिक रन बना चुके हैं। पर्पल



कैप तालिका में ईशान मलिंगा इस सीजन में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए कल मुम्बई इंडियंस खिलाफ 1/29 का आंकड़ा दर्ज किया। उनका शिकार सूर्यकुमार यादव बने। मलिगा अब 15 विकेट के साथ सबसे आगे हैं।

और पर्पल कैप पर उनका कब्जा है उनके पीछे आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार, आरआर के जोफ्रा आर्चर और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज हैं, जिनके 14-14 विकेट हैं। इसके बाद 13 विकेट के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिस यादव और गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा हैं।

# RR के खिलाफ अपनी उम्मीदों को बनाए रखने उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल 2026 के 43वें मैच में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) से होगा। लगातार तीन हार झेल चुकी डीसी को पिछले दो मैचों में बेहद करारी हार मिली है। टीम अब आत्मविश्वास वापस हासिल करके अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। पिछले तीन में से दो मैच जीत चुकी आरआर की लय अच्छी चल रही है और वे इसे ही जारी रखना चाहेंगे।

राजस्थान नौ मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है जबकि दिल्ली आठ मैचों में छह अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। राजस्थान जीत के साथ प्लेऑफ के करीब पहुंच



जायेगी। दूसरी तरफ एक और हार दिल्ली की उम्मीदों पर करारा प्रहार करेगी। डीसी टॉप ऑर्डर बनाम जोफ्रा आर्चर इस सीजन पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के सामने डीसी का मजबूत टॉप ऑर्डर एक बड़ी चुनौती पेश करेगा, खासकर केएल राहुल और नितीश राणा के रूप में। टी-20 क्रिकेट में राहुल ने आर्चर के खिलाफ 9 पारियों में 96 रन बनाए हैं, सिर्फ 2 बार आउट हुए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 135 रहा है। वहीं राणा का रिकॉर्ड उतना प्रभावशाली नहीं है। आईपीएल में आर्चर के खिलाफ 4 पारियों में वह सिर्फ 9 रन बनाकर 2 बार आउट हुए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 69 का रहा है। क्या डीसी डेथ ओवर्स के लिए कुलदीप का एक ओवर बचाकर रखेगी? कुलदीप यादव का रिकॉर्ड आरआर के फिनिशर्स डॉनोवन फरेरा और दासुन शनाका के खिलाफ काफी अच्छा रहा है, ऐसे में डीसी उनके खिलाफ डेथ ओवर्स में कुलदीप का एक ओवर बचाकर रख सकती है। फरेरा ने कुलदीप के खिलाफ टी-20 में 3 पारियों में 15 रन बनाए हैं और 2 बार आउट हुए हैं। हालांकि उनका स्ट्राइक रेट 167 है। वहीं शनाका ने 5 पारियों में 21 रन बनाए हैं।

# ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग करने पर रियान पराग पर लगा भारी जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** रियान पराग पर उनके 'स्मोकिंग एक्ट' के लिए मैच फीस का 25 परसेंट जुर्माना लगाया गया है, जिससे खेल की बदनामी हुई। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान को भेजे गए नोटिस में, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन पर प्लेयर कोड ऑफ कंडक्ट (सीओसी) के आर्टिकल 2-1 के तहत लेवल 1 का अपराध लगाया, जो खिलाड़ियों और अधिकारियों द्वारा आम, बिना बताए उल्लंघन से संबंधित है।

पराग हाल ही में एक आईपीएल मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम के अंदर स्मोकिंग करते हुए कैमरे में पकड़े गए थे। सीजन के लिए उनके 14 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट को देखते हुए, उनकी हर



मैच की फीस लगभग 1 करोड़ रुपये होती है, जिसका मतलब है कि 25 परसेंट फाइन लगभग 25 लाख रुपये होगा। यह देखते हुए कि इसे पहली बार का अपराध माना गया था, 25 लाख रुपये एक भारी पेनल्टी है। जैसा कि क्रिकबज ने 29 अप्रैल को बताया था, ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग के लिए कोई मिसाल या नियम न होने पर, बीसीसीआई ने आर्टिकल 2-21 लागू किया है जो उन अपराधों को कवर करता है जिनका सीओसी में खास तौर पर जिक्र नहीं है। रिकॉर्ड के लिए, आर्टिकल 2-21 का मकसद उन सभी तरह के व्यवहार को कवर करना है जो खेल को बदनाम करते हैं और जो सीओसी में बताए गए खास अपराधों में खास तौर पर या ठीक से कवर नहीं होते हैं। यह आर्टिकल पब्लिक जगहों पर गलत कामों को भी कवर करता है। उदाहरण के लिए, आर्टिकल 2-21 (ब्रीच की गंभीरता और कॉन्टेक्स्ट के आधार पर) बिना किसी लिमिट के, इन चीजों पर रोक लगा सकता है, पब्लिक में गलत काम (बी) गलत पब्लिक बिहेवियर और (सी) गलत कमेंट्स जो गेम के हितों के लिए नुकसानदायक हैं। इसमें लाप. रवाही और ऐसे बिहेवियर का भी जिक्र है जिनसे बचा जा सकता है।

# सिनर सेमीफाइनल में, पोटापोवा ने प्लिसकोवा को हराया

**मैड्रिड, वार्ता।** दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर मैड्रिड ओपन में राफेल जोडार को 6-2, 7-6 (0) से हराकर के अपने पहले सेमीफाइनल पहुंचे। मैड्रिड में जन्मे जोडार हाल ही में कोंडे डी गोडो (बार्सिलोना ओपन) के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद टूर्नामेंट के सरप्राइज पैकेज में से एक रहे हैं, और उन्हें काजा मैजिका में घरेलू मैदान पर मजबूत सपोर्ट मिला।

जोडार ने सिनर के खिलाफ सात ब्रेक पॉइंट बनाए, लेकिन इटैलियन खिलाड़ी ने एक घंटे, 55 मिनट की जीत में उन सभी को बचा लिया,

जिससे बुधवार को उनकी जीत का सिलसिला 21 मैचों तक पहुंच गया। बाद में पुरुों के एक और क्वार्टर फाइनल में, फांस के



आर्थर फिल्स ने चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को 6-3, 6-4 से हराकर सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिलाओं में, अनस्तासिया पोटापोवा ने पूर्व दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी कैरोलिना प्लिसकोवा को 6-1, 6-7 (4), 6-3 से हराया, जबकि 26वीं सीड मार्टा क्वोयुक ने चेक रिपब्लिक की 13वीं सीड लिडा नोस्कोवा को सीधे सेटों में 7-6 (1), 6-0 से हराया। क्वोयुक का मुकाबला सेमीफाइनल में पोटापोवा से होगा। पोटापोवा ने माना कि 6-5 पर दूसरा सेट सर्व करने में नाकाम रहने के बाद उन्हें मेंटली स्ट्रगल करना पड़ा।

# रोड्स, फाफ व हेनरिक क्लासेन बने नई रोटर्डम फ्रेंचाइजी के मालिक

**रोटर्डम, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के तीन सबसे प्रतिठित क्रिकेटर- जोंटी रोड्स, फाफ डु प्लेसिस और हेनरिक क्लासेन-अब मैदान के बाहर भी क्रिकेट के प्रति अपने जुनून को नई दिशा दे रहे हैं।

इन तीनों ने मिलकर यूरो. पियन टी-20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) की पांचवीं फेंच. इजी को खरीदने के लिए एक समूह बनाया है। यह यूरोप की पहली आईसीसी- मान्यता प्राप्त टी-20 लीग है, जिसका आधार रोटर्डम, नीदरलैंड्स में है। इस समूह में मधुकर श्री प्रबंध साझेदार के रूप में शामिल हुए हैं। यह घोाणा उस लीग के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो तेजी से विश्व क्रिकेट की सबसे बहुप्रतीक्षित नई प्रतियोगिताओं में से एक बन रही है। लीग की शुरुआत इस अगस्त में यूरोप के छह शहरों में होगी। रोटर्डम फेंच. इजी उद्घाटन सत्र में हिस्सा लेगी, जो 26 अगस्त से 20 सितंबर 2026 तक आयोजित होगा। कुल 33 मुकाबलों में छह शहर-आधारित फेंचाइजियां- ग्लासगो, एम्स्टर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटर्डम-खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

यह यूरोप में क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। जोंटी रोड्स ने कहा, ईटीपीएल एक बेहद आर्कक अवसर प्रस्तुत करता है। हाल के आईसीसी आयोजनों में हमने यूरोप की क्रिकेट क्षमता की झलक देखी है। अब इस क्षेत्र को एक मजबूत व्यावसायिक ढांचे की आवश्यकता है, जो इस पूरे तंत्र को एकजुट और सशक्त बना सके। ईटीपीएल ठीक वही मंच प्रदान करता है-जहां प्रतिभाओं की पहचान, उनका विकास और उन्हें आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा, जिससे पूरे यूरोप में क्रिकेट मजबूत होगा। मैं इस यात्रा का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। फाफ डु प्लेसिस ने कहा, जोंटी और क्लासी (हेनरिक क्लासेन) के साथ ईटीपीएल में एक फ्रेंच. इजी खरीदना बेहद खास है। टीम स्वामित्व में यह मेरा पहला कदम है और यूरोपीय क्रिकेट के तेजी से आगे बढ़ने के इस समय से बेहतर मौका नहीं हो सकता। दुनिया भर की फेंचाइजी लीगों में खेलने के अनुभव के बाद, मैं ईटीपीएल की अपार संभावनाएं देख सकता हूं।

# हम वह नहीं कर पाए, जिसके लिए मुंबई इंडियंस जानी जाती हैः हार्दिक

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए कुछ भी सही नहीं हो रहा है। बुधवार की रात, उन्होंने पहली पारी का अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, लेकिन वह भी काम नहीं आया, क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद ने 244 रनों के लक्ष्य का पीछा आठ गेंदें शो रहते ही कर लिया। इस हार ने मुंबई को आखिरी पायदान की जंग में धकेल दिया है।

आठ मैचों के बाद उनके और लखनऊ सुपर जायंट्स के अंक (4) बराबर हैं, और मुंबई केवल नेट रन रेट के आधार पर आगे है। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का असामान्य फैसला लिया था। वानखेड़े स्टेडियम में पिछले 21 आईपीएल मैचों में टॉस जीतने वाली टीम ने गें. दबाजी चुनी थी। टीमें आमतौर पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद करती हैं क्योंकि ओस की वजह से दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है, लेकिन हार्दिक को नहीं



लगा कि उस दिन ऐसा कुछ था। पोस्ट मैच इंटरव्यू में उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि ओस ने कोई बड़ी भूमिका निभाई, बस उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स खेले। हमने कुछ खराब गेंदें फेंकीं और उन्हें तेज शुरुआत मिल गई। मुझे लगता है कि हमने वापसी की कोशिश की, लेकिन वह काफी नहीं था। हार्दिक का मानना था कि मुंबई को ज्यादातर मौकों पर इस स्कोर का बचाव कर लेना चाहिए था। मुझे लगता है कि 244 रन रोकने के लिए मैं अपने गेंदबाजों पर भरोसा करूंगा, लेकिन हां, किसी और दिन। आज हम रणनीति को मैदान पर सही से लागू नहीं कर पाए।

हैदराबाद की इस शानदार जीत की बुनियाद पहले छह ओवरों में ही पड़ गई थी, जहां ट्रैविस हेड और अभोिक शर्मा ने उन्हें बिना किसी नुकसान के 92 रनों के पावरप्ले स्कोर तक पहुंचा दिया। इस दौरान मुंबई के पास मौके थे। नमन धीर ने दो कैच छोड़े, विल जैक्स एक मुश्किल कैच नहीं लपक पाए, और मुंबई हेड के बल्ले का वह किनारा भी नहीं पहचान पाई जिस पर वे रिव्यू ले सकते थे। हार्दिक ने कहा, यह सीजन कुछ ऐसा ही रहा है। जब आपको एक-दो मौके मिलते हैं और आप उन्हें लपक लेते हैं, तभी किस्मत और लय बदलती है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं।

### ऑपरेशन प्रहार के तहत मंगलौर पुलिस व सीआईयू को मिली बड़ी कामयाबी

# दो शातिर वाहन चोर हरियाणा से दबोचे, दो कार बरामद

## आरोपी कबड्डी व ताइक्वांडो के खिलाड़ी व नशे के आदी हैं, झूठी शान शौकत के लिए करते हैं चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली पुलिस ने सीआईयू की मदद से बड़ी कामयाबी हासिल की है हरियाणा से दो शातिर वाहन चोरों को दबोच कर चोरी की गई उनसे दो कार्य बरामद की हैं इन शातिर चोरों को दबोचने में पुलिस को मंगलौर से हरियाणा तक करीब 500 सीसी टीवी कैमरे खंगालने पड़े । बताया गया है कि दोनों वाहन चोर ताइक्वांडो खिलाड़ी हैं और शौक पूरा करने के लिए वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

जानकारी के अनुसार बंटी पुत्र चन्द्रमोहन निवासी डबल स्टोरी, विशाल, नई दिल्ली द्वारा कोतवाली मंगलौर में सूचना दी गई कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गुंड मंडी मंगलौर के पास उनकी ईको कार चोरी कर



ली गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक मंगलौर द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा

- ❖ मंगलौर क्षेत्र से चोरी कर टोल व बैरियर तोड़ते हुए भागे थे आरोपी
- ❖ पुलिस ने मंगलौर से लेकर हरियाणा तक छाने लगभग 500 सीसीटीवी कैमरे

हरिद्वार से लेकर हरियाणा तक विभिन्न स्थानों गुंड मंडी, मंडावली, पुरकाजी, छपार, मुजफ्फरनगर, शामली, शाहपुर, बागपत, कांधला, पानीपत आदि में लगभग 419 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। जांच के दौरान आरोपियों की काली स्विफ्ट कार अस्थायी नंबर प्लेट के साथ कई टोल प्लाजाओं के बैरियर तोड़ते हुए दिखाई दी। चोरी के बाद भी आरोपियों ने हरिद्वार से हरियाणा तक कई टोल बैरियर तोड़कर फरार होने का प्रयास किया। दिनांक 29. 04.2026 को पुलिस टीम द्वारा गोहाना रोड, पानीपत (हरियाणा) से दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया तथा चोरी की गई ईको कार और प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई। आरोपी कबड्डी/ताइक्वांडो के खिलाड़ी हैं और कोचिंग ले रहे थे, नशे की लत और शौक पूरे करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। योजना के तहत पहले वाहन बुक कर हरिद्वार पहुंचे, गुंड मंडी क्षेत्र में ईको कार को चोरी कर फरार हो गए। इस सफल कार्रवाई से न केवल अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा हुआ, बल्कि दिल्ली से आए पर्यटक को उसका वाहन वापस दिलाकर पुलिस ने आमजन का विश्वास भी मजबूत किया है। नाम पता आरोपित-शाहिल पुत्र अनिल, निवासी राजनगर गली नं. 02, पानीपत (हरियाणा) व संदीप रोड पुत्र बलवीर सिंह, निवासी राजनगर गली नं. 02, पानीपत (हरियाणा) हैं। पुलिस टीम में व0उ0नि0 सुखपाल सिंह मान, उ0नि0 नितिन विष्ट, का0 रणवीर सिंह, का0 सुधीर, का0 अजय काला, का0 महिपाल आदि शामिल रहे।

## घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के मेंहवड कला गांव में दिन में ही घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी नगदी ओर सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के मेंहवड कला निवासी अनिरुद्ध सैनी ने पुलिस कोदी तहरीर में बताया कि बुधवार को उसके परिजन किसी काम से कहीं गए हुए थे तो दिन में ही चोरों ने घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के के जेवर हजारों रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए। जैसे ही परिजन वापस आए तो उन्होंने देखा कि घर की अलमारी का ताला टूटा हुआ है ओर उसका सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी में रखी नगदी ओर जेवर गायब है। यह घटना आसपास लगे सीसी टीवीकैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर सीसी टीवी कैमरों की खंगाला। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया हे कि तहरीर के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। ओर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

### विधानसभा सत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का वेतन वृद्धि का मुद्दा उठाने पर

# कार्यकत्रियों ने जताया लक्सर विधायक शहजाद का धन्यवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तराखंड के लक्सर ब्लॉक सभागार में अपनी मांगों को लेकर मुखर हुई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना प्रदर्शन एक माह का समय बीत जाने के बाद भी बदस्तूर जारी है। कार्यकत्रियों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि जब तक सरकार उनके वेतन में सम्मानजनक वृद्धि नहीं करती, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगी और आंदोलन जारी रहेगा 9000 रुपये में घर चलाना मुश्किल-धरना स्थल पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्री दीपमाला, रूमा रानी और रेखा ने सरकार के प्रति कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में उन्हें मात्र 9000 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है उन्होंने बढ़ती महंगाई का हवाला देते हुए कहा9000 रुपये में बिजली का बिल, गैस सिलेंडर, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की फीस और घरेलू राशन का खर्च उठाना नामुमकिन हो गया है सरकार हमसे काम तो जरूरत से ज्यादा लेती है लेकिन मानदेय के नाम पर हमें ना के बराबर राशि दी



जा रही है। सरकार की चुप्पी और विपक्ष का समर्थन कार्यकत्रियों का आरोप है कि उत्तराखंड सरकार ने अब तक उनकी मांगों की सुध नहीं ली है और न ही प्रशासन की ओर से कोई वार्ता की पहल की गई है। उन्होंने स्थानीय विधायक मोहम्मद शहजाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केवल उन्होंने ही विधानसभा में उनकी आवाज को प्रमुखता से उठाया है विपक्ष में होने के बावजूद वे आंगनबाड़ी बहनों की जायज मांग को सरकार के सामने रख रहे हैं जबकि सत्ता पक्ष इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। प्रमुख मांग 24,000 रुपये मानदेय आंदोलनकारी महिलाओं ने स्पष्ट किया है कि उनकी मांग 24,000 रुपये प्रतिमाह वेतन करने की है उन्होंने चेतावनी दी है किजब तक लिखित आश्वासन और वेतन वृद्धि नहीं होती, तब तक सभी विभागीय कार्य पूरी तरह ठप रहेंगेसरकारी योजनाओं और स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले किसी भी सर्वे या कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सहयोग नहीं करेंगीलक्सर ब्लॉक में चल रहे इस धरने के कारण क्षेत्र में आंगनबाड़ी से जुड़ी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जिससे आने वाले समय में सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में 310 लोगों की हुई जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** गाधारोणा में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर लगा कर 310 लोगों के स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य देखरेख के लिए विस्तार से समझाया गया।

गुरुवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से गाधारोणा गांव में शिविर का आयोजन किया गया। नारसन सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अचिंतन गर्ग ने बताया कि शिविर में सौ से अधिक गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके अलावा 50 लोगों की खून की जांच तथा 32 लोगों के बलगम के सैंपल लिए गए साथ ही 30 लोगों के एक्सरे किए जाने के साथ साथ 50 से अधिक लोगों स्वास्थ्य की जांच की गई। एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर ने बताया कि शिविर का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित मातृत्व, शिशु स्वास्थ्य सुदृढ बनाना है। सीएमओ डॉ. आरके सिंह ने भी शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमओ ने ग्रामीणों से कहा सभी गर्भवती का प्रसव आसपास के सरकारी अस्पतालों में कराया जाए। सीएमओ ने कहा कि कोई भी प्रसव दाई ना कराया जाए। सीएमओ ने कहा जिन ग्राम पंचायतो में एएनएम नहीं है शीध्र ही उन स्थानों पर एएनएम की तैनाती की जाएगी। शिवर में नारसन सीएचसी के डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य की। इस मौके पर भाजपा नेता प्रेम गिरी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लाला गिरी समेत कई मौजिज लोग मौजूद रहे।

## मंगलौर में आर.आर.आर. केंद्र का उद्घाटन जरूरतमंदों को मिलेगा निःशुल्क सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर पालिका परिषद मंगलौर ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय के सामने घटाओ, पुनः उपयोग करो, पुनः चक्रित करो (आर.आर.आर.) केंद्र का शुभारंभ किया। केंद्र का उद्घाटन पालिका ध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी ने किया।

पालिकाध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी ने नागरिकों से इस नेक कार्य में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने पुराने कपड़े, जूते, किताबें व अन्य घरेलू सामान केंद्र में जमा करा सकता है। जमा सामग्री जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि केंद्र प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा। सामान देने वाले व्यक्ति की प्रविष्टि के बाद सामग्री स्वीकार की जाएगी। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस पहल से जुड़ें। उद्घाटन अवसर पर पालिकाध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी, अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी, सफाई निरीक्षक जसवीर सिंह, वरिष्ठ सहायक दीपक शर्मा, और वसीम अब्बासी सहित पालिका कर्मचारियों ने केंद्र में सामग्री दान की। इस दौरान स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। क्या जमा कर सकते हैं पुराने कपड़े, जूते, किताबें, खिलौने, घरेलू सामान समय सुबह 10 से शाम 5 बजे,



कार्यदिवस में स्थान नगर पालिका कार्यालय मंगलौर के सामने उद्देश्य पुनः उपयोग को बढ़ावा जरूरतमंदों की मदद की जायेगी।

## जायरीनों ने दरगाहों पर मांगी खुशहाली की दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** जुमेरात पर दरगाह साबिर पाक, दरगाह इमाम साहब, किलकिली साहब, पीर गैब अली साहब और अब्दाल साहब पर अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही दरगाहों पर जायरीनों का पहुंचना शुरू हो गया जो देर शाम तक जारी रहा। दूर-दराज के जिलों और राज्यों से आए जायरीनों ने दरगाहों पर चादर चढ़ाई और देश में अमन-चौन की दुआएं मांगी। बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब समेत विभिन्न जगहों से बड़ी संख्या में जायरीन कलियर पहुंचे। इस दौरान दरगाह साबिर पाक में जायरीनों की कतारें लगी रहीं। दरगाह परिसर, पीपल चौक और मुख्य बाजारों में दिनभर भीड़ का दबाव बना रहा। वहीं सोहलपुर मार्ग पर अतिक्रमण के चलते यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। सड़क पर लगे लंबे जाम के कारण जायरीनों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा व सुबह से लेकर देर शाम तक जाम में फंसे रहे। इंस्पेक्टर कमल मोहन भंडारी ने बताया कि भीड़ को देखते हुए दरगाह परिसर और प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। भीड़ के चलते कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बनी रही। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराई।

## युवक को घर में घुसकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** घर के बाहर गाली गलौज करने का विरोध करने पर तीन युवकों ने एक युवक की घर में घुसकर पिटाई कर दी। पुलिस ने दो सगे भाइयों सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार, लक्सर कोतवाली के भुरना गांव निवासी शशी कुमार ने तहरीर में बताया कि 23 अप्रैल की देर शाम को वह अपने घर में मौजूद था। इस बीच आरोपी अमन व आशीष निवासीगण ग्राम भुरना और अर्जुन निवासी बेरी भलस्बा जनपद सहारनपुर उसके घर के बाहर खड़े होकर गाली गलौज करने लगे। उसने इसका विरोध किया तो आरोपी उसके घर में घुस आए और उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अजमत अल्वी उसकी पत्नी आईशा व पुत्र मो. अली अब्बास का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने अजमत, आईशा व मौ. अली अब्बास को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध-विच्छेद कर लिया है आज के बाद तीनो के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। तहसीना पत्नी स्व. चौधरी अफजल अल्वी नि. ज्वालापुर, थाना ज्वालापुर, हरिद्वार।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र नौशाद उसकी पत्नी नसरीन व उनके बच्चों का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने नौशाद, नसरीन व इनके बच्चों को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध-विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त सभी के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। रिहाना पत्नी स्व. कररूददीन नि. मौहल्ला कैतवाड़ा ज्वालापुर, थाना ज्वालापुर, हरिद्वार।

## 100 किलो गोमांस सहित एक आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली पुलिस ने गोकशी कर रहे एक आरोपी को दबोच कर उसके कब्जे से करीब 100 किलो गौमांस व उपकरण बरामद किए हैं तो उसका एक दूसरा साथी मोके से फरार होने में कामयाब हो गया जिसकी पुलिस तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार जनपद में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में कोतवाली लक्सर पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक लक्सर के नेतृत्व में पुलिस टीमों को क्षेत्र में पतारसी-सुरागरसी एवं सघन चेकिंग हेतु लगाया गया। दिनांक 30.04.2026 को प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम रणसूरा क्षेत्र में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान गौकशी कर रहे 01 आरोपी को मौके से पकड़ा गया, जबकि अन्य आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। पुलिस टीम द्वारा मौके से करीब 100 किलो गौमांस एवं गौकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए। पुलिस की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से एक आरोपी को हिरासत में लिया जा सका, फरार आरोपियों की तलाश जारी है। कोतवाली लक्सर में उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया। नाम पता आरोपित-इस्लाम पुत्र असगर निवासी ग्राम रणसूरा, कोतवाली लक्सर है।

## कलियर नगर पंचायत प्रतिनिधि ने किया सड़कों का शिलान्यास

# कस्बे का विकास ही प्राथमिकता : सलीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत कलियर के वार्ड संख्या नो में लाखों रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न आंतरिक सड़कों का शिलान्यास किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद, वार्ड सभासद मेहरुबा जावेद साबरी ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद ने कहा कि सभासदों के सहयोग से कस्बे में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे आमजन को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि जर्जर सड़कों का भी जल्द निर्माण कराया जाएगा। सभासद जावेद साबरी ने कहा कि क्षेत्र में सड़को नालों और नालियों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा जो विकास कार्य अभी



लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाएगा।इस मोके पर राव अफसर, तुफेल अहमद, उस्मान अली, अंजार अली, सलीम, सुलेमान, सलमान ,यूनुसआदि मौजूद रहें।

## पंजाब से घर लौट रहे दो युवकों की संदिग्ध मौत रेलवे ट्रैक पर मिले शव, परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कुन्हारी में उस वक्त मातम और आक्रोश फैल गया, जब काम के सिलसिले में पंजाब गए दो युवकों के शव रेलवे ट्रैक पर बरामद हुए। परिजनों ने इसे महज एक दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए पंजाब के एक ठेकेदार पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया हैशादी की खुशियां मातम में बदलींपरिजनों ने बताया कि गांव के दो युवक करीब 15 दिन पहले पंजाब के खन्ना में रियासत अली (निवासी गढ़मीरपुर, हाल निवासी नगर पंचायत सुल्तानपुर) नामक ठेकेदार के पास मजदूरी करने गए थे। परिवार में 27 अप्रैल को शादी का कार्यक्रम तय था, जिसकी खुशियों में शामिल होने के लिए दोनों युवक 25 अप्रैल को खन्ना से घरकेलिएरवानाहुएथेपुलिस की सूचना से मचा कोहरामपरिजनों के अनुसार, उन्हें पुलिस के माध्यम से सूचना मिली किदोयुवकों के शव रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में पड़े हैं। सूचना पाकर परिजन 26 अप्रैल को मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाठेकेदार पर सीधा आरोप और धमकी की



बातपूर्व प्रधान ताहिर हसन, मेहरबान अली, कल्लू हसन और मृतक महताब के पिता ने आरोप लगाया कि उक्त ठेकेदार ने पहले भी युवकों के साथ गाली-गलौज और दुर्व्यवहार किया था परिजनों का कहना हैहमें पूरा यकीन है कि हमारे बच्चों की हत्या की गई है। इस दुखद घटना के बाद भी ठेकेदार ने मदद करना तो दूर, परिजनों से संपर्क करना भी मुनासिब नहीं समझा। उल्टा यह सुनने में आ रहा है कि ठेकेदार धमकी दे रहा है कि श्मैं किसी से नहीं डरता, जिसे जो करना है कर लेन्याय के लिए पंजाब कूच करेंगे परिजनमृतकों के परिवार में इस घटना के बाद से गहरा रोष है। परिजनों ने स्पष्ट किया है कि वे कल खन्ना (पंजाब) के लिए रवाना होंगे और संबंधित थाने में आरोपी ठेकेदार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराएंगे। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है

**भगवानपुर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

आशू मलिक (संवाददाता भगवानपुर)
कार्यालय : जिला पंचायत मार्किट भगवानपुर,
मोबाइल नं0 9761496669

# ट्रम्प की धमकी

होर्मुज को लेकर अमेरिका किस हद तक जा सकता है, इसका ताजा उदाहरण अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा ईरान को दी गई वह धमकी है जिसमें उन्होंने कहा है कि ऐसा तूफान आने जा रहा है, जिसे कोई रोक नहीं सकता। अब इसके पीछे उसका मकसद क्या है, यह तो वही जानें, क्योंकि ऐसा पहली बार नहीं है जो उन्होंने इस तरह की धमकी ईरान को दी है। वह तो ईरान को पाषाण युग तक में भेजने की बात कर चुके हैं, लेकिन ताजा धमकी ने तनाव को फिर चरम पर पहुंचा दिया है और माना जा रहा है कि आने वाले दस-पंद्रह घंटे बेहद महत्वपूर्ण हो सकते हैं। यह ट्रम्प की धमकी का ही परिणाम है कि कच्चे तेल के दाम भी एकाएक बढ़ गए हैं और 116 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए हैं। बाजार के जानकार दामों के और बढ़ने की बात कर रहे हैं। जाहिर है अगर यह स्थिति यूं ही चलती रही, जहां दुनिया में बेचैनी तो फैलेगी ही, साथ ही विश्व की अर्थव्यवस्था पर भी बेहद बुरा असर पड़ेगा। विशेषकर विकासशील देशों पर, जिनमें भारत भी एक है। अब तक जो वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान ढूंढने के प्रयास हुए हैं, वे परवान नहीं चढ़ सके हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में भी केवल एक बार ही सीधी वार्ता हुई है। दूसरी वार्ता के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन बात बनती दिखाई नहीं दे रही है। उसका कारण यही है कि दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं और अपने हितों के अनुसार ही आगे बढ़ना चाहते हैं। होर्मुज पर ईरानी नियंत्रण के जवाब में अमेरिका ने भी ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है, जिसके चलते अब ईरान से आयात-निर्यात रुक गया है। ईरान की संसद के स्पीकर गालिबाप ने सीधे धमकी भी दी है और कहा है कि यदि अमेरिका लंबे समय तक ईरान के नाकेबंदी करेगा, तो ईरान का धैर्य जवाब दे सकता है। जाहिर है वह यही कहना चाह रहे हैं कि वह कभी भी नाकेबंदी को तोड़ने के लिए सैनिक कार्रवाई कर सकते हैं। इस बीच खबर यह भी आई है कि चीन भी अब होर्मुज को लेकर काफी गंभीर दिखाई दे रहा है। उसने ईरान के नाकेबंदी की भी आलोचना की है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि चीन का 90 प्रतिशत तेल ईरान से ही आता है। ऐसे में अगर यह नाकेबंदी लंबे समय तक चलती है, तो चीन के हितों को सीधे चोट पहुंचेगी। रूस पहले ही ईरान के साथ खड़ा होने की बात कह चुका है और ईरान के होर्मुज पर नियंत्रण को सही ठहरा चुका है। जाहिर है अभी दोनों ही ओर से युद्ध की भाषा ही अधिक बोली जा रही है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के वातावरण में वार्ता का माहौल नहीं बन सकता। वार्ता का माहौल बनाने के लिए दोनों पक्षों को पहले कुछ इस तरह के कदम उठाने होंगे, जिससे अविश्वास की गहरी खाई को किसी तरह पाटा जा सके।

# एग्जिट पोल की सच्चाई : लोकतंत्र का आईना





प्रो. आर.के. जैन

जब आंकड़ों की चकाचौंध सच का मुखौटा पहनने लगे, तभी सवाल उठाना जरूरी हो जाता है 29 अप्रैल 2026 की वह शाम ठीक ऐसी ही थी। मतदान खत्म होते ही टीवी स्क्रीन पर एग्जिट पोल का सैलाब उमड़ पड़ा, मानो जनादेश पहले ही लिख दिया गया हो। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के दावे, असम में प्रचंड बहुमत की भविष्यवाणी, दक्षिण भारत में कड़े मुकाबले के संकेतकृहर चौनल अपनी कहानी गढ़ रहा था। इन आंकड़ों की चमक ने माहौल को रोमांचक जरूर बनाया, लेकिन भीतर ही भीतर एक संशय भी जन्म लेने लगा। क्या यह अनुमान सचमुच जनता के मन की गहराइयों को छू रहे हैं, या फिर यह केवल एक ऐसा परदा है जो सच्चाई को ढककर भ्रम का नया संसार रच रहा है?

जब पूर्वानुमान ही परिणाम बनने लगें, तब लोकतंत्र की दिशा पर सवाल उठना स्वाभाविक है एग्जिट पोल अब केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रभावशाली शक्ति हैं। यह आंकड़े दलों के आत्मविश्वास को बढ़ा-घटा सकते हैं, बाजार की दिशा तय कर सकते हैं और मतदाता की सोच प्रभावित कर सकते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़े अनुमान वास्तविक नतीजों से अलग रहे, जिससे केवल समीकरण ही नहीं, जनता का भरोसा भी डगमगाया। 2026 में भी वही तस्वीर है, जहां हर चैनल अपनी गणना से विजेता तय कर रहा है। ऐसे में चिंता बढ़ती है कि क्या हम इन अनुमानों से लोकतंत्र की सच्चाई समझ रहे हैं, या अनजाने में उसके मूल स्वरूप को कमजोर कर रहे हैं।

जब मतदाता का मन ही रहस्य बन जाए, तब उसे आंकड़ों में बांधना कठिन हो जाता है भारत जैसे विविध देश में यह पहेली और गहरी है। यहां निर्णय केवल विचारधारा पर नहीं, बल्कि जाति, क्षेत्र, स्थानीय मुद्दों, व्यक्तिगत अनुभवों और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं के मिश्रण पर आधारित होता है। कई बार मतदाता अपनी वास्तविक राय छिपा लेते हैं, जिससे एग्जिट पोल की सटीकता पर सवाल उठते हैं। 2021 और 2024 के चुनावों में 'साइलेंट वोटर' ने सभी अनुमानों को ध्वस्त कर दिया। 2026 में भी यह अनदेखी ताकत सक्रिय हो सकती है, जो किसी भी सर्वेक्षण को चुनौती दे सकती है। यही वह बिंदु है जहां एग्जिट पोल की सीमाएं स्पष्ट होती हैंकृवे आंकड़े दिखाते हैं, मन की गहराइयों को नहीं पढ़ पाते।

हर शोर में भ्रम नहीं होता कुछ आवाजें सच भी कहती हैं और एग्जिट पोल उसी सच की झलक बन सकते हैं। फिर भी यह कहना गलत होगा कि इनका कोई महत्व नहीं है। जब यह ईमानदारी और वैज्ञानिक पद्धति से किए जाते हैं, तो यह समाज के उन वर्गों की आवाज बनते हैं जो अक्सर मुख्यधारा से दूर रहते हैं। गांवों, कस्बों और हाशिए के समुदायों की राय सामने लाते हैं। यह लोकतंत्र की सकारात्मक झलक भी देते हैं, जहां हर आवाज मायने रखती है। चुनाव आयोग के नियम (सेक्शन 126A) इनके दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं, लेकिन टीआरपी की दौड़, राजनीतिक दबाव और व्यावसायिक हित अक्सर इन आदर्शों को कमजोर कर देते हैं, जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठने लगते हैं। जब सच का आईना टेढ़ा दिखने लगे, तब खतरा गहराना तय है एग्जिट पोल यदि वास्तविकता नहीं, उसका विकृत प्रतिबिंब बन जाएं तो असर दूर तक जाता है। जब यह अनुमान गलत साबित होते हैं, तो प्रभाव केवल राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के विश्वास पर भी पड़ता है। 2024 में दिखी आर्थिक और मानसिक अस्थिरता इस बात का प्रमाण है कि गलत अनुमान बड़ी कीमत वसूलते हैं। यदि 2026 के परिणाम भी इन पूर्वानुमानों से अलग निकलते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल होगा। तब यह पूछना लाजमी होगा कि क्या हम डेटा के नाम पर भ्रम को बढ़ावा दे रहे हैं? जब अनुमान की सीमाएं खुद स्वीकार हों, तब सटीकता पर सवाल स्वाभाविक है। भारत जैसे विशाल देश में भविष्यवाणी करना बेहद कठिन है।


सैंपलिंग की सीमाएं, जमीनी डेटा जुटाने की चुनौतियां और अंतिम क्षणों में मतदाता के मन में बदलाव यह सभी एग्जिट पोल की विश्वसनीयता को प्रभावित करते हैं। फिर भी यह पूरी तरह निरर्थक नहीं हैं। यह रुझान समझने का माध्यम देते हैं, दलों को रणनीति पर पुनर्विचार के लिए प्रेरित करते हैं और जनता को चर्चा का आधार देते हैं, लेकिन समस्या तब होती है जब इन्हें अंतिम सत्य मान लिया जाता है, जिससे भ्रम और अपेक्षाओं का टकराव पैदा होता है। जब मतदाता का फैसला हर बार अनुमान को चौंका दे, तब उसकी अप्रत्याशितता ही उसकी असली पहचान बन जाती है भारतीय मतदाता यही साबित करता आया है। इतिहास गवाह है कि यहां अंतिम क्षण का निर्णय कई बार सभी अनुमानों को धता बता देता है।

2004 और 2024 के चुनाव इसके स्पष्ट उदाहरण हैं। यह दिखाता है कि लोकतंत्र की असली ताकत किसी सर्वेक्षण में नहीं, बल्कि जनता की स्वतंत्र सोच और निर्णय क्षमता में है। एग्जिट पोल इस जटिलता को पूरी तरह नहीं समझ पाते, क्योंकि वे केवल सतह को छूते हैं, गहराई को नहीं। जब नजर संतुलित हो, तभी सच साफ दिखता है एग्जिट पोल को लेकर यही सबसे बड़ा समाधान है। यह न पूरी तरह गलत हैं, न पूरी तरह सही इनका मूल्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम इन्हें कैसे देखते हैं। यदि इन्हें संकेतक माना जाए, तो यह उपयोगी हैं।

लेकिन यदि अंतिम निर्णय मान लिया जाए, तो भ्रम पैदा करते हैं। 2026 के इन महत्वपूर्ण चुनावों में जरूरी है कि हम आंकड़ों की चमक से प्रभावित होने के बजाय वास्तविकता की प्रतीक्षा करें, क्योंकि लोकतंत्र की सच्ची तस्वीर वही होती है जो मतपेटियों से निकलती है, न कि वह जो स्क्रीन पर दिखाई जाती है।

## श्रीमुख से...

### मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई



ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है, सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा, आतंकवाद एक विकृत और विक्षिप्त मानसिकता से उत्पन्न होता है, यह मानवता पर एक काला धब्बा है, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं है, यह मूल रूप से मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है, यह एक बर्बर विचारधारा के खिलाफ संघर्ष है जो हर मानवीय मूल्य के सीधे विरोध में खड़ी है, हमने इस भारतीय दृष्टिकोण को देश के भीतर और विदेशों में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया है।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# इन गर्मियों में जानें सन टेन के घरेलू उपाय



शहनाज हुसैन

गर्मियों का मौसम हो और चेहरे पर धूप का असर ना दिखे ऐसा कम ही होता है, गर्मियों में सबसे ज्यादा लोग टैनिंग को लेकर परेशान रहते हैं हालांकि कुछ लोग चेहरे पर कपड़ा बांध कर निकलते हैं, लेकिन कड़कती धूप से बचने के लाख जतन करके भी इससे पूरी तरह बचना मुश्किल हो जाता है। गर्मियों में घर से बाहर निकलने पर या गर्मियों की छुट्टियों में समुद्र तट घूमते हैं तो आपकी त्वचा सूर्य की अल्ट्रा वायलेट किरणों के सम्पर्क में आने, प्रदूषण और गन्दगी के सम्पर्क में आने से सांवली पड़ जाती है। चेहरे पर सन टेन की वजह से चेहरे का सही रंग चला जाता है और चेहरे का आकर्षण भी खत्म हो जाता है जिससे चेहरा डल दिखाई देने लगता है।

इस मौसम में सन टेन से छुटकारा प्राप्त करने के लिए कई बार लोग बड़ी कम्पनियों के महंगे उत्पादों का उपयोग करते हैं लेकिन यह उत्पाद कई बार त्वचा के अनुकूल नहीं होते जिसकी बजह से त्वचा की अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। ऐसे में धूप से बचने के लिए आप कुछ होम मेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं जोकि आपकी त्वचा को मुलायम और कोमल बनाए रखेंगे।

**पपीता फेस पैक**

यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से काला पड़ गया है तो पपीते का फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है इसके लिए आप पका हुआ पपीता और निम्बू ले लें पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें और इसमें नीम्बू की कुछ बूंदे मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगा कर प्राकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकतीं हैं।

सन टेन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है। आप थोड़ा सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बुंदे शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा कर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह पैक सन टेन को हटाने के साथ ही त्वचा को पौषण भी देता है जिससे आपकी त्वचा कोमल बन जाती है।

**नींबू का फेस पैक**

नींबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नींबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिला कर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घण्टा लगा रहने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्रकृतिक तरीका है।

दूध में विद्यमान प्राकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्निसियम, कैल्शियम आदि त्वचा को पौषण प्रदान करते हैं। एक चम्मच चीनी और एक चमच्च नींबू जूस को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगा कर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं।

**खीरा**

गर्मियों में त्वचा के लिए बहुत सारे घरेलू नुस्खों में खीरा सबसे जरूरी सामग्री है। इसका एक शांत और ठंडा प्रभाव है। एक अच्छा खीरे का फेस पैक या आपकी आंखों पर कट-अप स्लाइस आपको आराम देगा। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत को भी हल्का करता है। आपको खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नींबू का रस और एक रुई चाहिए। जूस बनाने के लिए खीरे को कद्दूकस कर लें। उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा सा नींबू का रस निचोड़ लें। इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसे ठंडे पानी से धो लें। खीरे, पके पपीते के गूदे, दही में दो चम्मच ओट्स मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे, गर्दन और खुले स्थानों पर लगा लीजिए और आधा घण्टा बाद ताजे ठन्डे पानी से धो डालिए। इसे आप हफ्ते में दो बार लगा सकते हैं। दो चमच्च जई के आटे में थोड़ा सा मठहा मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर आधा घण्टा बाद साफ पानी से धो डालें।


पके केले को मैश करके इसमें एक चम्मच शहद और एक चमच्च ऑलिव आयल मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से चेहरे को धो डालें। तीन चमच्च एलो वेरा जैल, एक चमच्च हल्दी और दो चमच्च शहद को एक कटोरी में मिला कर पेस्ट बना लें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद पानी से धो डालें। इसे आप हफ्ते में एक दिन लगा सकती हैं। एलो वेरा जेल की कुछ बूंदें रोजाना चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत निखरती है और स्किन टेन की समस्या से निजात मिलती है। बेसन का आटा और दही को बराबर मात्रा में मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी डालकर पेस्ट बना लीजिए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से धो डालिए। एक चमच्च शहद, एक चमच्च संतरे का जूस और अण्डे का सफेद हिस्सा अच्छी तरह फेंट कर बने मिश्रण को चेहरे पर लगा कर बीस मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। एक कटोरी में एक चमच्च दही में एक चमच्च का रस मिलाएं ६इस पेस्ट को त्वचा पर लगाकर दस मिनट के लिए छोड़ दें और ताजे पानी से धो डालें।

एक आलू को कद्दूकश कर लें और इसका रस निकालकर त्वचा पर लगाएं और 15 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालें।

# मन की साधना ने ही बनाया राजकुमार सिद्धार्थ को महात्मा बुद्ध



योगेश कुमार गोयल




प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा इस वर्ष 1 मई को है। माना गया है कि 563 ईस्वी पूर्व वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। वैशाख मास की पूर्णिमा को ही 35 वर्ष की आयु में उन्होंने बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया। वैशाख पूर्णिमा को ही 80 वर्ष की आयु में गौतम बुद्ध ने उत्तर प्रदेश में कुशीनगर में हिरण्यवती नदी के तट पर महापरिनिर्वाण प्राप्त किया। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में वैशाख मास की पूर्णिमा को 'त्रिविध पावन पर्व' भी कहा गया है और संभवतः यही वजह है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। मान्यता है कि गौतम बुद्ध ने ही आज से करीब ढाई हजार वर्ष पूर्व बौद्ध धर्म की स्थापना की थी। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में महात्मा बुद्ध ने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए। उनका अंतिम उपदेश था कि सृजित वस्तुएं अस्थाई हैं, अतः विवेकपूर्ण प्रयास करो। उनका कहना था कि मनुष्य की सबसे उच्च स्थिति वही है, जिसमें न तो बुढ़ापा है, न किसी तरह का भय, न चिन्ताएं, न जन्म, न मृत्यु और न ही किसी तरह के कष्ट और यह केवल तभी संभव है, जब शरीर के साथ-साथ मनुष्य का मन भी संयमित हो, क्योंकि मन की साधना ही सबसे बड़ी साधना है।

गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। शाक्य वंश से संबंध होने के कारण उन्हें 'शाक्यों का संत' भी कहा गया। सिद्धार्थ के पिता राजा शुद्धोधन थे, जो कपिलवस्तु के शाक्यवंशीय राजा थे। कपिलवस्तु हिमालय की तराई में एक विशाल गणराज्य था, जो आज नेपाल में है। राजा शुद्धोधन की दो रानियां थीं, जिनमें महामाया बड़ी और प्रजापति गौतमी छोटी थीं। रानी महामाया जब गर्भवती हुई तो उस समय के शाक्य समाज के रीति रिवाजों के अनुसार प्रसव के लिए वह प्रजापति गौतमी के साथ अपने मायके देवदह जा रही थीं, किन्तु रास्ते में ही उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और लुम्बनी वन में ही शाल के दो वृक्षों के बीच उन्होंने एक अति सुंदर तेजस्वी पुत्र को जन्म दिया। पुत्र जन्म के पश्चात दोनों रानियां कपिलवस्तु लौट आईं। इसी बालक का नाम सिद्धार्थ रखा गया।

सिद्धार्थ के जन्म के कुछ ही समय पश्चात एक बहुत पहुंचे हुए संन्यासी ने राजा शुद्धोधन को बताया कि यह बालक या तो बहुत महान चक्रवर्ती सम्राट बनेगा या फिर समस्त सांसारिक मोह-माया का परित्याग कर एक महान संन्यासी बनेगा और विश्व का महान उद्धारक साबित होगा। बालक के संन्यासी बनने की बात सुनकर राजा शुद्धोधन बहुत चिंतित हुए। उन्होंने सिद्धार्थ को मोह-माया और सांसारिक सुखों की ओर आकर्षित करने के लिए उनके समक्ष भोग विलास तथा ऐश्वर्य के समस्त संसाधनों का ढेर लगा दिया, लेकिन सिद्धार्थ हमेशा शांत और ध्यानमग्न ही रहा करते। अतः यही सोचकर कि कहीं सिद्धार्थ का मन सांसारिक सुखों से उचाट होकर पूरी तरह से वैराग्य में ही न लग जाए, राजा शुद्धोधन ने कम उम्र में ही एक अतिसुंदर, सुशील, अति तेजस्वी सर्वगुण सम्पन्न राजकन्या यशोधरा के साथ उनका विवाह कर दिया। विवाह के पश्चात सिद्धार्थ गौतम को पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई और पुत्र का नाम रखा गया राहुल। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे, लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया, उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया और एक दिन वे मन की शांति पाने के उद्देश्य से भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े।



जम्मू-कश्मीर। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के समारोह के दौरान रेलवे ट्रैक पर दौड़ती हुई।

## अमेरिका जर्मनी में सैनिकों को कम करने पर विचार कर रहा: ट्रम्प

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान की जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ की आलोचना के बाद कहा है कि अमेरिका, जर्मनी में अपने सैनिकों को कम करने की संभावना पर विचार कर रहा है और इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी में सैनिकों की संभावित कटौती की समीक्षा कर रहा है, जिस पर आने वाले कुछ ही समय में निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि मर्ज़ ने सोमवार को नॉर्थ राइन-वेस्टफेलिया राज्य में छात्रों को संबोधित करते हुए स्वीकार किया था कि पश्चिमी देशों ने पश्चिमी एशिया संघर्ष के संदर्भ में ईरान को कम करके आंका है।

# सऊदी प्रिंस का सलाहकार बनना चाहता था एपस्टीन

### द्वीप पर 'मस्जिद' बनवाई, उसमें सोने का गुबंद, मक्का से कपड़े और उज्बेकिस्तान के टाइल्स लगवाए

**वाशिंगटन।** सेक्स अपराधी जेफ्री एपस्टीन सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का सलाहकार बनना चाहता था। उसने मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में कई साल तक अपने संबंध बनाए। वह एक तरफ बिजनेस के मौके ढूंढ रहा था, और दूसरी तरफ इस्लाम से जुड़ी दुर्लभ और धार्मिक चीजें भी इकट्ठा कर रहा था। उसने इन चीजों को अपने कैरेबियन द्वीप पर बनी एक विवादित इमारत को सजाने में इस्तेमाल किया, जिसे वह 'मस्जिद' कहता था।

उसने मक्का की काबा से किस्वा मंगवाई। किस्वा वह कपड़ा होता है जिस पर सोने से कुरान की आयतें कढ़ी होती हैं और इसे काबा पर चढ़ाया जाता है। इसके अलावा उज्बेकिस्तान की एक मस्जिद से हाथ से बनी टाइल्स लाई गईं। सोने का गुंबद भी बनाया गया, जिसकी डिजाइन पुराने सीरिया की इमारतों जैसी थी। एपस्टीन ने प्राइवेट आइलैंड पर नीले और सफेद रंग की धारियों वाली इमारत बनाई थी।

एपस्टीन का मकसद सिर्फ इस्लामी चीजें जुटाना नहीं था, बल्कि ताकतवर और अमीर लोगों से अपने रिश्ते भी मजबूत करना था। नार्वे के राजनयिक टेरजे रोड-लार्सन के जरिए एपस्टीन को सऊदी अरब के खास लोगों तक पहुंच मिली। इनमें क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, सलाहकार राफत अल सब्बाग और शाही सहयोगी अजीजा अल अहमदी शामिल थे। इसी नेटवर्क की मदद से उसे काबा से जुड़े खास कपड़े भी मिले थे। 2014 की एक फोटो में एपस्टीन न्यूयॉर्क में अपने घर के अंदर फर्श पर फैले ऐसे ही एक कपड़े को देख रहा है। उसके साथ अमीरात के बड़े कारोबारी सुल्तान अहमद बिन सुलयेम भी मौजूद थे। बाद में एपस्टीन से जुड़े होने की वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ा और उन्हें दुबई की बंदरगाह कंपनी डीपी वर्ल्ड के प्रमुख पद से इस्तीफा देना पड़ा। दस्तावेजों से उसके प्राइवलेंट आइलैंड लिटिल सेंट जेम्स पर बनी एक रहस्यमई इमारत का सच भी सामने आया। पहले इसे म्यूजिक रूम, मंडप, चैपल या कोई रहस्यमई मंदिर कहा जाता था, लेकिन उसके ईमेल और साथ काम करने वाले कलाकार की बातों से पता चला कि वह इसे 'मस्जिद' कहता था, हालांकि इसका इस्तेमाल कभी धार्मिक इबादत के लिए हुआ हो, इसका कोई सबूत नहीं है। इस प्रोजेक्ट पर काम करने वाले रोमानियाई कलाकार आयन निकोला ने भी बताया कि एपस्टीन इसे मस्जिद ही कहता था।



■ एपस्टीन ने मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में कई साल तक अपने संबंध बनाए

**2003:** उसने कहा था कि उसके पास बहुत बड़ा फारसी कालीन है जो शायद किसी मस्जिद से आया होगा

**2008:** जब वह जेल में था, तब भी उसने अपने द्वीप पर एक हमाम (तुर्की स्नानघर) और इस्लामी शैली के बगीचे बनाने की योजना बनाई थी

**2009:** जेल से बाहर आने से पहले उसने आर्किटेक्ट्स को ये डिजाइन तैयार करने के लिए कहा

**2011:** उसने उज्बेकिस्तान के एक संपर्क को लिखा कि उसे असली टाइल्स चाहिए जो मस्जिद की अंदरूनी दीवारों जैसी हों।

# ईरानी नौसेना कमांडर ने ट्रम्प को चताया

### अमेरिका सैन्य गतिविधियां और आगे बढ़ीं, तो तेहरान 'त्वरित कार्रवाई' करेगा: शाहराम ईरानी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के वरिष्ठ नौसैनिक कमांडर शाहराम ईरानी ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सैन्य गति. विधियां और आगे बढ़ीं तो तेहरान 'त्वरित कार्रवाई' करेगा। ईरानी सरकारी मीडिया और क्षेत्रीय रिपोर्टों के अनुसार यह बयान ऐसे समय में आया है जब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर सैन्य और आर्थिक टकराव लगातार गहरा रहा है।

कमांडर ईरानी ने अमेरिकी त्वरित सैन्य सफलता की धारणाओं को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ कुछ दिनों में युद्ध समाप्त करने की सोच अब 'सैन्य हलकों में उपहास' का विषय बन चुकी है। उन्होंने कहा कि ईरानी बल किसी भी संभावित विस्तार के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्टों के अनुसार ईरानी पक्ष ने संकेत दिया है कि अब तक संयम बनाए रखने का उद्देश्य कूटनीति के लिए अवसर खुला रखना था, लेकिन यदि अमेरिकी नाकेबंदी और दबाव जारी रहता है तो प्रतिक्रिया अधिक कठोर हो सकती है। दूसरी ओर, अमेरिकी केंद्रीय कमान ने दावा किया है कि उसकी समुद्री नाकेबंदी रणनीति प्रभावी रही है। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के अनुसार कई वाणिज्यिक जहाजों को रोका या उसका रास्ता बदला गया है और ईरानी तेल निर्यात पर महत्वपूर्ण आर्थिक दबाव डाला गया है। केंद्रीय कमान के कमांडर ब्रैड कूपर ने कहा कि आज, अमेरिकी सेनाओं ने एक अहम उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज़ को सफलतापूर्वक वापस भेज दिया। यह उस बेहतरीन काम का सबूत है जो अमेरिका के बेटे-बेटियां, अपनी वर्दी में, समुद्री व्यापार को ईरानी बंदरगाहों में आने या वहां से बाहर जाने से रोकने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 6.9 करोड़ बैरल कच्चा तेल ले जा रहे 41 तेल टैंकर अभी भी बाज़ारों तक पहुंचने में असमर्थ हैं, जिससे ईरान को अनुमानित छह अरब अमे. रिकी डॉलर के राजस्व का नुकसान हुआ है। दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी हाल के दिनों में नाकेबंदी को अपनी रणनीतिक सफलता बताया है, जबकि अमे. रिकी प्रशासन ईरान के परमाणु कार्यक्रम और समुद्री मार्ग नियंत्रण को लेकर सख्त रुख बनाए हुए है। ट्रंप ने कहा कि यह नाकाबंदी ज़बरदस्त है। यह नाकाबंदी 100 फ़ीसदी अचूक रही है। इससे पता चलता है कि हमारी नौसेना कितनी बेहतरीन है, मैं आपको यह बता सकता हूं।

कोई भी अब कोई खेल नहीं खेलेगा। हमारे पास दुनिया की सबसे बेहतरीन सेना है, और इसका ज़्यादातर हिस्सा मैंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान तैयार किया था, और तब से हम इसे और भी मज़बूत बना रहे हैं। यह दुनिया में कहीं भी मौजूद किसी भी सेना से सबसे बेहतरीन है। इसके आस-पास भी कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला वालों के पास भी अच्छी सेना थी, लेकिन वहां हमने एक दिन में ही अपना काम खत्म कर लिया। दरअसल 48 मिनट में ही काम हो गया था। ईरान में भी ऐसा ही है। सैन्य मोर्चे पर हमने उनका काम तमाम कर दिया है। उनकी कोई सेना नहीं बची। उनकी नौसेना समंदर की तह में पहुंचा दी जा चुकी है। वायुसेना कभी उड़ नहीं सकेगी। इसी बीच ईरान ने कथित रूप से सशर्त युद्धविराम और चरणबद्ध तनाव-नियंत्रण के प्रस्ताव दिए हैं, जिनमें नाकेबंदी हटाने और शत्रुता समाप्त करने जैसे बिदु शामिल बताए जा रहे हैं।



■ ईरानी बल किसी भी संभावित विस्तार के लिए पूरी तरह तैयार हैं
■ लगभग 6.9 करोड़ बैरल कच्चा तेल ले जा रहे 41 तेल टैंकर अभी भी बाज़ारों तक पहुंचने में असमर्थ हैं

## अमेरिकी नाकेबंदी से ईरान के तेल उत्पादन में कोई व्यवधान नहीं: गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगर गालिबाफ ने गुरुवार को ईरान के तेल निर्यात को रोकने के अमेरिकी प्रयासों के प्रभाव को खारिज करते हुए कहा कि बढ़ते दबाव के बावजूद देश का ऊर्जा बुनियादी ढांचा अप्रभावित है। गालीबाफ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कथित नाकेबंदी के बाद भी तेल उत्पादन में कोई व्यवधान नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान का उल्लेख करते हुए लिखा कि तीन दिन हो गए, कोई तेल का कुआं नहीं फटा। जरूरत पड़ने पर ईरान 30 दिनों तक परिचालन जारी रख सकता है। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि ईरान की तेल बिक्री को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से किये गये अमेरिकी उपायों ने देश की भंडारण क्षमता को उसकी सीमा तक नहीं धकेला है।

## हिजबुल्लाह के साथ कोई युद्धविराम नहीं है, इजरायली चीफ ऑफ स्टॉफ

**तेल अवीव।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल ईयाल ज़मीर ने पुष्टि की है कि दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ 'कोई युद्धविराम नहीं' है तथा लेबनान के साथ दो सप्ताह से लागू युद्धविराम के बीच इस कट्टरपंथी संगठन के साथ समानांतर युद्ध जारी है। चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, ज़मीर की यह टिप्पणी इजरायल के उन प्रयासों के बीच आई है जिसमें वह अमेरिका से लेबनानी सरकार के साथ अपनी ऐतिहासिक प्रत्यक्ष वार्ता को दो सप्ताह की समय सीमा तक सीमित करने और वार्ता विफल होने पर हिजबुल्लाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर आईडीएफ अभियान को मंजूरी देने का आग्रह कर रहा है। इजरायल और लेबनान के बीच अमेरिका की मध्यस्थता वाला युद्धविराम 17 अप्रैल को शुरू हुआ था, जिसे 24 अप्रैल को अतिरिक्त तीन सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उस समय इसकी घोषणा की थी।

# ब्रिटिश किंग चार्ल्स से मिले न्यूयॉर्क मेयर ममदानी

■ मुलाकात से पहले कहा था: कोहिनूर भारत को लौटाने बोलूंगा, यह हीरा 177 साल से ब्रिटेन के पास

**न्यूयॉर्क।** ब्रिटिश किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात की। यह शाही जोड़ा 9/11 मेमोरियल पहुंचा था जहां उन्होंने 11 सितम्बर 2001 के आतंकी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। खास बात यह है कि इस मुलाकात से कुछ घंटे पहले ममदानी ने कहा था कि अगर उन्हें किंग चार्ल्स से अलग से बात करने का मौका मिला, तो वे कोहिनूर हीरा भारत को लौटाने की बात उठाएंगे।

हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि इस छोटी बातचीत के दौरान ममदानी ने यह मुद्दा उठाया या नहीं। उनके आफिस से भी इस पर तुरंत कोई जवाब नहीं मिला। कोहिनूर वही हीरा है जो ब्रिटेन के शाही ताज में जड़ा है और टावर आफ लंदन में रखा गया है। यह 177 साल से ब्रिटेन के पास है। भारत ने ब्रिटेन के सामने कई बार कोहिनूर हीरे पर अपना कानूनी हक होने का दावा किया है। को. हिनूर हीरा 1849 से ब्रिटेन के पास है। द्वितीय एंग्लो-सिख युद्ध में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी से सिख साम्राज्य के हारने के बाद अंग्रेजों ने पूरे पंजाब पर कब्जा कर लिया। उस समय सिख साम्राज्य के शासक दलीप सिंह थे, जिनकी उम्र सिर्फ 10 साल थी। युद्ध हारने के बाद अंग्रेजों ने उनसे लाहौर की संधि पर हस्ताक्षर करवाए। इस संधि की शर्तें बहुत सख्त थीं। इसके तहत पंजाब को ब्रिटिश शासन के अधीन कर दिया गया और साथ ही कोहिनूर हीरा भी अंग्रेजों को सौंपना पड़ा। इसके बाद यह हीरा ब्रिटेन पहुंचा और क्वीन विक्टोरिया को दे दिया गया। को. हिनूर हीरे का इतिहास विवादों से भरा रहा है। कहा जाता है कि साल 1526 में हुमायूं ने आगरा किला पर हमला किया था। इसे जीतने पर बड़े पैमाने में खजाने के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध कोहिनूर हीरा भी मिला था। बाबरनामा के मुताबिक, कोहिनूर हीरा इतना कीमती था कि इससे पूरी दुनिया को ढाई दिन का भोजन करवाया जा सकता था। 1739 में ईरानी शासक नादिर शाह ने आक्रमण किया।

## होर्मुज स्ट्रेट की अमेरिकी घेराबंदी जारी

■ सेंटकॉम अमेरिकी केंद्रीय कमान ने ईरान पर हमला करने के लिए हाइपरसोनिक मिसाइल की मांग की

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने बुधवार को हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की को. शिश कर रहे 42वें जहाज का रास्ता रोक दिया और उसे दूसरे मार्ग पर रवाना कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस समुद्री मार्ग की घेराबंदी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

'एक्स' पर सेंटकॉम की ओर से पोस्ट बयान के अनुसार, एडमिरल कूपर ने कहा कि आज, अमेरिकी सेना ने घेराबंदी का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज का सफलतापूर्वक मार्ग बदलकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है--- यह घेराबंदी अत्यंत प्रभावी है और अमेरिकी सेना इसे पूर्ण रूप से लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को हॉर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों किनारों पर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और वहां से निकलने वाले सभी समुद्री यातायात की घेराबंदी शुरू कर दी थी। इस मार्ग से दुनिया के तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति होती है। अमेरिका का तर्क है कि गैर-ईरानी जहाज हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए स्वतंत्र हैं, जब तक कि वे तेहरान को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देते। ईरानी अधिकारियों ने अभी तक शुल्क लगाने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

## पूर्व एफबीआई निदेशक ने मुझे मारने के लिए कोड भाषा में संदेश भेजे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के पूर्व निदेशक जेम्स कोमी की एक पोस्ट की आलोचना करते हुए दावा किया कि कोमी ने उनकी हत्या का खुफिया संदेश साझा किया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर '86 47' वाक्यांश का उल्लेख करते हुए इसे एक 'माफिया शब्द' (मॉब टर्म) बताया। उन्होंने दावा किया कि '86' का उपयोग अपराधियों द्वारा हत्या के लिए किया जाता है, जबकि '47' का मतलब अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति यानी स्वयं ट्रम्प हैं।

# पुतिन-ट्रम्प के बीच हुई लंबी फोन वार्ता

### ईरान संकट, यूक्रेन युद्ध और द्विपक्षीय संबंधों पर दोनों नेताओं ने की विस्तृत चर्चा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच डेढ़ घंटे से अधिक समय तक फोन पर चली महत्वपूर्ण वार्ता में ईरान संकट, यूक्रेन संघर्ष और रूस-अमेरिका संबंधों सहित कई वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

क्रेमलिन के अनुसार बातचीत सौहार्दपूर्ण, स्पष्ट और व्यावसायिक रही। पुतिन ने ईरान संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति रूस की प्रतिबद्धता दोहराई और ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर मतभेद कम करने के लिए कई प्रस्ताव रखे। करीब 90 मिनट तक चली इस बातचीत में पुतिन ने स्पष्ट चेता. वनी दी कि यदि अमेरिका और इज़रायल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई फिर शुरू करते हैं, तो इसके गंभीर परिणाम केवल ईरान या उसके पड़ोसियों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरी अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने विशेष रूप से ईरानी भूमि पर किसी भी जमीनी अभियान को 'अस्वीकार्य और अत्यंत खतरनाक' बताया। पुतिन ने वार्ता की शुरुआत में 25 अप्रैल को वॉशिंगटन हिल्टन होटल में ट्रम्प पर हुए कथित हमले के प्रयास के बाद उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त की और राजनीतिक हिंसा की निंदा की। उन्होंने इस बात का ज़िक्र किया कि न तो ट्रम्प, न ही उनकी पत्नी और न ही उनके साथ आये किसी सदस्य को कोई नुकसान पहुंचा। साथ ही, उन्होंने हमलावर को बेअसर करने में सुरक्षा सेवाओं की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। पुतिन ने राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा के सभी रूपों की भी कड़ी निंदा की। रूस के राष्ट्रपति ने इसके अतिरिक्त यह भी कहा कि उनकी शुभकामनाएं 'फर्स्ट लेडी' तक पहुंचाई जाएं। उन्होंने इस बात का ज़्क्रि किया कि यह घटना 26 अप्रैल को उनके जन्मदिन के आस-पास ही हुई थी, और रूसी तथा यूक्रेनी बच्चों को उनके परिवारों से फिर से मिलाने के प्रयासों में उनकी भूमिका का भी उल्लेख किया।



■ पुतिन ने राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा के सभी रूपों की भी कड़ी निंदा की

## अमेरिकी सांसद ने पूछा: क्या ट्रम्प की दिमागी हालत ठीक है

**वाशिंगटन।** अमेरिका की हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की सुनवाई के दौरान एक बड़ा राजनीतिक विवाद सामने आया। डेमोक्रेट सांसद सारा जैकब्स ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मानसिक स्थिति को लेकर सवाल पूछ लिया। जैकब्स ने अपने सवाल के दौरान ट्रम्प के सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर किए गए हाल के पोस्ट का जिक्र किया और उनकी भाषा की आलोचना की। इसी दौरान उनके पीछे खड़े एक सहायक ने ट्रम्प के पुराने पोस्ट के कटआउट भी दिखाए। इनमें वह विवादित ईशु वाली एआई पोस्ट भी शामिल था, जिसे बाद में हटा दिया गया था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाईना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)